Title Code :- RAJHIN27855

दैनिक
# द डेस्प्रिंग

@tdnnewsindia
@tdn_thedayspringnews
@the Dayspring news
@thedayspring
@tdnnewsindia

वर्षः 4 अंकः259 मूल्यः 3 रू पेजः 8 जयपुर, रविवार/ 12 अक्टूबर /2025 जयपुर से प्रकाशित (सीकर, जोधपुर, कोटा, भरतपुर, सिरोही से प्रसारित)

## बंगाल में फिर रेप, तीन लोगों ने की दरिंदगी

● दुर्गापुर में मेडिकल स्टूडेंट को कैंपस के बाहर से घसीटकर ले गए ● जंगल में दिया वारदात को अंजाम, साथ में दोस्त था, वह भाग गया

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में एक मेडिकल स्टूडेंट के साथ शुक्रवार को गैंगरेप हुआ। पीड़ित अपने एक पुरुष दोस्त के साथ डिनर पर गई थी। वापस लौटते समय 3 लोगों ने उनका रास्ता रोका। छात्रा का दोस्त उसे छोड़कर भाग गया, जिसके बाद आरोपियों ने उससे दरिंदगी की। पुलिस ने शनिवार को बताया कि पीड़ित ओडिशा के जलेश्वर की रहने वाली है और दुर्गापुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज में सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। यह घटना मेडिकल कॉलेज कैंपस के बाहर हुई। मेडिकल छात्रा का पास के एक अस्पताल में इलाज चल रहा है। छात्रा रात करीब 8.30 से 9 बजे बाहर गई थी। रात करीब 10 बजे वापस लौटते समय गैंगरेप की घटना हुई। छात्रा के माता-पिता को देर रात मामले की जानकारी दी गई। वे आज सुबह दुर्गापुर पहुंचे और दुर्गापुर न्यू टाउनशिप थाने में अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया। छात्रा बोली-




आरोपियों ने फोन वापस करने के लिए पैसे मांगे पुलिस के मुताबिक, छात्रा ने बताया कि जब तीन लोगों ने उसका रास्ता रोका, तो उसका दोस्त उसे अकेला छोड़कर चला गया। फिर आरोपियों ने उसका फोन छीन लिया और उसे जंगल में ले गए, जहां तीनों ने उसके साथ रेप किया। आरोपियों ने घटना के बारे में किसी को बताने पर छात्रा को अंजाम भुगतने की धमकी भी दी। फिर उसका मोबाइल फोन वापस करने के लिए पैसे भी मांगे। पुलिस ने बताया कि उन्होंने पीड़ित छात्रा का बयान दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि कल रात पीड़ित की दोस्त से भी पूछताछ की गई है। सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रहे हैं। सबूत इकट्ठा करने के लिए एक फोरेंसिक टीम घटनास्थल का दौरा करेगी। अभी तक मामले में किसी आरोपी की पहचान या गिरफ्तारी नहीं हुई है। मेडिकल कॉलेज के कर्मचारियों से भी पूछताछ हो रही है। छात्रा के पिता बोले- कॉलेज में सुरक्षा नहीं है।

## नागपुर की तर्ज पर संवरेगा ग्वालियर का नौरोगेज म्यूजियम



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ग्वालियर के तानसेन रोड पर स्थित नैरोगेज म्यूजियम को संवारने का काम जल्द शुरू हो सकता है। कुछ दिन पहले केंद्रीय मंत्री ज्योदिरादित्य सिंधिया ने इस म्यूजियम का निरीक्षण किया था। वहीं, अब रेलवे बोर्ड की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर हेरिटेज आशिमा मेहरोत्रा और डिप्टी डायरेक्टर हेरिटेज राजेश कुमार ने भी म्यूजियम का दौरा किया है। बीजेपी नेता सुधीर गुप्ता ने रेलवे बोर्ड के चेयरमैन सतीश कुमार को ज्ञापन सौंपा है। इस म्यूजियम को नागपुर के नैरोगेज म्यूजियम की तर्ज पर बनाने का आग्रह किया गया था। रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने इस ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए म्यूजियम का निरीक्षण किया है। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर आशिमा मेहरोत्रा ने नैरोगेज हेरिटेज संग्रहालय के साथ ही लोको शेड का भी निरीक्षण किया। आशिमा मेहरोत्रा के अनुसार, इस हेरिटेज बिल्डिंग को रेनोवेशन की जरूरत है। इसे संग्रहालय के तौर पर विकसित किया जाएगा। इसके लिए बिल्डिंग में संचालित होने वाले एडीईएन, एडीईई तथा एसीएम आफिस को दूसरी जगह पर शिफ्ट किया जाएगा। सिंधिया स्टेट के दौर में 1885 में निर्मित नैरोगेज म्यूजियम ऐतिहासिक महत्व रखता है। हेरिटेज बिल्डिंग के पास जीर्ण-शीर्ण क्वार्टर को हटाकर वहां म्यूजियम का विस्तार किया जा सकता है। पर्यटक स्थल की तरह यह विस्तार नागपुर नैरोगेज हेरिटेज म्यूजियम की तरह होगा। नैरोगेज म्यूजियम के अलावा रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने घोसीपुरा से लेकर मोतीझील तक नैरोगेज ट्रैक का भी निरीक्षण किया। काफी समय से ट्रेन चलाने की मांग की जा रही है।

● सिंधिया के बाद रेलवे बोर्ड के अधिकारियों ने किया निरीक्षण

## दीवाली से पहले 42 हजार करोड़ की कृषि योजनाओं का तोहफा

● पीएम बोले-पहले की सरकारों ने किसानों को अपने हाल पर छोड़ा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दीवाली से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों को बड़ा तोहफा दिया है। पीएम मोदी ने दिल्ली के पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान से 42000 करोड़ रुपये की योजनाओं का शुभारंभ किया। पीएम मोदी ने किसानों को बड़ी सौगात देते हुए 24000 करोड़ रुपये वाली पीएम धन धान्य कृषि योजना और 11,440 करोड़ के दलहन उत्पादकता मिशन का शुभारंभ किया है। दिल्ली में आयोजित इस कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा आज पीएम धन-धान्य कृषि योजना का शुभारंभ किया गया है। इस योजना में सरकार के 36 योजनाओं को एक साथ जोड़ जा रहा है।



● **किसानों का भाग्य बदलने का काम करेंगी दोनों योजनाएं**– दिल्ली के पूसा स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान से किसानों के लिए एक साथ दो योजनाओं को लॉन्च करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि ये दो योजनाएं भारत के किसानों का भाग्य बदलने का काम करेंगी। पीएम मोदी ने कहा कि इन योजनाओं पर सरकार करीब 35 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च करने वाली है।

● **दूध उत्पादन में नंबर वन भारत, दलहन आत्मनिर्भरता मिशन**– पीएम मोदी ने आगे कहा, बीज से लेकर बाजार तक अनगिनत सुधार किए गए। जिसके परिणामस्वरूप आज दूध उत्पादन में भारत नंबर एक पर है। भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मछली उत्पादक है। भारत में शहद उत्पादन 2014 की तुलना में दोगुना हो गया है। देश में 6 बड़ी फर्टिलाइजर फैक्ट्रियां बनाई गई हैं। 25 करोड़ से ज्यादा सॉइल हेल्थ कार्ड किसानों को दिए गए हैं। 100 लाख हेक्टेयर में सूक्ष्म सिंचाई की सुविधा पहुंची है। पीएम फसल बीमा योजना से करीब 2 लाख करोड़ रुपए क्लेम के रूप में किसानों को मिले हैं। बीते 11 वर्षों में 10 हजार से ज्यादा किसान उत्पाद संघ एफपीओ बने। पीएम मोदी ने दलहन आत्मनिर्भरता मिशन की भी शुरुआत कर दी है।

## आरएसएस जैसी संस्था केवल नागपुर में बन सकती थी

### भागवत बोले-यहां पहले से त्याग और समाज सेवा की है भावना

**नागपुर (एजेंसी)।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ चीफ मोहन भागवत ने कहा, देश में कई लोग हिंदुत्व पर गर्व करते थे और हिंदू एकता की बात करते थे, लेकिन आरएसएस जैसी संस्था केवल नागपुर में ही बन सकती थी। यहां पहले से ही त्याग और समाज सेवा की भावना थी।

उन्होंने कहा- आरएसएस ने हाल ही में दशहरे पर अपने 100 साल पूरे किए। इसकी स्थापना साल 1925 में नागपुर में डॉ. हेडगेवार ने की थी। संगठन का उद्देश्य समाज में अनुशासन, सेवा, सांस्कृतिक जागरुकता और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना पैदा करना था।

शुक्रवार को नागपुर में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा छत्रपति शिवाजी महाराज ने स्वराज की स्थापना अपने लिए नहीं, बल्कि ईश्वर,



धर्म और राष्ट्र के लिए की थी। उन्होंने लोगों को एक महान उद्देश्य के लिए जोड़ा। उनकी एकता की भावना ने समाज को ताकत दी। जब तक उनके आदर्श जीवित रहे, तब तक समाज में प्रगति और विकास होता रहा। उनके विचारों ने आगे चलकर 1857 के स्वतंत्रता संग्राम तक को प्रेरित किया। संघ चीफ ने कहा कि ब्रिटिश शासन ने योजनाबद्ध तरीके से उन प्रतीकों और परंपराओं को खत्म करने की कोशिश की, जो भारतीयों को एकजुट करती थीं। इसलिए इतिहास से सीखें और उन लोगों की निस्वार्थ भावना को याद रखें, जिन्होंने समाज और देश के हित के लिए काम किया। 2 अक्टूबर को विजयादशमी के मौके पर संघ के शताब्दी समारोह (100 वीं) पर मोहन भागवत ने कहा था कि पहलगाम हमले में आतंकियों ने धर्म पूछकर हिंदुओं की हत्या की।

हमारी सरकार और सेना ने इसका जवाब दिया। इस घटना से हमें दोस्त और दुश्मन का पता चला। उन्होंने कहा था कि हमें अंतरराष्ट्रीय संबंधों में समझ रखनी होगी। पहलगाम घटना हमें सिखा गई कि भले ही हम सभी के साथ दोस्ती का भाव रखते हैं और रखेंगे, लेकिन हमें अपनी सुरक्षा के प्रति और अधिक सजग, समर्थ रहना पड़ेगा। भागवत ने 41 मिनट के भाषण में समाज में आ रहे बदलाव, सरकारों का रवैया, लोगों में बेचैनी पर बात की। संघ प्रमुख ने कहाकि आरएसएस ने देश के लिए कई तरह की कुर्बानियां दी हैं।

## पहले सिंधु समझौता रद्द किया, अब दिया दूसरा झटका

● चिनाब नदी पर सावलकोट प्रोजेक्ट को मिल गई मंजूरी ● पाक के बुरे दिन तय, नदियों के जल पर बढ़ेगा टकराव

**श्रीनगर (एजेंसी)।** भारत सरकार ने जम्मू-कश्मीर के रामबन जिले में चेनाब नदी पर बनने वाले 1856 मेगावॉट के सावलकट जलविद्युत परियोजना को पर्यावरणीय मंजूरी दे दी है। यह परियोजना रणनीतिक दृष्टि से बेहद अहम मानी जा रही है, खासकर ऐसे समय में जब भारत ने पाकिस्तान के साथ इंडस वाटर ट्रीटी यानी सिंधु जल संधि को निलंबित कर रखा है। करीब चार दशक से अटकी यह परियोजना अब फिर से गति पकड़ने जा रही है। इसे राष्ट्रीय



जलविद्युत निगम दो चरणों में बनाएगा। परियोजना की अनुमानित लागत 31,380 करोड़ रुपये है और इसके तहत चेनाब नदी के जल का उपयोग रामबन, रियासी और ऊधमपुर जिलों में किया जाएगा। सावलकट परियोजना में 192.5 मीटर ऊंचा रोलर-कंपैक्टेड ग्रेविटी डैम बनाया जाएगा। इसके साथ ही एक अंडरग्राउंड पावरहाउस (भूमिगत विद्युत गृह) स्थापित किया जाएगा, जिसमें मशीन हॉल, टर्बाइन और जेनरेटर जैसी मुख्य इकाइयां होंगी।

● **1960 की संधि और भारत का अधिकार**– 1960 में साइन की गई इंडस वाटर ट्रीटी के तहत तीन पूर्वी नदियां– रावी, ब्यास और सतलुज भारत को दी गई थीं, जबकि तीन पश्चिमी नदियां– सिंधु, झेलम और चेनाब पाकिस्तान को आवंटित की गईं। हालांकि, भारत को इन पश्चिमी नदियों के जल का सीमित उपयोग गैर–उपभोगी कार्यों जैसे रन–ऑफ–द–रिवर हाइड्रोपावर उत्पादन, नौवहन और मत्स्य पालन के लिए करने की अनुमति है। भारत ने पहलगाम हमले के बाद इस संधि को निलंबित कर दिया था।

## तेजस्वी-राहुल का गेम बिगाड़ेंगे ओवैसी!

● 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी, पहले से 5 गुना ज्यादा

**पटना (एजेंसी)।** बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) और इंडिया (महागठबंधन) से इतर एक तीसरे मोर्चे की पहल ऑल इंडिया



मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की ओर से की जा रही है, जिसकी कमान पार्टी प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने खुद संभाली है। एआईएमआईएम ने शनिवार को कहा कि वह आगामी राज्य विधानसभा चुनावों में लगभग 100 सीटों पर चुनाव लड़ने की योजना बना रही है, जो पिछले चुनावों में लड़ी गई सीटों से पांच गुना ज्यादा है। पार्टी के इस ऐलान के बाद तेजस्वी यादव और राहुल गांधी के नेतृत्व वाले इंडिया गठबंधन का गेम बिगड़ सकता है।

इससे अल्पसंख्यक वोटों में बंटवारा होने की संभावना है। हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी की पार्टी ने दावा किया कि उसका लक्ष्य बिहार में एक तीसरा विकल्प तैयार करना है, जहां वर्षों से राजनीति भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए और कांग्रेस-राजद गठबंधन के इर्द-गिर्द घूमती रही है।

● **सीमांचल की पांच सीटों पर मिली थी जीत**– एआईएमआईएम ने 2015 में पहली बार बिहार विधानसभा चुनाव में किस्मत आजमाई थी। पार्टी ने सीमांचल की छह सीटों पर उम्मीदवार उतारे थे, लेकिन उसे कोई सफलता नहीं मिली। हालांकि, किशनगंज के कोचाधामन विधानसभा सीट से पार्टी के उम्मीदवार और मौजूदा प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान को करीब 37 हजार वोट मिले थे, जो कुल मतों का लगभग 26 प्रतिशत था।

## भारत ने सस्ता तेल देने वाले मित्र रूस से निभाई दोस्ती

● हिंदुस्तान के मोबिल से ताकत पा रहे सुखोई फाइटर जेट, यूक्रेनी लाल

**मॉस्को/कीव (एजेंसी)।** यूक्रेन के एक थिंक टैंक ने आरोप लगाया है कि भारत, रूसी लड़ाकू विमानों की क्षमता बढ़ाने वाले तेल की सप्लाई कर रहा है। ब्रिटिश अखबार द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट में कीव स्थित एक थिंक टैंक के हवाले से दावा किया गया है कि दिल्ली और मुंबई स्थित आधा दर्जन से ज्यादा भारतीय कंपनियों, आपूर्तिकर्ताओं और निर्माताओं ने 2024 में रूस को ईंधन एडिटिव की सप्लाई की है। थिंक टैंक इकोनॉमिक सिक्योरिटी काउंसिल ऑफ यूक्रेन ने आरोप लगाया है, कि भारत अब रूस के लड़ाकू विमानों के लिए उपयोग होने वाले ईंधन एडिटिव का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया है। एजेंसी ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि दिल्ली और मुंबई स्थित आधा दर्जन से ज्यादा भारतीय कंपनियों ने 2024 में रूस की तरफ से खरीदे गये ईंधन एडिटिव के लगभग आधे हिस्से की आपूर्ति की है। इन एडिटिव्स का इस्तेमाल एविएशन ईंधन में किया जाता है, ताकि विमानों की क्षमता बेहतर हो।



## अफगानी मंत्री की प्रेस कान्फ्रेंस में सियासी कोहराम

● महिला पत्रकारों की रोक पर बवाल, विपक्ष हो गया लाल ● प्रियंका बोलीं-महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया गया



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी की दिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों की एंट्री पर रोक लगाने पर विवाद हो गया है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने पीएम मोदी से पूछा- भारत में हमारे ही देश की कुछ सबसे सक्षम महिलाओं का अपमान कैसे होने दिया गया, जबकि महिलाएं ही देश की रीढ़ और गौरव हैं। वहीं, विवाद बढ़ने पर भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा कि अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की प्रेस कॉन्फ्रेंस में उनका कोई रोल नहीं था। न ही उनकी तरफ से पत्रकारों को बुलाया गया था। यह प्रेस कॉन्फ्रेंस अफगानी एंबेसी में हुई थी। विदेश मंत्रालय ने कहा- जब अफगानिस्तानी मंत्री दिल्ली आए तो मुंबई स्थित अफगानिस्तान के काउंसिल



जनरल ने ही 10 अक्टूबर को चुनिंदा पत्रकारों को आमंत्रण भेजा था। अफगान दूतावास भारत सरकार के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। बता दें कि अफगानी विदेश मंत्री 9 से 16 अक्टूबर तक भारत दौरे पर हैं। भारत दौरे पर अफगानी मंत्री, सिर्फ पुरुष पत्रकारों से बात की अफगानिस्तान के कार्यवाहक विदेश मंत्री अमीर मुत्तकी 9 अक्टूबर से भारत दौरे पर हैं। उन्होंने शुक्रवार को दिल्ली में भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ द्विपक्षीय वार्ता की। दोनों मंत्रियों की मीटिंग के बाद कोई जॉइंट प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं हुई। अफगानी मंत्री ने अकेले अफगानिस्तान दूतावास में मीडिया से बात की। हालांकि, इस प्रेस कॉन्फ्रेंस में केवल चुनिंदा पुरुष पत्रकार और अफगान दूतावास के अधिकारी ही शामिल हुए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में एक भी महिला पत्रकार नहीं थी। कई महिला पत्रकारों ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि उन्हें एंट्री ही नहीं दी गई। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मुत्ताकी के साथ आए तालिबान अधिकारियों ने ही ये तय किया था कि प्रेस कॉन्फ्रेंस में कौन शामिल होगा।

### राहुल समेत कई विपक्ष नेताओं ने पीएम पर निशाना साधा

राहुल गांधी–पीएम मोदी, जब आप महिला पत्रकारों को सार्वजनिक मंचों से बाहर रखने की इजाजत देते हैं, तो आप भारत की हर महिला को यह बता रहे होते हैं कि आप बहुत कमजोर हैं और उनके लिए खड़े नहीं हो सकते। इस तरह के भेदभाव पर आपकी चुप्पी नारी शक्ति पर आपके नारों की खोखलीपन को उजागर करती है। पी चिदंबरम– मुझे इस बात पर हैरानी है कि अफगानिस्तान के अमीर खान मुत्ताकी की प्रेस कॉन्फ्रेंस में महिला पत्रकारों को शामिल नहीं किया गया। मुझे लगता है कि जब पुरुष पत्रकारों को पता चला कि उनकी महिला सहकर्मियों को नहीं बुलाया गया है, तो उन्हें बाहर चले जाना चाहिए था। महुआ मोइत्रा–एक भारतीय मुस्लिम अपनी छत पर नमाज नहीं पढ़ सकता, पैगंबर से प्यार का इजहार नहीं कर सकता है, लेकिन एक विदेशी मुस्लिम कट्टरपंथी अपनी आस्था के नाम पर हमारी जमीन पर हमारी औरतों के साथ हमारे कानूनों और मूल्यों का उल्लंघन करते हुए भेदभाव कर सकता है। इसके बारे में जरा सोचिए।

# शेखावाटी विश्वविद्यालय की टीम प्रथम, तीन विद्यार्थी राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए चयनित

## कुलगुरु प्रो. अनिल कुमार राय ने दी शुभकामनाएं और अग्रिम बधाई

द डेस्प्रिंग

**सीकर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय, सीकर के तत्वावधान में ग्रामीण महिला शिक्षण संस्थान, सीकर में अंतर महाविद्यालय योग चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शेखावाटी विश्वविद्यालय की पुरुष टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

विवि के खेल प्रभारी कन्हैया लाल जांगिड़ ने बताया कि योग विभाग के विद्यार्थी राकेश कुमार समोता, पवन बाड़ोदिया और विकास भूकर ने शानदार



प्रदर्शन करते हुए 24 से 28 नवंबर तक चेन्नई में होने वाली अंतर विश्वविद्यालय राष्ट्रीय योग चैंपियनशिप के लिए चयनित हुए है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो. (डॉ.) अनिल कुमार राय ने चयनित विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों का यह प्रदर्शन विश्वविद्यालय की खेल भावना और योग शिक्षा की गुणवत्ता का प्रमाण है। प्रोफेसर राय ने चेन्नई में होने वाली नेशनल योग चैंपियनशिप में भी विजेता बनने लिए अग्रिम बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज योग सबसे अहम जरूरत है और सभी को स्वस्थ रहने के लिए योगाभ्यास करना चाहिए। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अकादमिक प्रभारी और छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ. आर. सी. मीना सहित विश्वविद्यालय के अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## रामगढ़ पत्रकार अमित भारद्वाज का जन्मदिन धूमधाम से मनाया कई समाजसेवी व कई वरिष्ठ अधिवक्ता रहे मौजूद

द डेस्प्रिंग

**रामगढ़ अलवर / अमित भारद्वाज ।** अलवर रामगढ़ वार शुक्रवार की देर शाम रामगढ़ का सुबह के तहसील रंगमंच के सामने रामगढ़ पत्रकार एडवोकेट अमित भारद्वाज का जन्मदिन बड़ी धूमधाम के साथ मनाया केक काटकर सभी ने बधाई दीइस मौके पर रामगढ़ के वरिष्ठ एडवोकेट दिनेश शर्मा समाजसेवी भूतपूर्व सैनिक जयराम मीणा पूर्व बार अध्यक्ष भाजपा नेता एडवोकेट लाखन दत्त शर्मा ब्लॉक कांग्रेस महामंत्री अजय भारद्वाज पत्रकारभीम आर्मी के अध्यक्ष प्रभु लाल वर्मा व भीम आर्मी के रवि वर्मा योगेश वर्मा पत्रकार लाख कान्हा शर्मा राजस्थान पत्रिका पत्रकार सहित भाजपा युवा नेता लकी कुकरेजा विजय शेखावत परमजीत सिंह पुंज अल्पसंख्यक जिला महामंत्री भाजपा अविनाश यादव चिराग साहू विश्व हिंदू परिषद के नेता नवल शर्मागजेंद्र शर्मा छगनलाल सेन समीर खान विजय शेखावत मोनू सेन दीपक अग्रवाल नरेश जोशी मोतीलाल गुर्जर कालू जोशी सोनू शर्मा मोनू सेन श्यामलाल शर्मा नीरज बंसल गोपाल शर्मा कपिल शर्मा अनिल फास्ट फूड युवा नेताधीरज शर्मा तुलसीराम सैनी धीरज शर्मा युवा नेता भाजपा पूर्व पार्षद नगर पालिका रामगढ़ भुवनेश साहू कली शर्मा एडवोकेट राजाराम वर्मा जीतू शर्मा सचिन मनचंदा नरसी शेखावत सुबा खान वंश भारद्वाज खाटू भारद्वाज वरिष्ठ अधिवक्ता मुकेश चौधरी विपुल सेन धीरज



राणावत राजकुमार शर्मा सहित सैकड़ो युवा कार्यक्रम में मौजूद थे इस मौके पर एडवोकेट पत्रकार अमित भारद्वाज के द्वारा केक काटकर सभी को जलपान कराया गया सभी ने जन्मदिन को लेकर बधाई दी दूसरी और जन्मदिन के उपलक्ष में कांग्रेस के नेता कांग्रेस प्रत्याशी रहे आर्यन जुबेर खान ने व भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रत्याशी रहे जय आहूजा सहित करौली खालसा धाम के महंत श्री श्री 108 नंदलाल जी महाराज रामगढ़ समाजसेवी पूर्व चेयरमैन प्रतिनिधि बलिराम सैनी रामगढ़ के पूर्व सरपंच वरिष्ठ भाजपा नेता एडवोकेटदेवेंद्र दत्ता भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य ईस भारद्वाज कांग्रेस के वरिष्ठ नेता संदीप अनिल कुमार जैन भाजपा के जिला महामंत्री नरेश गोयल सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष वीर सिंह चौधरीबाबोली इत्यादि के द्वारा फोन के माध्यम से जन्मदिन की बधाई दी गई

## लायंस क्लब सीकर ने लगाया निःशुल्क बी पी शुगर जांच शिविर

द डेस्प्रिंग

**सीकर / नरेश सैन ।** लायंस क्लब सीकर द्वारा आज सेवा सप्ताह सेवांकुर के नौवें दिन श्री कल्याण स्कूल खेल ग्राउंड में निशुल्क ब्लड प्रेशर एवं डायबिटीज जांच का शिविर डॉ B Lal path lab के सहयोग से प्रातः 6.30am पर लगाया गया जिसमें 58 लोगों की जांच की गई सुबह मॉर्निंग वॉक घूमने आये अशोक सैनी,नंदलाल मीना,कज़ोड़ मल जैन ने लायंस क्लब के इस प्रकार के सेवा कार्य की सराहना की एवं लायंस क्लब को एक नेक कल्याणकारी कार्यों की अग्रणी संस्था बताया। इस मौके पर क्लब के अध्यक्ष मणि शंकर काबरा ने सेवा सप्ताह में सभी सदस्यों का समय पर और निरंतर उपस्थित रहने पर आभार प्रकट किया । आज मणि शंकर काबरा सहित पूर्व अतिरिक्त कलेक्टर ईश्वर सिंह राठौड़, लायन अशोक शर्मा,सचिव विनोद दाधीच, शिव कुमार अग्रवाल ,पवन सराफ,किशन लाल अग्रवाल ,हरिप्रसाद मोदी गणेश अग्रवाल, प्रोजेक्ट चेयर पर्सन






प्रहलाद राय टांक उपस्थित रहे

## करवा चौथ पर महिलाओं ने व्रत खोला



द डेस्प्रिंग

**सीकर / नरेश सैन ।** करवा चौथ के अवसर पर महिलाओं ने अपने पति की लंबी उम्र की कामना के लिए करवा चौथ का व्रत कर सुबह चौथ माता की कहानी सुनी। रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देकर अपना व्रत खोल। करवा चौथ का व्रत महिलाएं अपने पति की लंबी उम्र की कामना को लेकर करती है।

## रामस्वरूप जाखड़ सेवा को बनाया जिलाध्यक्ष

द डेस्प्रिंग



**पाटोदा / पप्पू लाल शर्मा ।** वीर तेजा सेना संगठन के प्रदेश अध्यक्ष श्रीराम बिजारणियां व महामंत्री सचिन पिलानियां ने सीकर जिलाध्यक्ष पद पर युवा कार्यकर्ता रामस्वरूप जाखड़ सेवा को नियुक्त किया है। अपने नियुक्ति पत्र में बिजारणियां व पिलानियां ने लिखा है कि रामस्वरूप जाखड़ ने गौरवशाली जाट जाति की परम्परा, प्रतिष्ठा और बलिदान की भावना को सर्वोपरि रखते हुए समाज के प्रति सदैव उत्कृष्ठ सेवाएं दी है। गैर राजनीतिक रूप से समाज सेवा में संलग्न वीर तेजा सेना संगठन के प्रति जाखड की आस्था, निष्ठा और जज्बे को देखते हुए जाखड़ को जिलाध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया गया है। जिन्हें जल्द ही अपनी कार्यकारिणी गठित करने और संगठन को मजबूत बनाने के निर्देश दिए गए है। रामस्वरूप जाखड़ जिलाअध्यक्ष बनने पर परिवार सदस्य मित्रगण रिश्तेदार फोन के माध्यम से बधाई संदेश दिया।

## सैनी ने किया पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी का स्वागत

द डेस्प्रिंग

**सीकर/ नरेश सैन ।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी के जन्मदिन के अवसर पर श्री कल्याण अस्पताल ट्रॉमाइंचार्ज फूलचंद सैनी के नेतृत्व में स्टाफ सदस्यों ने पूर्व विधायक रतनलाल जलधारी को गुलदस्ता भेंट कर जन्मदिन की बधाई दी। इस मौके पर मुकेश कुमार सैनी, सोहनलाल सैनी पुरुषोत्तम सैनी सागरमल सैनी सहित स्टाफ के कई सदस्य मौजूद रहे।इस तरह भाजपा मण्डल ज़ोन दो के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जन्मदिन की बधाई दी। मंडल महामंत्री महावीर प्रसाद सेन, संदीप खीचड़, उपाध्यक्ष सुरेंद्र कुमावत, तेजपाल शर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल,मंत्री कुमकुम माथुर मनोज माथुर, गोकुल प्रसाद माथुर, अशोक माथुर नेताजी सहित अनेक कार्यकर्ताओं ने पूर्व विधायक जलधारी को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।



## अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी जन्मोत्सव मनाया






द डेस्प्रिंग

**केशोरायपाटन(मुकेश जैन)।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय राजराजेश्वर रोड केशोरायपाटन में महिला अधिकारिता विभाग के द्वारा विपुल शुक्ला कि अध्यक्षता में अंतराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बेटी जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती माता को माला पहना कर दीप प्रज्वलित कर किया गया। अतिथियों को माला पहना कर उनका स्वागत किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालन ब्लॉक सुपरवाइजर सुश्री रजनी शर्मा व महिला सुरक्षा सलाह केंद्र की सोशल काउंसलर साधना श्रृंगी के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में 10 बालिकाओं का जन्मदिन मनाया गया। जिसमें केशोरायपाटन के सम्मानित वार्ड पार्षद राजेश सैनी, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष गौरव मलिक, पार्षद भानु प्रकाश नामा, शुभम शर्मा,अभिषेक भारद्वाज मौजूद रहे। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा केक काटा गया , सभी को गिफ्ट दिए गए व अल्पाहार दिया गया। सुश्री रजनी शर्मा के द्वारा महिला अधिकारिता विभाग की योजनाओं की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

## ओउमाश्रय सेवा धाम में स्व. अभिषेक शर्मा की पुण्यतिथि पर यज्ञ एवं श्रद्धांजलि सभा आयोजित

द डेस्प्रिंग





**जयपुर।** ओउमाश्रय सेवा धाम में आर्य प्रतिनिधि सभा राजस्थान के पूर्व संरक्षक एवं भीलवाड़ा निवासी विजय कुमार शर्मा व श्रीमति किरण शर्मा के सुपुत्र स्व. अभिषेक शर्मा की चतुर्थ पुण्यतिथि के अवसर पर भव्य यज्ञ का आयोजन किया गया। यज्ञ का संचालन ओउमाश्रय सेवा धाम के संस्थापक यशपाल "यश" ने किया। इस अवसर पर ओउमाश्रय परिवार के सदस्यों ने यज्ञ में भाग लेकर दो मिनट का मौन रख दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित की। यज्ञ उपरांत प्रभुजनों को भोजन प्रसादी एवं सेव वितरण किया गया।

**यशपाल यश ने अपने उद्बोधन में कहा कि** "अल्पायु में पुत्र का विछोह परिवार के लिए गहरा आघात होता है, किंतु ईश्वर की व्यवस्था को स्वीकार करना ही सच्ची श्रद्धांजलि है। ऐसी आत्माएं प्रायः मोक्षगामी होती हैं जो अपने शेष भोग पूर्ण कर प्रभुमय हो जाती हैं।"इस अवसर पर विजय कुमार शर्मा ने ओउमाश्रय सेवा धाम परिवार की संरक्षक सदस्यता ग्रहण की तथा एक लाख रुपए की भवन निर्माण सामग्री भेंट की। ओउमाश्रय परिवार की ओर से उनका हार्दिक स्वागत एवं शुभकामनाएं दी गईं। दूसरी ओर ओउमाश्रय सेवा धाम की आजीवन सदस्य एवं सतत सहयोगी रत्नाकर गोयल की धर्मपत्नी श्रीमति माया गोयल, सवाईमाधोपुर ने दशहरा पर्व पर संकल्पित दस वस्तुओं हेतु एक हजार रुपए भेंट किए। ओउमाश्रय परिवार की ओर से उन्हें हार्दिक धन्यवाद और शुभकामनाएं प्रेषित की गईं।

## जिस देश के मुख्य न्यायाधीश पर जूता फेंक दिया जाए

### उस देश में आम जनता कितनी सुरक्षित होगी सोचने की जरूरत है: अरुण कुमार श्रीवास्तव

द डेस्प्रिंग



**गोरखपुर / संजय कुमार ।** सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के ऊपर एक वकील द्वारा सनातन धर्म संबंधित नारा लगाते हुए जूता फेंके जाने पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए विश्व शांति मिशन के अध्यक्ष अरुण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि देश विगत 11 वर्षों से किस दिशा में जा रहा है अब बुद्धिजीवियों को सोचने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि जिस देश में सर्वोच्च संवैधानिक संस्था माननीय सुप्रीम कोर्ट का मुख्य न्यायाधीश अपने चैंबर में सुरक्षित नहीं है तों उस देश की आम जनता की स्थिति क्या है और आगे क्या होने वाली है यह विचारणीय है। जिस तरह से देश की सबसे बड़ी अदालत माननीय सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई के उपर भरी अदालत में जूता फेंकने की घटना हुई, वह न सिर्फ शर्मसार करने वाली थी बल्कि एक तरीके से सर्वोच्च न्यायपीठ पर हमला था। आजाद भारत के इतिहास में यह पहली दुखद घटना हैं जब देश की सबसे बड़ी अदालत माननीय सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के उपर हमला करने और उन्हें भरी अदालत में अपमानित करने की कोशिश हुई है,सत्तर सालों में जो नहीं हुआ वह भी हो गया। सबसे बड़ी चीज तों यह हुई है कि जिस वकील ने यह शर्मनाक वारदात की वह घटना के बाद नारा लगाते हुए देखा गया कि "सनातन धर्म का अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा हिन्दुस्तान"।

## विक्रम राठौड़ वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा जनसंपर्क प्रकोष्ठ के सह संयोजक मनोनीत

द डेस्प्रिंग

**कोटा ।** जनसंपर्क, लोक प्रशासन एवं उच्च शिक्षा के विख्यात विशेषज्ञ पाली निवासी विक्रम राठौड़ को वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा के कुलगुरु डॉ. बीएल वर्मा द्वारा 5 सदस्यी विश्वविद्यालय जनसंपर्क प्रकोष्ठ समिति का सह संयोजक मनोनीत किया गया है। इस आशय के कुलसचिव द्वारा आदेश जारी किए है। ज्ञातव्य है कि विक्रम राठौड़ वर्तमान में राजस्थान राज्य अन्य पिछडा वर्ग (राजनैतिक प्रतिनिधित्व) आयोग राजस्थान सरकार के जनसम्पर्क अधिकारी एवं बीकानेर-कोटा तकनीकी विश्वविद्यालय के जनसम्पर्क अधिकारी के साथ जय नारायण



व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर के जनसंपर्क प्रकोष्ठ के सह संयोजक के रूप में अपनी मानद सेंवाए प्रदान कर रहे है। समिति के सह संयोजक के रूप में विक्रम राठौड़ वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा की मीडिया समन्वय-प्रबंधन, विश्वविद्यालय की जनकल्याणकारी नीतियों-उदेश्यों, अकादमिक- प्रशासनिक नीतियों, विभिन्न कार्ययोजनाओं, आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों -गतिविधियों -अभियानोंका व्यापक प्रचार-प्रसार एवं इनसे जुड़े विषयों पर कुलगुरु को परामर्श और अपनी मानद विशेषज्ञ सेवाएं प्रदान करेंगे। इस अवसर पर कुलगुरु डॉ.बीएल वर्मा ने राठौड़ को शुभकामनाएं प्रदान की एवं उन्होंने इस मनोनयन हेतु कुलगुरु डॉ.बीएल वर्मा का आभार प्रकट किया।

गौरतलब है कि विगत कई वर्षों से जनसंपर्क, विश्वविद्यालय मामलों के विशेषज्ञ, साहित्य और लोक प्रशासन क्षेत्र में अपने उल्लेखनीय सेवाएं प्रदान करने वाले राठौड़ उच्च शिक्षा विशेषज्ञ होने के साथ लेखक, साहित्यकार और स्वतंत्र उच्च शिक्षा समीक्षक -विश्लेषक और उच्च शिक्षा सलाहकार भी है। साथ ही श्री राठौड़ कई राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक संस्थाओं से भी जुड़े होने के साथ सामाजिक सरकार के में अपनी अग्रणी भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं। इस अवसर पर राठौड़ ने बताया राष्ट्रीय शिक्षा नीति के मंशानुरूप विश्वविद्यालय के सशक्तिकरण और मूल्यों में वृद्धि के लिए विश्वविद्यालय की कल्याणकारी नीतियों, उपलब्धियों का प्रभावी ढंग से प्रचार-प्रसार किया जाना आवश्यक है। जिससे हितधारको और जनसंपर्क समुदाय में सकारात्मक संबंधो को गति मिलेगी।

## शहीद चंदन सिंह रात्रि कालीन क्रिकेट प्रतियोगिता सीजन 2 का शुभारंभ, खेल स्टेडियम की चारदीवारी लोकार्पण

द डेस्प्रिंग

**पाटोदा / पप्पू लाल शर्मा ।** गांव में राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल के सामने खेल मैदान में सरपंच गोपाल सिंह एवं शहीद परिवार के तत्वावधान में रात्रिकालीन क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2 शुरू हुआ। खेल मैदान बड़ी फ्लड लाइटों से जगमग हो उठा। पहली बार बाउंड्री लाइन से लेकर स्टांप भी इलेक्ट्रॉनिक रहे। जगमग रोशनी दूर से ही देखते बन रही थी। ग्राउंड में बड़ी एलईडी के साथ-साथ लाइफ मैचों का सीधा प्रसारण करने की व्यवस्था भी की गई है। उद्घाटन पर दो मैच खेले गए। सुजानगढ़ एवं बना सीकर अपने पहले मैच में विजेता रहे।प्रतियोगिता का शुभारंभ रात 8 बजे हुआ। अतिथियों का ओपन जीप में ग्रैंड वेलकम किया गया। समारोह पूर्वक क्रिकेट ट्रॉफी का लोकार्पण भी किया। मुख्य अतिथि धोद विधायक गोवर्धन वर्मा, अध्यक्षता पीठाधीश्वर महंत महावीर जति महाराज शिव मठ गाडोदा धाम, विशिष्ट अतिथि मूलचंद रणवा प्रधान प्रतिनिधि धोद,शहीद चंदन सिंह मां धापू कंवर, पूर्व उपजिला प्रमुख शोभ सिंह अनोखू,ओमप्रकाश बिजारणियां, भाजपा मण्डल अध्यक्ष गोपाल सिंह सेवद,बिन्जासी सरपंच जितेंद्र सिंह, बाबूलाल शर्मा,विक्रम सिंह परडोली बड़ी,शहीद भाई का मदन सिंह, लक्ष्मी कंवर सरपंच प्रतिनिधि,खाखोली स्कूल प्रिंसिपल सांवर मल पाटनी, पंचायत समिति सदस्य हरी प्रसाद, राकेश शर्मा,आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम मुख्य अतिथि वशिष्ठ अतिथियों एवं ग्रामीण जन ने शहीद चंदन सिंह स्मारक में शहीद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित कर भारत माता की जयकारे लगाए। भीमराव अंबेडकर प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। धोद विधायक गोवर्धन वर्मा एवं महंत महावीर जति महाराज एवं अतिथियों द्वारा 30 लाख लागत से खेल स्टेडियम के चारों ओर दीवार खेल मैदान का अतिथि द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में पधारे हुए अतिथियों का ग्रामीण जन द्वारा माल्यार्पण कर साफा





पहनाकर मोमेंटो देकर सम्मानित और अभिनंदन किया गया।

**प्रतियोगिता प्रभारी गोपाल सिंह ने बताया कि** उद्घाटन दिवस पर दो मैच खेले गए। पहला मैच सुजानगढ़ ओर सीकर के बीच खेला गया, जिसमें सीकर 4 विकेट से विजयी हुई। मैन ऑफ द मैच विनय शर्मा रहे। प्रकाश सिंह शेखावत ने बताया कि शहीद चंदन सिंह रात्रिकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता मैच में 21 दिन तक चलने वाला मैच,आसपास के क्षेत्रों से लगभग 64 टीमों ने हिस्सा लिया है। जिसमें पहला इनाम 1 लाख11हजार, दूसरा 51 हजार, सहित मैन आफ द सीरीज, बेहतरीन बल्लेबाज, बॉलर, कीपर एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार रखा गया है। अतिथियों द्वारा गांव की दो प्रतिभाओं युवराज महरिया नेशनल चयन स्केटिंग, बास्केटबॉल में कल्पना कंवर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शिवपाल सिंह, पूर्व सरपंच किशन सिंह शंकर सिंह, गोपाल आर्य,मदन कुमावत,उदय शंकर शर्मा, कृपाराम, अनेक ग्रामीण जन उपस्थित रहे ?

## विश्व की सबसे कम आयु की अंतर्राष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया ने सुनाया कपिल उपाख्यान, शिव चरित एवं ध्रुव चरित

### तीसरे दिवस की कथा में गूंजा भक्ति, वैराग्य और ईश्वर प्रेम का दिव्य संदेश – भजनों की धुन पर झूमे श्रद्धालुगण

द डेस्प्रिंग

**बांसगांव (गोरखपुर)/संजय कुमार ।** राम बाबा का स्थान, मऊ बुजुर्ग, बाँसगांव में चल रहे संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा महापुराण सप्ताह ज्ञानयज्ञ के तीसरे दिवस विश्व की सबसे कम आयु की अंतर्राष्ट्रीय बाल व्यास श्वेतिमा माधव प्रिया की दिव्य वाणी में जब कपिल उपाख्यान, शिव चरित और ध्रुव चरित की पावन कथा गूंजी, तो पूरा वातावरण भक्ति, वैराग्य और ईश्वर प्रेम से भर उठा। कथा स्थल पर भक्तिमय संगीत और हरिनाम संकीर्तन की स्वर लहरियाँ चारों ओर फैल गईं।

#### बाल व्यास ने कपिल उपाख्यान का प्रसंग सुनाते हुए कहा

"महर्षि कपिल ने अपनी माता देवहूति को ज्ञानयोग का वह मार्ग बताया, जो मनुष्य को कर्मबंधन से मुक्त कर मोक्ष की ओर ले जाता है। आत्मज्ञान तब उत्पन्न होता है जब मनुष्य अपने कर्मों का फल ईश्वर को समर्पित करता है।"

#### इसके पश्चात उन्होंने भगवान शिव चरित का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन करते हुए कहा

"महादेव केवल संहारक नहीं, बल्कि करुणा, त्याग और संतुलन के प्रतीक हैं। वे ही भक्तों के दुःख हरते हैं और संसार में धर्म की धारा को बनाए रखते हैं।"बाल व्यास की बाल वाणी में जब "हर हर महादेव" का स्वर गूंजा, तो पूरा पंडाल भक्ति से ओतप्रोत हो उठा।

#### कथा का चरम बिंदु ध्रुव चरित रहा

बाल व्यास ने बताया कि पाँच वर्ष के बालक ध्रुव ने अटूट साधना और एकाग्र भक्ति से ईश्वर का साक्षात्कार किया, जिससे यह सिद्ध होता है कि भक्ति में आयु नहीं, श्रद्धा और दृढ़ निष्ठा का महत्व सर्वोच्च है।

#### कथा का शुभारंभ दीप प्रज्वलन, गणेश वंदना और हरिनाम संकीर्तन से हुआ

मुख्य यजमान दरोगा सिंह एवं श्रीमती ऊषा देवी ने श्रद्धापूर्वक पूजन-अर्चन कर कथा का प्रारंभ कराया। भक्ति गीतों की लहरियों पर श्रद्धालु झूमते रहे, और "हरिनाम संकीर्तन" की गूंज से पूरा परिसर जीवंत हो उठा।

इस अवसर पर सौहार्द शिरोमणि संत डॉ. सौरभ पाण्डेय, आचार्य गौरव पाण्डेय, डॉ. विनय श्रीवास्तव, कृपाशंकर राय, बंटी चंद, रामा बाबा स्थान के सर्वकारा पंडित बिपिन मिश्रा, बाल भक्त सौराष्ट्र, सुरेन्द्र सिंह, शिवाकांत तिवारी, जीतन यादव, मुनीब तिवारी, रामनाथ यादव, महता राय परिवार एवं खुर्द मऊ ब्राह्मण परिवार सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। श्वेतिमा माधव प्रिया ने कहा कि ध्रुव की तरह जो भी अडिग भक्ति और अटल निष्ठा से साधना करता है

## सोना 2100 और चांदी 2800 रुपए हुई महंगी:10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत पहुंची 1.27 लाख, दीपावली तक और बढ़ सकते हैं दाम

द डेस्प्रिंग

**जयपुर ।** दीपावली का पर्व नजदीक आने के साथ ही सोने और चांदी की कीमत लगातार पुराने सभी रिकॉर्ड तोड़ रही है। शनिवार को प्रति किलो चांदी की कीमत 2800 बढ़कर एक



1 लाख 70 हजार रुपए के ऑल टाइम हाई के शिखर पर पहुंच गई है। वहीं, 10 ग्राम स्टैंडर्ड सोने की कीमत 2100 रुपए बढ़कर 1 लाख 27 हजार रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई है। सर्राफा व्यापारियों के अनुसार धनतेरस तक सोने और चांदी दोनों की कीमत में बढ़ोतरी होने की पूरी संभावना है।

# माधव होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में पोषण माह का सफल आयोजन

द डेस्प्रिंग

**आबूरोड ।** माधव विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित माधव होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में "राष्ट्रीय पोषण माह" बड़े उत्साह और जागरूकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कॉलेज के शिक्षकों, विद्यार्थियों और चिकित्सा विभाग के कर्मचारियों ने मिलकर पोषण से जुड़ी विविध गतिविधियों का आयोजन किया, जिनका मुख्य उद्देश्य था – समाज में संतुलित आहार, स्वच्छता और स्वास्थ्य के प्रति जन-जागरूकता फैलाना। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार डॉ. भावेश कुमावत, निदेशक डॉ. भारती देसाई, कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. विजय प्रताप सिंह तथा निर्णायक समिति के सदस्य कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. गीतम सिंह, बेसिक एंड एप्लाइड साइंस संकाय के





अधिष्ठाता डॉ. धर्मचंद उपाध्याय, फिजियोथेरेपी विभाग के प्रमुख डॉ. वैभव दवे और ह्यूमैनिटीज साइंस की डॉ. रुचि ठक्कर द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभी अतिथियों ने अपने उद्बोधन में कहा कि "पोषण केवल भोजन का विषय नहीं है, बल्कि यह हमारे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक स्वास्थ्य की नींव है। एक स्वस्थ शरीर और सशक्त राष्ट्र के निर्माण के लिए पोषण के प्रति जागरूकता सबसे आवश्यक है।"पोषण माह के तहत आयोजित कार्यक्रम में "ईट राइट फॉर ए बेटर लाइफ" और "संतुलित आहार और होम्योपैथिक दृष्टिकोण" विषय पर पोस्टर प्रस्तुति, निबंध प्रतियोगिता और नाटक का आयोजन किया। इन गतिविधियों के माध्यम से छात्रों ने संदेश दिया कि आधुनिक जीवनशैली, जंक फूड और असंतुलित भोजन के कारण कुपोषण, मोटापा, रक्तचाप और मधुमेह जैसी बीमारियाँ तेजी से बढ़ रही हैं। इसलिए संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और मानसिक संतुलन बनाए रखना अत्यंत आवश्यक है।

**कॉलेज के कम्युनिटी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. रोहन शर्मा ने बताया कि** पोषण माह के दौरान विद्यार्थियों को पोषण संबंधी जानकारी देने के साथ-साथ अस्पताल में आने वाले मरीजों को भी उनकी स्वास्थ्य स्थिति के अनुसार आहार परामर्श दिया गया। उन्होंने यह भी बताया कि होम्योपैथिक चिकित्सा प्रणाली शरीर के समग्र संतुलन पर आधारित है, जो व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और भावनात्मक स्तरों को ध्यान में रखकर उपचार करती है। छात्रों द्वारा "स्वस्थ **भारत – पोषित भारत" थीम पर फायरलेस कुकिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई,** जिसमें विद्यार्थियों ने बिना आग का उपयोग किए पौष्टिक और स्वादिष्ट व्यंजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के दौरान आसपास के गाँवों के विद्यार्थियों को भी उचित पोषण और संतुलित आहार के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए और श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. राजश्री जांगिड़, डॉ. भानुजा सिंह जोधा, डॉ तारिशी सिंह मंजुल, डॉ. मोनिका पी., डॉ. अरविंद सिंह तथा कॉलेज के समस्त स्टाफ सदस्यों का विशेष योगदान रहा। अंत में कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. विजय प्रताप सिंह ने सभी को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में सामाजिक उत्तरदायित्व और जनसेवा की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने सभी को संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

## किसानों कि अनुदान राशि नही मिलने से 13 अक्टूबर को करेगे आंदोलन

द डेस्प्रिंग

**फलोदी / श्री राम भादू ।** घंटियाली। तहसील क्षेत्र के 2023 में घंटियाली क्षेत्र में अकाल ग्रस्त गांवों के किसानों को अनुदान राशि नही मिलने को लेकर भारतीय किसान यूनियन 13 अक्टूबर से आंदोलन करेगी। जिला अध्यक्ष किशन राव लूणा ने बताया कि घंटियाली व फलौदी तहसील क्षेत्र के गांवों में 2023 खरीफ की फसल अकाल से प्रभावित हुई थी। सरकार द्वारा अकाल घोषित कर दिया। परन्तु 2 वर्ष बीत जाने के बाद भी किसानों को अनुदान राशि नही मिली है। पूर्व में जिला कलेक्टर, तहसीलदार ,विधायक को किसानों ने पत्र लिखा परन्तु किसानों को अनुदान राशि नहीं मिलने से किसान परेशान हैं। किसानों को अनुदान राशि देने को लेकर 13 अक्टूबर को घंटियाली तहसील कार्यालय के आगे धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## देवली पाबूजी में करवा चौथ पर चौथ माता की की पूजा, अखंड सौभाग्यवती की मांगी मन्नत

द डेस्प्रिंग

**जवाली पाली/नगराज वैष्णव /अजय कुमार जैन ।** देवली पाबूजी में करवा चौथ के दिन सुहागिन महिलाओ ने चौथ माता की पूजा कर अखंड सौभाग्य की मंगल कामना की पति की लंबी उम्र घर परिवार में सुख शांति समृद्धि की कामना की और चांद को निहार कर अपने पति को देखकर उनके हाथों से जल पीकर निर्जल उपवास खुला , अहमदाबाद , में शुक्रवार को सीता कड़ेला ने अपने पति प्रवीण हटेला की लंबी उम्र व उत्तम स्वास्थ्य की भगवान से कामना की अपने पति के लिए निर्जल उपवास कर चौथ माता का व्रत रखा पुरे दिन व्रत रख शाम को चौथ माता और गणपति शिव पार्वती कि पूजा अर्चना की रात को चांद को अर्क देकर दर्शन कर अपने पति की लम्बी उम्र की कामना की ओर पति के पैर छूकर आशीर्वाद प्राप्त किया आस पास के शहर,,गांव, में भी सुहागिन महिलाओ ने व्रत रखा और अपने पति और परिवार के लिए मंगल कामना की ।



## बरेली में करवाचौथ का पर्वः अखंड सौभाग्य की कामना

द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो)।** बरेली नगर में शुक्रवार को कार्तिक माह की चतुर्थी को करवाचौथ का पावन पर्व अपार हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। यह व्रत सुहागिन स्त्रियाँ अपने पति की लंबी आयु और अखंड सौभाग्य के लिए रखती हैं। शाम 5 बजे से ही, नगर के विभिन्न मंदिरों में भव्य दृश्य दिखाई दिया। महिलाएँ अपने पारंपरिक, सुंदर परिधान और सोलह श्रृंगार में सज-धजकर मंदिरों में पहुँचीं, मानो धरती पर देवी-स्वरूप उतर आया हो।
पूज्य पंडित जी ने इस व्रत की पौराणिक कथा का वर्णन किया।



उन्होंने बताया कि किस प्रकार एक ब्राह्मण कन्या ने अपने मृत पति को पुनर्जीवित करने के लिए विधि-विधान से यह व्रत किया। चंद्रोदय के बाद व्रत खोलने पर उसका पति जीवित हो उठा। तभी से यह मान्यता चली आ रही है कि इस व्रत को विधि-पूर्वक करने वाली महिलाओं को उनके पति के लिए अखंड सौभाग्य का वरदान प्राप्त होता है। नगर के मंदिरों और मार्गों पर महिलाओं के चमकीले परिधानों ने इस पर्व को और भी अधिक आकर्षक और यादगार बना दिया। यह पर्व विश्वास, प्रेम और समर्पण का प्रतीक है, जो भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है।

## उपद्रव के मास्टरमाइंड के करीबी पर बड़ी कार्रवाईः आरिफ के 17 व्यावसायिक यूनिट्स सील, बुलडोजर चलाने की तैयारी

द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो बरेली) ।** बरेली शहर में उपद्रव के मास्टरमाइंड माने जाने वाले मौलाना तौकीर रजा के करीबी आरिफ की अवैध संपत्तियों पर प्रशासन ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। बरेली विकास प्राधिकरण (बीडीए) और जिला प्रशासन की संयुक्त टीम ने पीलीभीत बाईपास रोड पर स्थित आरिफ के कपड़ों के शोरूम और दुकानों को सील कर दिया। बीडीए अधिकारियों के अनुसार, फहम लॉन के मालिक आरिफ ने व्यावसायिक परिसर में बिना नक्शा स्वीकृत कराए जिम, होम डेकोर सेंटर और कपड़ों की दुकानें संचालित कर रखी थीं। जांच में निर्माण पूरी तरह अवैध पाए जाने पर बीडीए ने 15 दुकानें और दो शोरूम को सील कर दिया। किसी भी अव्यवस्था से बचने के लिए कार्रवाई के दौरान भारी



पुलिस बल तैनात रहा। यह आरिफ के खिलाफ तीसरी बड़ी कार्रवाई है। इससे पहले बीडीए उसके फहम लॉन, स्काई लार्क होटल और फ्लोरा गार्डन बारातघर को भी अवैध निर्माण के चलते सील कर चुका है। प्रशासन अब फाइक एन्क्लेव निवासी फरहत के मकान और आरिफ के अन्य बारातघरों पर ध्वस्तीकरण (बुलडोजर) की तैयारी कर रहा है। कार्रवाई में बीडीए के अजीत सिंह और तहसीलदार विदित कुमार अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

## चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने सुरेशिया में बिना डिग्री के इलाज कर रहे एक झोलाछाप डॉक्टर की दुकान को किया सीज

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़( विनोद चौधरी)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को सुरेशिया में बिना डिग्री के इलाज कर रहे एक झोलाछाप डॉक्टर की दुकान पर कार्रवाई की। विभाग ने निरीक्षण के बाद दुकान को बंद करवा दिया और संचालक को भविष्य में ऐसा न करने की सख्त चेतावनी दी।यह कार्रवाई आमजन के स्वास्थ्य से खिलवाड़ कर रहे अवैध चिकित्सकों के खिलाफ मिली शिकायतों के बाद की गई। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा के निर्देश पर डिप्टी सीएमएचओ डॉ. अखिलेश शर्मा और डीईओ जसविन्द्र बराड़ ने हनुमानगढ़ जंक्शन के वार्ड नंबर 56 स्थित सुरेशिया में रतनसिंह नामक व्यक्ति की दुकान का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान दुकान में एक मरीज मिला, जिसे ड्रिप लगी हुई थी। मरीज ने बताया कि उसे लिवर में इन्फेक्शन है। जांच में रतनसिंह के पास चिकित्सा संबंधी कोई डिप्लोमा या डिग्री नहीं पाई गई। दुकान में बायोमेडिकल वेस्ट के निपटारे की भी कोई व्यवस्था नहीं थी। रतनसिंह की टेबल पर थर्मामीटर, स्टेथेस्कोप, हाइड्रोजन की बोतल और निमोलानेशन जैसे उपकरण मिले। इन अव्यवस्थाओं को देखते हुए विभाग ने रतनसिंह से दुकान बंद करवाई। उसे पाबंद किया गया कि यदि वह दोबारा लोगों का उपचार करते हुए पाया गया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. नवनीत शर्मा ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग जिले में संचालित अवैध क्लीनिकों, अपंजीकृत डॉक्टरों और झोलाछाप नीम हकीमों के खिलाफ जानकारी मिलने पर लगातार कार्रवाई कर रहा।



## महालक्ष्मी पूजा में उमड़ रही हैं श्रद्धालुओ की भीड़ 12 अक्टुबर 2025 को होगी षष्ठी पूजा



द डेस्प्रिंग

**सीकर / नरेश सैन ।**श्री कल्याण धाम में धर्मगुरु सनातन रत्न महंत विष्णु प्रसाद शर्मा के सानिध्य में चल रही 16 दिवसीय महालक्ष्मी पूजा महोत्सव में श्रद्धालुओ की भारी भीड़ उमड़ रही है जिसमें महालक्ष्मी की महाआरती प्रतिदिन प्रातः एवं सायंकाल 08:15 बजे हो रही हैं मंदिर व्यवस्थापक रविप्रसाद शर्मा ने बताया कि दिनांक 12 अक्टुबर 2025 को प्रातः । 1:5 बजे षष्ठी माता का पूजन किया जाएगा और दिनांक 14 अक्टूबर 2025 को 108 यजमानों द्वारा महालक्ष्मी की विषेश पूजा की जायेगी।

## पूर्वोत्तर रेलवे के अपर महा प्रबंधक का इज्जतनगर मंडल दौराः कर्मचारियों की समस्याओं पर सौंपा गया ज्ञापन

द डेस्प्रिंग

**(अनुभव मोहन सक्सेना ब्यूरो)।** बरेली पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर के अपर महा प्रबंधक (एजीएम) एस. पी. शुक्ला के इज्जतनगर मंडल के निरीक्षण के अवसर पर, पूर्वोत्तर रेलवे की निर्वाचित एवं मान्यता प्राप्त यूनियन एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने उनसे शिष्टाचार भेंट की। यूनियन के प्रतिनिधियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर महोदय का स्वागत किया। इस अवसर पर, यूनियन ने एजीएम महोदय को कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए एक ज्ञापन सौंपा।




### ज्ञापन में निम्नलिखित प्रमुख मुद्दों को उठाया गया

कर्मचारियों का भर्ती कोटा (इंटेक कोटा)

जीडीसीई (सामान्य विभागीय प्रतियोगी परीक्षा) की रिक्तियाँ (वेकेंसी)

लाइन बॉक्स की कमी

4600-4800 वेतन ग्रेड की पदोन्नति

कार्य के घंटों के नियमन (हॉर्स ऑफ़ एम्प्लॉयमेंट रेगुलेशंस) का उल्लंघन

एन ई रेलवे मेंस कांग्रेस के मंडल मंत्री रजनीश तिवारी इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर लगातार जोर देते रहे। इस दौरान संरक्षक श्री संतोष यादव सहित, रचित गोयल, विलियम रिचर्ड, अब्दुल इकरार, संतोष भंडारी, सुमन कुमार, अभिषेक कश्यप, मुनीम चौहान, विनीत यादव, गौरव पाल, अनिल शर्मा, दीपक कुमार, अजित कुमार, तुषार शर्मा, आलोक श्रीवास्तव, राजेंद्र गुप्ता, प्रमोद यादव, विनय कुमार, मुकेश चंद्र मीणा, मनोज श्रीवास्तव, अफरोज़ खान, मुकेश मीणा, रेवत सिंह, अवधेश यादव, चेतराम, मुनेश मीणा, राकेश मीणा, चेतराम मीणा, सत्येंद्र कुमार, संदीप कुमार, लव कुमार, दिनेश यादव, अर्पित कुमार, पंकज कुमार, महेंद्र कुमार, लव कुमार, अमित कुमार, राजु कुमार, शुभम सोलंकी, सतीश चंद्र तथा चंद्रपाल सहित कई अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे।

## नोहर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में अधिशाषी अभियंता मुकेश कुमार मीणा ने संभाला पदभार

### आमजन को स्वच्छ व शुद्ध जल उपलब्ध करवाना उनकी विशेष प्राथमिकता रहेगी - मीणा

द डेस्प्रिंग

**हनुमानगढ़( विनोद चौधरी)।** नोहर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में मुकेश कुमार मीणा ने अधिशाषी अभियंता के पद पर कार्यभार ग्रहण किया।



आपकों बता दें नोहर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में अधिशाषी अभियंता का पद काफी समय से रिक्त चल रहा था जिस पर विभागीय कार्यालय जयपुर में आदेशों की प्रतीक्षा में चल रहे। मुकेश कुमार मीणा को नोहर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में अधिशाषी अभियंता के पद पर लगाया गया हैं। उन्होंने शुक्रवार को नोहर में अपना पदभार ग्रहण कर लिया। आपकों बता दें कि नोहर अधिशाषी अभियंता के पद पर कार्यभार ग्रहण करने वाले मुकेश कुमार मीणा अपनी कुशल नेतृत्व क्षमता और कार्य के प्रति समर्पण के लिए जाने जाते हैं। कार्यभार ग्रहण के दौरान विभिन्न सामाजिक संगठनों, पत्रकारों, अभियंताओं और कर्मचारियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। इस अवसर पर सभी ने उनके नेतृत्व में विभाग के कार्यों को नई ऊंचाई पर ले जाने की उम्मीद व्यक्त की। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता मुकेश कुमार मीणा ने विभागीय कार्यों में पारदर्शिता और जनसेवा को प्राथमिकता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग का मुख्य उद्देश्य लोगों को स्वच्छ जल और अन्य बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराना है, और वे इस दिशा में निरंतर प्रयासरत रहेंगे। नोहर शहर में शहरवासियों को स्वच्छ व शुद्ध जल उपलब्ध करवाना उनकी विशेष प्राथमिकता रहेगी।

## मंडावर के सूर्य नगर स्थित वीर हनुमान मंदिर के दानपात्र पर चोरों का धावा

### आस्था पर हाथ डाल उड़ाए पंद्रह हजार, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

द डेस्प्रिंग

**मंडावर / मनोज खंडेलवाल ।** थाना इलाके के सूर्य नगर कॉलोनी स्थित वीर हनुमान मंदिर में उस वक्त सनसनी फैल गई जब दो अज्ञात चोरों ने मंदिर के दानपात्र का ताला तोड़कर उसमें रखी करीबन 15 हजार रुपए की नकदी चोरी कर ली। श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस पहुंचाने वाली इस वारदात से क्षेत्र में गहरा आक्रोश है। मंदिर के पुजारी हरिमोहन शास्त्री ने इस संबंध में थाना मंडावर में मामला दर्ज कराया है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालनी शुरू कर दी है।

पुजारी हरिमोहन शास्त्री ने बताया कि बीते 6 अक्टूबर की सुबह जब वे मंदिर में पूजा-अर्चना के लिए पहुंचे, तो उन्होंने देखा कि दानपात्र का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखी भक्तों की ओर से चढ़ाई गई नकदी पूरी तरह गायब थी। इस पर उन्होंने तत्काल




कॉलोनीवासियों को सूचना दी। मोहल्ले में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची गई, जिसमें दो युवक साइकिल पर सवार होकर मंदिर परिसर में प्रवेश करते हुए और कुछ देर बाद लौटते हुए नजर आए। फुटेज में दोनों के चेहरे स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहे हैं।

**पुजारी ने पुलिस को बताया कि** दानपात्र में करीब 15 हजार रुपए नकद रखे हुए थे, जिन्हें चोरों ने रात के अंधेरे में ताला तोड़कर उड़ा लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर अज्ञात चोरों की तलाश शुरू कर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में कैद दोनों युवकों की पहचान की जा रही है और जल्द ही वारदात का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**स्थानीय लोगों का कहना है कि** मंदिर परिसर में रात्रिकालीन सुरक्षा और गश्त की कमी के कारण ऐसी घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। क्षेत्रवासियों ने पुलिस प्रशासन से मंदिरों में रात्री गश्त बढ़ाने और कॉलोनी में अतिरिक्त कैमरे लगवाने की मांग की है।

इस चोरी की घटना ने न केवल श्रद्धालुओं की भावनाओं को आहत किया है, बल्कि सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। लोगों का कहना है कि मंदिर आस्था और विश्वास का केंद्र हैं, ऐसे में वहां चोरी जैसी घटनाएं असहनीय हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी जल्द कानून के शिकंजे में होंगे और चोरी की रकम बरामद करने के लिए विशेष टीम गठित की गई है।

## सितारगंज के रम्पुरा में सरकारी भूमि पर अवैध कब्जे का मामला गर्माया

## स्थानीयों में आक्रोश, मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों से शिकायत कर कार्रवाई की मांग

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज ।** ग्राम रम्पुरा में राज्य सरकार की श्रेणी 6-2 की भूमि पर अवैध कब्जा कर बहुमंजिला इमारत खड़ी किए जाने का मामला अब सुर्खियों में है। ग्राम हल्दुआ निवासी हरमीत सिंह पुत्र सुवेग सिंह ने मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सहित उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र भेजकर आरोप लगाया है कि चेतन जिंदल व गौरव जिंदल पुत्रगण ईश्वर जिंदल द्वारा ग्राम रम्पुरा स्थित खसरा संख्या 173 व 174 (कुल लगभग 1200 वर्गफिट भूमि) पर प्रशासनिक मिलीभगत से अवैध रूप से तीन मंजिला भवन का निर्माण किया जा रहा है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उक्त भूमि राज्य सरकार के स्वामित्व की है और खतौनी में पार्क को जाने वाली सड़क के रूप में दर्ज है, इसके बावजूद उक्त व्यक्तियों




ने "मिठास स्वीट्स" के नाम से बोर्ड लगाकर अवैध निर्माण जारी रखा हुआ है। हरमीत सिंह का कहना है कि उन्होंने इस अवैध निर्माण की शिकायत कई बार स्थानीय प्रशासन से मौखिक व लिखित रूप से की, लेकिन कार्रवाई के अभाव में अब भूमाफिया के हौसले बुलंद हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकारी भूमि पर कब्जा कर निजी लाभ कमाने की कोशिश न केवल शासन के नियमों की खुली अवहेलना है, बल्कि यह सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुँचाने का भी मामला है। नगरवासियों ने इस पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कठोर कार्रवाई की मांग की है।मुख्यमंत्री सहित उच्चाधिकारियों को भेजे गए शिकायती पत्र में मांग की गई है कि अवैध निर्माण कार्य को तत्काल रोका जाए, पहले से बने निर्माण को ध्वस्त किया जाए और भूमि को अतिक्रमण मुक्त कर जनहित के कार्यों के लिए सुरक्षित रखा जाए। स्थानीय नागरिकों ने चेतावनी दी है

## सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में नदी महोत्सव'कार्यक्रम संपन्न हुआ

### अलग-अलग स्कूलों के ढाई सौ से अधिक भैया-बहनों ने प्रतिभाग किया

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज (दीपक भारद्वाज) ।** विद्यालय में "नदी महोत्सव"कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें सितारगंज क्षेत्र के अलग-अलग स्कूलों के ढाई सौ से अधिक भैया-बहनों ने प्रतिभाग किया जिसका विषय नुक्कड़ नाटक, चित्रकला, भाषण,निबंध और नदी पर आधारित लोक संगीत था जिसमें दीपांशु जोशी कक्षा 10 निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान, श्रृंग्वी दीक्षित कक्षा 11 भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान और अश्वनी गंगवार कक्षा 8 भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान पर रहे कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र के आगे कार्यक्रम संयोजक प्रधानाचार्य निरंजन सिंह मनोज कुमार जी, हृदेश जी, आदित्य रघुवंशी जी, प्रेमचंद प्रसाद जी ने किया। प्रधानाचार्य जी ने नदी महोत्सव को मनाने का हेतु स्पष्ट किया और उन्होंने कहा की नदियां हमारे रीढ़ हैं प्राचीन समय से ही नदियों का अपने देश की अर्थव्यवस्था में, कृषि में, संस्कृति में,पारिस्थितिकी परितंत्र में, जीव जन्तु जीवन में,पेय जल में, आवागमन में ,ज्ञान परंपरा में,अनमोल योगदान रहा है ।




## गैंगस्टर वीरेन्द्र चारण के घर पर पुलिस की रेड

## सुजानगढ़, रतनगढ़, बीदासर पुलिस की पूरे एरिया में एकसाथ कार्रवाई

### कुचामन में रमेश रुलानिया हत्याकांड का है मास्टरमाइंड

द डेस्प्रिंग

**सुजानगढ़।**सुजानगढ़ सदर पुलिस ने शनिवार को डीएसपी दरजाराम के नेतृत्व ने गैंगस्टर वीरेन्द्र चारण के घर पर दबिश देकर तलाशी ली।गांव बोबासर चारणान स्थित चारण के मकान पर पुलिस की गाड़ियां अचानक पहुंची और पूरे मकान की तलाशी ली। एडिशनल एसपी दिनेश कुमार, डीएसपी दरजाराम और सदर थाना सीआई पुष्पेंद्र झाझड़िया ने वहां मौजूद वीरेंद्र की मां, चचेरे भाई और चाचा से पूछताछ की। इसके बाद खेत में गए वीरेन्द्र के पिता नरेन्द्र सिंह को बुलाकर पूछताछ की। कार्रवाई में एसआई गीता रानी सहित आरएसी जाप्ता तैनात रहा। कुचामन के व्यापारी रमेश रुलानिया की हत्या के मास्टरमाइंड माने जा रहे वीरेन्द्र चारण ने हत्या के बाद सोशल मीडिया पर पोस्ट कर हत्या की जिम्मेदारी ली थी। घटना के बाद से राज्य भर में पुलिस कई जगह वीरेंद्र की तलाश कर रही है। वीरेन्द्र सुजानगढ़ सदर थाने का मोस्ट वांटेड हिस्ट्रीशीटर है। जिसने 2023 में सुजानगढ़ के एक ज्वेलर पर धमकी देकर फायरिंग की घटना को भी अंजाम दिया था।



# संपादकीय

# सड़कें सिर्फ गाड़ियों के लिए हैं क्या?



सड़कों पर पैदल चलने वालों को सुरक्षा का उतना ही अधिकार है, जितना वाहनों में सवार लोगों का होता है। इस पर गौर करना जरूरी है कि सड़कें केवल वाहनों के लिए नहीं हैं, पैदल यात्रियों को भी उन पर चलने का हक है। यातायात नियम भी सभी पर लागू होते हैं। मगर सवाल है कि क्या पैदल यात्रियों की सुरक्षा को गंभीरता से लिया जा रहा है? हर वर्ष सड़क हादसों में जान गंवाने वालों में बड़ी संख्या पैदल यात्रियों की होती है। यह सड़कों पर पैदल चलने वालों की सुरक्षा में एक गहरी प्रणालीगत विफलता है।

यही वजह है कि अब सर्वोच्च न्यायालय ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पैदल यात्रियों तथा गैर-मोटर चालित वाहनों के लिए नियम बनाने का निर्देश दिया है। इसके लिए छह माह की समय सीमा तय की गई है। हालांकि, कुछ राज्य इस दिशा में पहले ही कदम बढ़ा चुके हैं, लेकिन उनकी नियमावली या तो पूरी तरह स्पष्ट नहीं है या फिर उन पर कड़ाई से अमल नहीं हो पा रहा है।

देश में सड़क सुरक्षा की स्थिति क्या है, इसका अंदाजा केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की ओर से पिछले दिनों जारी एक रपट से लगाया जा सकता है। इसके मुताबिक, वर्ष 2023 में देश भर में 4.8 लाख से ज्यादा सड़क हादसे हुए हैं। इनमें से करीब 1.72 लाख लोगों की मौत हो गई और 4.62 लाख लोग घायल हुए। इन हादसों में जान गंवाने वालों में 68 फीसद पैदल यात्री और दोपहिया सवार शामिल थे। यह आंकड़ा बताता है कि सड़कों पर सबसे ज्यादा खतरा पैदल चलने वालों और दोपहिया चालकों को होता है।

दरअसल, देश में ज्यादातर सड़कें मुख्य रूप से वाहनों को ध्यान में रख कर ही बनाई गई हैं, जिससे पैदल यात्रियों को अपनी सुरक्षा के लिए जद्दोजहद करनी पड़ती है। यह बात छिपी नहीं है कि अधिकांश शहरों में फुटपाथ या तो हैं ही नहीं या वे टूटे हुए हैं या फिर उन पर अतिक्रमण हो गया है। इस वजह से नागरिकों को मुख्य सड़कों पर चलने के लिए विवश होना पड़ता है, जहां तेज रफ्तार वाहनों से हमेशा हादसे का खतरा बना रहता है।

सड़कों पर यातायात को सुचारु रूप से संचालित करने और सुरक्षा के लिए देश में मोटर वाहन अधिनियम बनाया गया है, मगर उसमें 'पैदल चलने के अधिकार' को स्पष्ट रूप से परिभाषित नहीं किया गया है। इस कारण पैदल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। भारतीय सड़क कांग्रेस ने वर्ष 2012 में फुटपाथों को लेकर कई सुझाव दिए थे, जिनमें पैदल चलने के लिए कम से कम 1.8 मीटर चौड़ा और बाधा-मुक्त क्षेत्र बनाने का सुझाव भी शामिल था। इसके अलावा सरकार की ओर से सड़क सुरक्षा शिक्षा देने, यातायात नियमों को सख्ती से लागू करने, सड़कों की बनावट में सुधार और आधुनिक तकनीकों के उपयोग को लेकर भी अभियान शुरू किया गया है। मगर इस दिशा में जमीनी स्तर पर अभी भी कोई खास सुधार नजर नहीं आता है। वास्तविकता यह है कि सड़क बनाने और रखरखाव का काम करने वाली एजंसियां भी यातायात नियमों को अनदेखा कर देती हैं। इसलिए सर्वोच्च न्यायालय ने अपने फैसले में राष्ट्रीय राजमार्गों के अलावा अन्य सड़कों के लिए डिजाइन के मानकों, निर्माण और रखरखाव को लेकर भी राज्यों को नियम बनाने के निर्देश जारी किए हैं।

## सुरंगें, सड़कें और कटती पहाड़ियां, क्या हम हिमालय को खत्म करके ही मानेंगे?



हिमालयी राज्यों में पहाड़ों के दरकने का सिलसिला आखिर क्यों शुरू हो गया है? हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर में हुए हादसे ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है। कहीं यह विकास की धारा में पहाड़ों की प्रकृति से छेड़छाड़ का नतीजा तो नही है ! बाढ़ और भूस्खलन की बढ़ती घटनाएं इसी ओर इशारा कर रही हैं। गौरतलब है कि बिलासपुर जिले के बरठीं में मंगलवार शाम को पहाड़ का एक हिस्सा टूट कर निजी बस पर जा गिरा, जिससे कई लोगों की जान चली गई। कहा जा रहा है कि जिस जगह यह हादसा हुआ, वहां पहाड़ से अक्सर पत्थर गिरते थे। इसके बावजूद उस स्थान को चिह्नित कर सुरक्षा के इंतजाम नहीं किए गए। यह गंभीर चिंता का विषय है कि पहाड़ी राज्यों में भूस्खलन से हादसे लगातार बढ़ रहे हैं, मगर इसे सिर्फ भारी बारिश से जोड़कर ही देखा जाता रहा है। जबकि अनियंत्रित निर्माण कार्यों और वन भूमि के क्षरण के पहलू की अनदेखी की जा रही है। इसमें दोराय नहीं कि हम पहाड़ों को संरक्षित करने के बजाय उन्हें लगातार क्षति पहुंचा रहे हैं। पहाड़ों की सुंदरता पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है और उनकी सुविधा के लिए वहां नई सड़कों का निर्माण एवं विस्तार के साथ सुरंगें तैयार की जा रही हैं। जाहिर है, इसके लिए पहाड़ों को काटा जा रहा है, जिससे वे अंदर से खोखले हो रहे हैं। सैलानियों की बढ़ती संख्या और वाहनों का दबाव भी पहाड़ों को झेलना पड़ रहा है। रही-सही कसर पेड़ों की अनियंत्रित कटाई ने पूरी कर दी है। अब पहाड़ इतने कमजोर हो गए हैं कि भारी बारिश या बादल फटने की स्थिति में वे खुद को संभाल नहीं पाते हैं। इसका नतीजा बाढ़ और भारी भूस्खलन के रूप में सामने आता है। नीति निर्माताओं और जनता को यह याद रखना होगा कि विकास के साथ-साथ पर्यावरण एवं प्रकृति का संरक्षण भी बेहद जरूरी है। अगर ऐसा नहीं हुआ तो इसकी कीमत हमें जानमाल के नुकसान के रूप में चुकानी पड़ सकती है। अब समय आ गया है कि इस विषय पर गंभीरता से विचार किया जाए और संतुलित विकास की ओर कदम बढ़ाया जाए।

## आज का कार्टून




# किसकी पूरी होगी आस, किसकी टूटेगी उम्मीद

हर बार की तरह बिहार विधानसभा का मौजूदा चुनाव उन सभी लोगों के लिए उम्मीदें लेकर आया है, जो खुद चुनाव मैदान में उतरने जा रहे हैं.. उनके समर्थकों की भी उनकी कामयाबी से आस लगी है। कार्यकर्ताओं का बड़ा वर्ग ऐसा भी है, जिसकी सेहत उस दल की जीत या हार पर निर्भर करती है, जिससे उसकी प्रतिबद्धता जुड़ी होती है। लेकिन सबसे ज्यादा उम्मीद पहली बार खुद चुनावी मैदान में उतरने जा रहे प्रशांत किशोर को है। उम्मीद तो तेजस्वी यादव को भी है। उन्हें लगता है कि इस बार उनके नाम के बाद अतीत में लगे उप विशेषण से मुक्ति मिल जाएगी। उम्मीद उस बीजेपी को भी है, जो अपने सहयोगी की तुलना में संख्या बल में ताकवतर होने के बावजूद छोटे भाई की भूमिका निभाने को मजबूर रही है। आस तेजप्रताप को भी है कि वे लालू-राबड़ी की छाया से दूर होने के बावजूद चुनावी मैदान में कमाल दिखाने में वे सफल रहे हैं। देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को भी ऐसी ही उम्मीदें हैं। उसे भावी सरकार में हिस्सेदारी की आस है। लेकिन अन्य दलों की तुलना में उसकी उम्मीद कुछ अलग भी है। उसे लगता है कि अगर इस चुनाव में तेजस्वी की अगुआई वाले उसके गठबंधन ने मोदी-नीतीश की जोड़ी को पटखनी दे दी तो दिल्ली के ताज तक की उसकी यात्रा आसान हो जाएगी।

**उमेश चतुर्वेदी**

उम्मीदें खोखली नहीं होतीं। उनका कुछ ठोस आधार भी होता है। इस लिहाज से देखें तो हर पार्टी और उसके बड़े नेताओं की आस के कुछ ठोस आधार हैं। तेजस्वी यादव को लगता है कि उनके गठबंधन में शामिल कांग्रेस के चलते उनके पारंपरिक मुस्लिम-यादव गठजोड़ को राज्य के सवर्ण तबके के एक वर्ग का वोट मिल सकता है। पिछले चुनाव में उनका गठबंधन नीतीश की अगुआई वाले गठबंधन की तुलना में महज साढ़े सोलह हजार के करीब वोटों से ही पिछड़ गया था। उन्हें लगता है कि इस बार इस कमी को ना सिर्फ उनका गठबंधन पूरा कर लेगा,बल्कि आगे भी निकल जाएगा। लेकिन उन्हें भूलना नहीं चाहिए कि पिछली बार चिराग पासवान की अगुआई वाली लोक जनशक्ति पार्टी एनडीए से अलग होकर लड़ रही थी। तब उनका अघोषित और घोषित-दोनों उद्देश्य नीतीश कुमार को पटखनी देना था। इसमें वे पूरी तरह कामयाब तो नहीं हुए, अलबत्ता नीतीश के नतीजों को नुकसान पहुंचाने में कामयाब रहे। नीतीश की पार्टी को महज 43 सीटों से संतोष करना पड़ा था। लेकिन इस बार चिराग नीतीश के साथ हैं। अंदरखाने में भले ही वे नीतीश का साथ नहीं दे रहे हों, लेकिन करीब दस फीसद पासवान वोटरों का आधार एनडीए को मुहैया करा रहे हैं। इसलिए तेजस्वी को इस बार कहीं ज्यादा मेहनत करनी होगी। उन्हें राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के ठोस वोट बैंक में गहरी सेंध लगानी होगी। तेजस्वी के लिए राहत की बात यह है कि सीमांचल की 28 सीटों पर उन्हें चुनौती देने वाली एआईएम इस बार उनसे गठबंधन करने के लिए लालायित है। अगर बात बन जाती है तो तेजस्वी के गठबंधन के लिए चुनावी वैतरणी थोड़ी आसान हो जाएगी। लेकिन तेजस्वी की राह का एक बड़ा रोड़ा उनके बड़े भाई तेजप्रताप हैं। जिन्हें उनकी दो बहनों का परोक्ष साथ भी मिल रहा है। इससे बिहार के उनके कोर वोटरों में संदेश गया है कि परिवार में सबकुछ ठीक नहीं है। अगर तेजस्वी के साथ यादव युवाओं का एक वर्ग खड़ा हो गया तो ओबैसी के आने से मिलने वाले फायदे जितना तेजस्वी को नुकसान उठाना पड़ सकता है।

रही बात नीतीश कुमार की तो इस बार का चुनाव एक तरह से उनका आखिरी चुनाव है। हालांकि पिछली बार यानी 2020 में जब वे चुनावी चक्रव्यूह में फंसे नजर आ रहे थे तो उन्होंने कुछ सभाओं में पिछले ही चुनाव को आखिरी बता दिया था। यह बात और है कि इस बार अभी तक ऐसा उन्होंने कोई संदेश नहीं दिया है। लेकिन बिहार के सियासी और लोक गलियारों में जिस तरह उनके स्वास्थ्य को लेकर चर्चाएं हैं, उससे माना जा रहा है कि इस बार का चुनाव एक तरह से उनका आखिरी चुनाव होगा। राजनीतिक दुनिया में यह भी माना जा रहा है कि इस बार वे बीजेपी से यह गारंटी चाहेंगे कि उनके बेटे निशांत का नेतृत्व स्थापित हो जाए। निशांत ने कुछ महीने पहले राजनीतिक सक्रियता दिखाकर ऐसा संकेत भी दिया था। हालांकि कुछ अरसे से उन्होंने सियासी चुप्पी ओढ़ ली है। उनके इस रूख से माना जा रहा है कि बीजेपी से अंदरखाने में किसी ठोस बिंदु पर बातचीत हो चकी है। हो सकता है कि निशांत विधानसभा का चुनाव ना लड़ें। लेकिन वे चुनाव बाद विधान परिषद में ठीक उसी तरह आ सकते हैं, जैसे उनके पिता आए। याद कीजिए, 2005 के जिस विधानसभा चुनाव में विजय के साथ



नीतीश ने लालू राज को उखाड़ फेंका था, उस बार भी उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा था और विधान परिषद के सदस्य के नाते उन्होंने सरकार की अगुआई की थी। इस बार के चुनाव में जनता दल यू एकजुट तो दिखेगा, लेकिन चुनाव मैदान में सबसे ज्यादा सवालों का सामना अशोक चौधरी को करना होगा। जिनके भ्रष्टाचार की गाथा को प्रशांत किशोर लोकमानस के बीच पहुंचा चुके हैं। उनकी ही तर्ज पर बीजेपी की ओर से उप मुख्यमंत्री बने मुरेठाधारी सम्राट चौधरी के लिए भी खुद का बचाव करना मुश्किल होगा, जिनके शैक्षिक प्रमाण पत्र और हत्या के एक आरोप में बरी होने को प्रशांत किशोर ने बिहार का सवाल बनाकर रख दिया है।

बीजेपी इस बार चाहती है कि वह राज्य में बड़े भाई की भूमिका में रहे। बड़े भाई की भूमिका में आने के बाद ही वह राज्य की सर्वोच्च पार्टी बन सकती है। 1967 में समाजवादियों के साथ उसने जहां भी सरकार बनाई, उन राज्यों में बाद के दिनों में वह ना सिर्फ नंबर एक बन गई,बल्कि साथी समाजवादी दूर कहीं पीछे छूटते नजर आए। मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा, हरियाणा और कर्नाटक इसके उदाहरण हैं। लेकिन बिहार में अब भी वह खुद के दम पर अपना वजूद स्थापित करने से दूर है। इस बार बीजेपी चाहेगी कि राज्यमें उसकी अगुआई में सरकार बने। इसके लिए उसने अपने दो बड़े कद्दावर रणनीतिकारों धर्मेंद्र प्रधान और विनोद तावड़े को मैदान में उतार दिया है। दोनों ने बिहार में अपने ढंग से ऑपरेशन शुरू कर दिया है। मैथिली की लोक गायिका मैथिली ठाकुर को बीजेपी एक तरह से अपना उम्मीदवार घोषिकर ही चुकी है। सत्ता पर काबिज होने और राज्य की नंबर एक सियासी पार्टी बनने के लिए मोदी-शाह के युग में पार्टी ने नई रणनीति अख्तियार की है। वह लोकप्रिय चेहरों को अपने साथ जोडने में देर नहीं लगाती। वैचारिक रूप से विरोधी रहे लोगों को भी अपने पाले में लाने में उसे गुरेज नहीं रहा। बशर्ते कि उनके आने से पार्टी को दूरगामी राजनीतिक फायदा मिलता दिख रहा हो। मैथिली ठाकुर का अतीत ऐसा नहीं है। मिथिला के लोक रंग में पली मैथिली एक तरह से भारतीय जनता पार्टी की पारंपरिक हिंदुत्व की राजनीति की नजदीकी ही लगती हैं। चुनाव के दौरान बीजेपी ऐसे कई और चेहरों पर दांव लगा सकती है।

बीजेपी को उम्मीद अपने मजबूत रणनीतिक वोट बैंक पर है। अति पिछड़ों और सवर्ण तबके में उसकी पकड़ अच्छी है। कभी पिछड़ावादी राजनीति जिस समुदाय को भूराबाल यानी भूमिहार, राजपूत, ब्राह्मण और लाला यानी कायस्थ कहकर हिकारत का भाव दिखाती थी, उसे यह वर्ग भूला नहीं है। हालांकि हाल के दिनों में बीजेपी की ओर से पिछड़ावादी राजनीति को बढ़ावा देने और उसी समुदाय से नेतृत्व उभारने के चलते सवर्ण तबके का एक वर्ग नीतीश-बीजेपी जोड़ी से नाखुश भी है। लेकिन यह भी तय है कि जैसे इस वर्ग को लगेगा कि राष्ट्रीय जनता दल की अगुआई वाला गठबंधन जीत रहा है, एकजुट होकर बीजेपी-नीतीश गठबंधन को टूटकर वोट डालेगा। मुसहर और अति दलित जातियां बीजेपी के साथ नजर आ रही हैं। बिहार की राजनीति में कोईरी-कुर्मी की जोड़ी को लवकुश कहा जाता रहा है। नीतीश बेशक अपनी बिरादरी कुर्मी के ही नेता नहीं माने जाते, लेकिन कुर्मी समुदाय उन्हें ही अपना नेता मानता है। कुशवाहा यानी कोईरी वर्ग के नेता उपेंद्र कुशवाहा इसी गठबंधन में हैं। चिराग भी मजबूती के साथ खड़े हैं। लिहाजा जाति और धर्म की कीमियागिरी वाली बिहारी राजनीति में बीजेपी की अगुआई वाले गठबंधन के लिए यह जातीय मसाला बड़ी काम की चीज है।

इस बीच कई लोगों की उम्मीद की किरण प्रशांत किशोर बनकर उभरे हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उन्हें सिर्फ सवर्ण तबके के युवाओं का समर्थन हासिल है। लेकिन जमीनी स्तर पर निगाह रखने वाले राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बेशक प्रशांत किशोर के समर्थक युवाओं में सबसे बड़ी संख्या सवर्ण युवाओं की है। लेकिन अन्य वर्ग के भी पढ़े-लिखे युवा भी प्रशांत किशोर के साथ हैं। उन्हें लगता है कि भ्रष्टाचार, जातिवाद और धर्म केंद्रित राजनीति में प्रशांत किशोर बिहार के लिए उम्मीद की नई किरण हैं। जिस तरह 2013 के दिल्ली विधानसभा चुनावों में राजनीतिक और चुनावी विश्लेषक अरविंद केजरीवाल को विशेष तवज्जो नहीं दे रहे थे, कुछ वैसी ही सोच प्रशांत किशोर को लेकर भी दिख रही है। लेकिन जिस तरह नतीजों में अरविंद केजरीवाल ने लोगों और चुनाव विश्लेषकों को चौंकाया था, हो सकता है कि बिहार की जनता प्रशांत किशोर को लेकर वैसे ही देश-दुनिया को चौंकाने का मौका दे सकती है। इससे बिहार में अपनी साख को दांव पर लगा रहा हर दल चिंतित भी है और परेशान भी। वैसे प्रशांत किशोर का मानना है कि 243 सदस्यीय विधानसभा में या तो उन्हें 150 सीटें मिलेंगी या फिर दस-पंद्रह। इस लिहाज से देखें तो प्रशांत किशोर जमीनी स्तर की बात कर रहे हैं। हो सकता है कि नतीजे कुछ ऐसे ही रहें। वैसे अपना आकलन है कि वे बिहार की राजनीति में सेंध लगाने में कामयाब रहेंगे, लेकिन सरकार बनाने के जादुई आंकड़े को छू पाना उनके लिए कठिन रहने वाला है। बिहार की धरती लोकतंत्र की जननी रही है। आधुनिक लोकतांत्रिक प्रक्रिया यहां भले ही देश के बाकी हिस्से की तरह पूरी होती रही हो, लेकिन जाति और धर्म के खांचे में बैठी होने के चलते वह खासा बदनाम भी रही है। प्रशांत किशोर से शुरू में उम्मीद बढ़ी कि वे ऐसी ही राजनीति करेंगे। लेकिन पार्टी गठन के बाद जिस तरह उन्होंने धर्म विशेषकर मुसलमान समुदाय के लोगों को तवज्जो देने की बात करनी शुरू की, नई तरह की राजनीति की उम्मीद जताए बैठे लोगों को उनसे थोड़ी निराशा भी हुई। इस वजह से उनकी चुनौती बढ़ी भी है।

चुनाव नतीजों के बाद किसी की उम्मीद कामयाब दिखेगी तो किसी की टूटती दिखेगी। लेकिन एक शख्स ऐसा अब भी है, जिनकी उम्मीद फिलहाल टूटती नजर आ रही है। उपेंद्र कुशवाहा को लेकर उनके समर्थकों को आस थी कि जल्द ही वे केंद्रीय मंत्रिमंडल में स्थान बना पाने में कामयाब रहेंगे। लेकिन चुनावों की घोषणा के साथ ऐसा होना संभव नहीं रहा।

# सपा-कांग्रेस पर हमला, योगी की सराहना...

उत्तर प्रदेश की राजनीति आज फिर मायावती के तीखे तेवरों से गूंज उठी। कांशीराम के 19वें परिनिर्वाण दिवस पर आयोजित बसपा रैली सिर्फ श्रद्धांजलि का मंच नहीं थी बल्कि यह एक राजनीतिक घोषणा-पत्र भी था। मायावती ने इस अवसर को समाजवादी पार्टी पर करारा प्रहार करने, कांग्रेस को कठघरे में खड़ा करने और अप्रत्याशित रूप से भाजपा की आंशिक सराहना करने के लिए इस्तेमाल किया। बसपा मुखिया ने अपने भाषण में जिस तीखे अंदाज़ में सपा को दोगली राजनीति का प्रतीक बताया, वह स्पष्ट संकेत देता है कि मायावती आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव से पहले 'सामाजिक सम्मान बनाम दिखावटी राजनीति' के नैरेटिव को फिर से केंद्र में लाना चाहती हैं।

**नीरज कुमार दुबे**



मायावती ने सपा पर आरोप लगाया कि जब सत्ता में होती है तो दलित महापुरुषों की उपेक्षा करती है और सत्ता से बाहर आते ही उनके नाम पर संगोष्ठियाँ और श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित करती है। उन्होंने अखिलेश यादव पर सीधा निशाना साधते हुए कहा कि जब उनकी सरकार आई, तो उसने कांशीराम नगर का नाम बदल दिया, जबकि बसपा शासन ने इसे दलित अस्मिता का प्रतीक बनाकर स्थापित किया था। देखा जाये तो यह हमला सामाजिक प्रतिनिधित्व की सियासत पर भी था। मायावती ने सपा के पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) नारे को राजनीतिक पाखंड बताया और कहा कि सपा इन तबकों को केवल वोट बैंक की तरह इस्तेमाल करती है। राजनीतिक रूप से, यह बयान मायावती के पुराने वोटबैंक विशेषकर जाटव, पासी और वाल्मीकि समुदाय को यह संदेश देता है कि बसपा ही उनकी असली राजनीतिक आवाज़ है, न कि सपा जैसी अवसरवादी पार्टियाँ। मायावती ने कांग्रेस को भी नहीं छोड़ा। उन्होंने बाबा साहब आंबेडकर के प्रति कांग्रेस की ऐतिहासिक उपेक्षा की याद दिलाते हुए कहा कि न लोकसभा भेजा, न जीवनकाल में भारत रत्न दिया। उन्होंने यह भी जोड़ा कि मंडल आयोग की रिपोर्ट बसपा के प्रयासों से ही लागू हो सकी थी। यह आक्रमण दोहरे उद्देश्य वाला था। एक तो कांग्रेस को दलित विरोधी ठहराना, ताकि सपा-कांग्रेस गठबंधन की संभावनाएँ कमजोर दिखें। दूसरा बसपा को सामाजिक न्याय की असली वाहक के रूप में पुनः प्रस्तुत करना।

मायावती के भाषण का सबसे दिलचस्प हिस्सा तब आया जब मायावती ने भाजपा सरकार की सराहना की। मायावती ने कहा, %%बसपा राज्य सरकार की भी बहुत-बहुत आभारी है क्योंकि इस स्थल को देखने वाले लोगों के टिकटों का एकत्र हुआ पैसा पूर्व की सपा सरकार की तरह वर्तमान भाजपा की राज्य सरकार ने दबा कर नहीं रखा है बल्कि पार्टी के आग्रह करने पर इस स्मारक की मरम्मत करने पर पूरा खर्च किया है।%% बसपा प्रमुख ने कहा कि उन्होंने वर्ष 2007 में अपनी सरकार के शासनकाल में व्यवस्था की थी कि कांशीराम के सम्मान में बनवाये गये स्मारक स्थल के लिये टिकट लगाया जाएगा और उससे मिलने वाले धन को राजधानी लखनऊ में बनवाये गये स्मारकों और उद्यानों के रखरखाव पर खर्च किया जाएगा। उन्होंने कहा कि योगी आदित्यनाथ की सरकार ने स्मारकों की मरम्मत के लिए टिकट से मिली रकम का सही उपयोग किया, जबकि सपा सरकार ने उसे दबा कर रखा था। यह बयान राजनीतिक रूप से बेहद अहम है। यह मायावती की 'सॉफ्ट पॉलिटिकल बैलेंसिंग' का हिस्सा है- जहाँ वह भाजपा के साथ सीधी भिड़ंत से बचते हुए, विपक्षी गठबंधनों से दूरी बनाए रखना चाहती हैं। भाजपा के लिए यह संकेत सुकूनदायक है कि बसपा 2027 के चुनाव में तीसरा मोर्चा बनकर विपक्षी वोटों को बाँट सकती है।

देखा जाये तो कांशीराम की पुण्यतिथि का मंच, मायावती के लिए केवल श्रद्धांजलि नहीं, बल्कि राजनीतिक पुनर्स्थापना का अवसर था। 2022 के चुनावों में बसपा को मुश्किल से 12% वोट मिले थे। यह उसके अपने इतिहास का सबसे निचला स्तर था। अब जब सपा पीडीए के ज़रिये पिछड़े-दलित गठबंधन की राजनीति साधने में लगी है, मायावती का यह बयान एक काउंटर-नैरेटिव है कि हमारे महापुरुषों की विरासत को अवसरवादी राजनीति से बचाना ही सच्चा सम्मान है। मायावती का यह प्रयास अपने परंपरागत दलित आधार को फिर से एकजुट करने और उसे सपा से दूर रखने का है। साथ ही, भाजपा के साथ प्रत्यक्ष टकराव से बचकर वह राज्य में राजनैतिक प्रासंगिकता बनाए रखना चाहती हैं।

मायावती के भाषण से उत्तर प्रदेश की राजनीति पर पड़ने वाले असर को देखें तो बसपा मुखिया का यह हमला विशेष रूप से पश्चिमी और मध्य यूपी में सपा के दलित वोटबैंक में सेंध लगाने के लिए है। यदि बसपा अपने पारंपरिक मतदाताओं को भावनात्मक रूप से फिर से जोड़ पाती है, तो सपा को नुकसान तय है। बसपा की आक्रामकता सपा के खिलाफ भाजपा के लिए विपक्षी मतों का बिखराव सुनिश्चित कर सकती है। योगी सरकार पर नरम टिप्पणी से भाजपा को यह संकेत भी जाता है कि बसपा पूर्ण विरोधी नहीं है। साथ ही बसपा का कांग्रेस विरोधी रुख विपक्षी एकता के समीकरणों को और जटिल बनाएगा। मायावती का संदेश स्पष्ट है- दलित एजेंडा पर बसपा किसी गठबंधन में अधीनस्थ भूमिका स्वीकार नहीं करेगी।

इसके अलावा, यदि मायावती अपनी संगठित लेकिन शांत राजनीतिक शैली को जमीनी अभियान में बदल पाती हैं, तो यह रैली बसपा की पुनर्प्रविष्टि की शुरुआत मानी जाएगी। देखा जाये तो कांशीराम की पुण्यतिथि के बहाने मायावती ने उत्तर प्रदेश की राजनीति को नया कोण दे दिया है। उनका संदेश साफ़ है- दलित राजनीति की असली आवाज़ वही होगी, जो न सत्ता के लालच में झुके और न किसी गठबंधन में घुले। राजनीतिक तापमान बढ़ाने की दिशा में यह रैली बसपा के लिए रीसेट बटन साबित हो सकती है। और यदि मायावती इस लय को अगले चुनाव तक बनाए रखती हैं, तो उत्तर प्रदेश की सत्ता का गणित फिर एक बार नई शक्ल ले सकता है।

# हनुमानगढ़ में डीएसटी की सूचना पर टाउन पुलिस ने 31 क्विंटल 60 किलो डोडा पोस्त से भरा ट्रक जब्त कर 3 तस्करों को किया गिरफ्तार

## जब्त मादक पदार्थ एवं वाहन की बाजार में अनुमानित कीमत करीबन 6 करोड़ 50 लाख रुपए

द डेसिंप्रग



**हनुमानगढ़( विनोद चौधरी)** । पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए 31 क्विंटल 60 किलोग्राम डोडा पोस्त जब्त किया है। तीन तस्करों को गिरफ्तार कर उनके वाहन भी सीज किए गए हैं। जब्त मादक पदार्थ एवं वाहन की बाजार में अनुमानित कीमत करीबन 6 करोड़ 50 लाख रुपए है। यह कार्रवाई शनिवार को जिला पुलिस अधीक्षक हरीशंकर के निर्देश पर की गई।टाउन थाने में एसपी हरीशंकर ने बताया कि जिले में नशीले व मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में जिला विशेष टीम (ष्ठस्ज्ञ) प्रभारी एसआई सुशील कुमार की सूचना पर टाउन थाना के कार्यवाहक प्रभारी एसआई मोहर सिंह ने शनिवार को टीम के साथ जामनगर-अमृतसर एक्सप्रेस वे (भारतमाला रोड) हनुमान मन्दिर के सामने रोही कोहला में नाकाबंदी शुरू की।नाकाबंदी के दौरान सूचना के मुताबिक भारत माला रोड पर बीकानेर की तरफ से एस्कॉर्ट कार नम्बर एचआर 21 एबी 5979 आई। टीम ने कार को रुकवाया तो उसमें ड्राइवर सीट पर प्रकाश सिंह (34) पुत्र गुरचरण सिंह जटसिख निवासी अम्बेडकर नगर, गिदड़बाहा, पंजाब व उसके साथ सुखवीर सिंह (20) पुत्र निशान सिंह जटसिख निवासी गली नम्बर तीन, न्यू सच्चा सौदा रोड, मलोट पंजाब बैठे थे। टीम अभी कार की चैकिंग व सवारों से पूछताछ कर रही थी कि कार के पीछे-पीछे ट्रक नम्बर पीबी 11 बीएफ 4705 आता दिखाई दिया। ट्रक को रुकवाया तो ड्राइवर की पहचान जगजीत सिंह (37) पुत्र मक्खन सिंह मजहबी निवासी थेड़ी भाई की पीएस गिदड़बाहा जिला मुक्तसर, पंजाब के रूप में हुई। ट्रक की तलाशी के दौरान ट्रक में रखे प्लास्टिक के कुल 158 कट्टों में 31 क्विंटल 60 किलोग्राम डोडा पोस्त छिलका मिला। पोस्त बरामद कर कार ड्राइवर प्रकाशसिंह, सुखवीरसिंह व ट्रक ड्राइवर जगजीत सिंह को गिरफ्तार किया। कार-ट्रक जब्त कर तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया। अग्रिम अनुसंधान जारी है। कार्रवाई करने वाली पुलिस टीम में एसआई मोहरसिंह, कॉन्स्टेबल महंगा सिंह, चेतन प्रकाश, नायब सिंह, शंकरलाल व भीमसैन शामिल रहे। इस कार्रवाई में जिला विशेष टीम प्रभारी एसआई सुशील कुमार की विशेष भूमिका व जिला विशेष टीम सेक्टर हनुमानगढ़ का विशेष सहयोग रहा। प्रेस कॉन्फ्रेंस में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जनेश तंवर भी मौजूद रहे।

भादरा में डीएपी लेने गये किसानों पर लाठीचार्ज का मामला

# एएसआई चेतराम लाइन हाजिर व हवलदार सत्यवान, सुमेरसिंह निलंबित

द डेसिंप्रग

**हनुमानगढ़( विनोद चौधरी)** । भादरा में डीएपी खाद के टोकन लेने के लिए लाइन में लगे किसानों पर हुए लाठीचार्ज मामले में पुलिस प्रशासन ने कार्रवाई की है। इस घटना लेकर एएसआई चेतराम को लाइन हाजिर कर दिया है, जबकि हवलदार सुमेरसिंह और सत्यबान को सस्पेंड दिया गया है। उक्त मामला शुक्रवार को कृषि विश्राम गृह में डीएपी खाद के टोकन वितरण के दौरान हुई। गुरुवार रात से ही सैकड़ों किसान, जिनमें महिलाएं भी शामिल थीं, टोकनलेने के लिए लाइन में खड़े थे। सुवह करीब 11 बजे टोकन वितरण के समय बेकाबू भीड़ को नियंत्रित करने के लिए कुछ पुलिसकर्मियों ने कथित रूप से को लाठीचार्ज किया। किसानों व नेताओं का आरोप है कि गया पुलिस ने बिना किसी चेतावनी के उन पर लाठियां बरसाई, कर जिससे भगदड़ मच गई और गया। कई किसानों को चोटें आई और उनका सामान भी अफरा-तफरी का माहौल बन वहीं छूट गया। किसानों ने इस पुलिस कार्रवाई पर गहरा रोष व्यक्त किया है। माकपा नेता मंगेज चौधरी व भादरा के पूर्व विधायक बलवान पूनिया ने लाठीचार्ज को निंदनीय बताते हुए खाद वितरण व्यवस्था में सुधार की मांग की। पुलिस के उच्चाधिकारियों ने वीडियो सामने आने के वाद मामले की जांच की गई और प्रारंभिक तौर पर जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की गई। एएसआई चेतराम को लाइन हाजिर किया गया है, जबकि हवलदार सुमेरसिंह और सत्यवान को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। सियासी गलियारों में इसे लेकर तीखी चर्चाएं थी।

# ग्राम पंचायत थालड़का में डीएपी खाद को लेकर मचा हाहाकार , ग्राम सेवा सहकारी समिति के आगे सुबह छः बजे पहुंचे किसान, कई किसान बेरिंग लौटे

द डेसिंप्रग

**हनुमानगढ़ (विनोद चौधरी)**। ग्राम पंचायत थालड़का कि आदर्श ग्राम सेवा सहकारी समिति पर शनिवार को 300 बैंग डीएपी खाद आई हुई है।डीएपी खाद का वितरण 10 बजे शुरू किया गया ।मगर किसान सुबह 6:00 बजे से पहले गोदाम के आगे जाकर लाइन में खड़े हो गए। किसानों ने बताया कि 300 बैंग डीएपी खाद से कुछ नहीं होने वाला यहां लगभग किसानों को 4000 से अधिक डीएपी खाद के बैग की आवश्यकता है। गोदाम के आगे भारी संख्या में किसान डीएपी इंतजार में खड़े रहे। किसानों की ज्यादा संख्या होने से एक बार किसानों की आपसी में गर्म गर्मी धक्का-मुक्की तक कि नौबत आ गई। ग्राम सेवा सहकारी समिति व्यवस्थापक अनूप कुमार अन्य ग्रामीणों ने किसानों को समझाइए कर मामला शांत किया ?। मौके पर लगभग 400 से 500 किसान मौके पर पहुंचे। जिसमें मात्र 300 किसानों को ही डीएपी खाद मिली बाकी किसान बेरिंग लौट गए। बेरिंग लौटे हुए किसानों के चेहरे पर मायूसी देखने को मिली। बोले अभी सरसों के बिजाई शुरू हो रही है मगर समय पर डीएपी नहीं मिलने के कारण भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। किसानों के साथ में सरकार व्यवहार सही नहीं कर रही है समय रहते डीएपी खाद उपलब्ध नहीं करवा रही है जिसे किसानों को बहुत ज्यादा नुकसान हो रहा है। जागरूक किसानों का



कहना है कि अगर समय रहते डीएपी खाद उपलब्ध नहीं हुई तो किसानों को बड़े स्तर पर आंदोलन करना पड़ेगा। इधर व्यवस्थापक अनूप कुमार ने बताया कि ग्राम सेवा सहकारी समिति लि. में डीएपी खाद 1-1 बैग प्रति किसान वितरित किए गये है और मौके पर कृषि पर्यवेक्षक रोशनी द्वारा टोकन सिस्टम से डीएपी खाद का वितरण किया गया 300 बैग डीएपी समिति में प्राप्त हुए। जिसका वितरण कर दिया गया। इस मौके पर स्थानीय कृषि पर्यवेक्षक रोशनी, व्यवस्थापक अनूप कुमार, सहायक व्यवस्थापक भूप सिंह, सहायक कर्मचारी राजेन्द्र, अध्यक्ष प्रतिनिधि मुरली सिंह, उपाध्यक्ष रामचंद्र गोदारा,संचालक मण्डल सदस्य ओम प्रकाश, सुरेश वर्मा,राम सुख मेघवाल,दलीप सिंह आदि मौजूद रहे।

# महवा में प्रधानमंत्री धन धान्य योजना का हुआ शुभारंभ

## 'गरीब की थाली और किसान की खेती अब आत्मनिर्भर भारत की पहचान-विधायक राजेन्द्र

द डेसिंप्रग




**महवा / मनोज खंडेलवाल** । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शनिवार को राष्ट्रव्यापी रूप से शुभारंभ की गई "प्रधानमंत्री धन धान्य योजना" और "दलहन मिशन" के साथ ही महवा उपखंड में ग्रामीण अर्थव्यवस्था के सशक्तिकरण की नई धारा बह निकली। इस अवसर पर कृषि उपज मंडी महवा में आयोजित स्थानीय समारोह का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र मीना ने किया। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नवीन अनाज मंडी समिति महवा के तत्वावधान में किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसान, व्यापारी, भाजपा कार्यकर्ता और ग्रामीणजन मौजूद रहे। विधायक राजेन्द्र मीना ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की कृषि नीति केवल उत्पादन तक सीमित न रहकर अब किसान को उद्यमी और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में क्रांतिकारी रूप से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य योजना और दलहन मिशन किसानों के खेतों में समृद्धि और आत्मविश्वास के नए युग का सूत्रपात करेंगे। योजना के तहत भंडारण, प्रसंस्करण, मूल्यवर्धन और विपणन की उन्नत व्यवस्थाएं स्थापित की जाएंगी, जिससे किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य सुनिश्चित हो सकेगा। मीना ने कहा कि मोदी सरकार का लक्ष्य केवल योजनाएं लागू करना नहीं, बल्कि "विकास को हर गांव और सम्मान को हर किसान तक पहुंचाना" है। उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं – जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत और जनधन योजना – ने आमजन, महिलाओं और किसानों के जीवन में स्थायी परिवर्तन लाया है। कार्यक्रम के दौरान विधायक ने क्षेत्र के पात्र लाभार्थियों को इन योजनाओं के अंतर्गत लाभ राशि के चेक वितरित किए। उन्होंने कहा कि महवा जैसे कृषि प्रधान क्षेत्र में प्रधानमंत्री धन धान्य योजना से कृषि क्षेत्र में आधुनिकता और पारदर्शिता को नई दिशा मिलेगी। किसानों को उपज के बेहतर दाम, तकनीकी सुविधा और मंडियों में सुचारू व्यवस्था का लाभ प्राप्त होगा। मीना ने कहा, "अब किसान केवल उत्पादक नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत के आर्थिक स्तंभ के रूप में पहचाना जाएगा – यही मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है।"इस दौरान नवीन अनाज मंडी समिति महवा के पदाधिकारियों ने जानकारी दी कि किसानों को योजना से जोड़ने के लिए आगामी दिनों में विशेष जागरूकता शिविरों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि समिति का उद्देश्य हर पात्र किसान को सरकारी योजनाओं से जोड़कर उसे आर्थिक रूप से मजबूत बनाना है। कार्यक्रम में विधानसभा क्षेत्र के सभी मंडल अध्यक्ष, मंडी समिति पदाधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता, किसान प्रतिनिधि, व्यापारीगण व ग्रामीणजन बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन विधायक राजेन्द्र मीना के इस प्रेरक संदेश के साथ हुआ –"गरीब की थाली में भरपूर अन्न और किसान के खेत में सम्मानजनक उपज – यही आत्मनिर्भर भारत की सच्ची तस्वीर है।"

जयपुर में नजर आई एमएफ हुसैन की पेंटिंग

# एक ही छत के नीचे देश के दिग्गज कलाकारों की कलाकृतियां प्रदर्शित, 'वर्च्यूसिटी' प्रदर्शनी की शुरुआत

द डेसिंप्रग



**जयपुर** । आइसीए गैलरी में भारतीय आधुनिक कला के शानदार उत्सव 'वर्च्यूसिटी' का उद्घाटन हुआ। आइसीए गैलरी में भारतीय आधुनिक कला के शानदार उत्सव 'वर्च्यूसिटी' का उद्घाटन हुआ। आइसीए गैलरी में भारतीय आधुनिक कला के शानदार उत्सव 'वर्च्यूसिटी' का उद्घाटन हुआ। यह गैलरी की 17वीं वर्षगांठ का अवसर था, जिसके तहत आयोजित इस वार्षिक प्रदर्शनी में देशभर के 65 से अधिक प्रतिष्ठित कलाकारों की रचनाएं एक ही छत के नीचे प्रदर्शित की गईं। इस खास मौके पर आयोजित प्रीव्यू इवेंट में जयपुर के प्रमुख कला प्रेमियों और अतिथियों ने भाग लिया और भारतीय आधुनिक कला की इस भव्य झलक का नजदीकी अनुभव लिया।

## पी.जी. कॉलेज के होम साइंस विभाग में फ्रेशर पार्टी का आयोजन

द डेसिंप्रग



**गोरखपुर/संजय कुमार** । महात्मा गांधी पी.जी. कॉलेज के होम साइंस विभाग में नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं के स्वागत हेतु फ्रेशर पार्टी का आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो अनिल कुमार सिंह, प्रो अवनीश कुमार यादव एवं प्रो उमेश कुमार गुप्ता द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। वरिष्ठ छात्राओं ने नए विद्यार्थियों का स्वागत पुष्पगुच्छ देकर किया। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ जैसे गीत, नृत्य, कविता एवं फैशन शो का आयोजन किया गया, जिसमें छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। मंच संचालन शालिनी शर्मा एवं शगुन साक्षी द्वारा किया गया तथा निर्णायक मंडल ने सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति देने वाली छात्राओं को पुरस्कृत किया। रहमान को मिस्टर फ्रेशर एवं रितिका शर्मा को मिस फ्रेशर चुना गया और साथ ही मिस एक्टिव अमृता, मिस सिंसियर पूर्णिमा, मिस इंस्पिरेशन प्रगति, मिस सोबर कायनात, मिस्टर रिस्पॉन्सिबल आदित्य, एवं मिस कल्चरल श्रद्धा को चुना गया विभागाध्यक्ष डॉ शक्ति सिंह , डॉ प्रियंका श्रीवास्तव, एवं डॉ नीलम वैश्य ने अपने उद्बोधन में नवप्रवेशी छात्राओं को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं और कॉलेज की परंपराओं एवं अनुशासन के पालन का संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन सभी छात्र छात्राओं के बीच सौहार्दपूर्ण वातावरण में हुआ।

मंडावर डाकघर में जनकल्याण योजनाओं को लेकर हुई विशेष बैठक

# बेटियों के सुकन्या खाते और आमजन के लिए पीपीएफ को मिला नया जनसमर्थन

द डेसिंप्रग

**मंडावर / मनोज खंडेलवाल** । अधीक्षक डाकघर जयपुर देहात मण्डल भूपेन्द्र पाराशर के निर्देशानुसार भारतीय डाक विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने और वित्तीय सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से महवा रोड मंडावर डाकघर में शनिवार को एक विशेष बैठक आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता पोस्टमास्टर हरकेश मीना ने की, जिसमें बनावड़, गढ़ हिम्मतसिंह, हल्दैना, जटवाड़ा, कोट, मंडावर सिंह, रींदली, जैतपुर सहित सभी अधीनस्थ शाखाओं के शाखा डाकपाल और एजेंट शामिल हुए। इस अवसर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले शाखा डाकपालों और एजेंटों को सम्मानित भी किया गया। पोस्टमास्टर हरकेश मीना ने बताया कि यह बैठक अधीक्षक भूपेन्द्र पाराशर द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप आयोजित की गई है, ताकि डाक विभाग की योजनाएं जन-जन तक पहुंच सकें और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया जा सके। उन्होंने कहा कि भारतीय डाक विभाग की योजनाएं आज हर गांव और हर परिवार की आर्थिक सुरक्षा का मजबूत आधार बन चुकी हैं। उन्होंने सभी शाखा डाकपालों व एजेंटों से अपील की कि वे गांव-गांव जाकर डाकघर की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करें, ताकि हर पात्र नागरिक तक इनका लाभ पहुंच सके। उन्होंने बताया कि लोक भविष्य निधि (PPF), सुकन्या समृद्धि योजना, डाक जीवन बीमा (PLI), ग्रामीण डाक जीवन बीमा (RPLI)



और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (स्ष्टस्स्) जैसी योजनाएं न केवल सुरक्षित निवेश का माध्यम हैं बल्कि जीवनभर की वित्तीय सुरक्षा की गारंटी भी प्रदान करती हैं। पोस्टमास्टर ने कहा कि सुकन्या समृद्धि योजना बेटियों के उज्ज्वल भविष्य की सबसे विश्वसनीय बचत योजना है, जिसमें जन्म से लेकर 10 वर्ष की आयु तक की बालिकाओं के नाम पर खाता खोला जा सकता है। इस योजना में उच्च ब्याज दर और करमुक्त रिटर्न का लाभ मिलता है। वहीं लोक भविष्य निधि (PPF) योजना सभी नागरिकों के लिए खुली है, जिसकी परिपक्वता अवधि 15 वर्ष होती है और इसमें आयकर अधिनियम की धारा 80ष्ट के अंतर्गत छूट उपलब्ध है। इसके अलावा डाक जीवन बीमा (PLI) और ग्रामीण डाक जीवन बीमा (RPLI) जैसी योजनाएं कम प्रीमियम में अधिक सुरक्षा और बोनस प्रदान करती हैं। इन योजनाओं के दायरे में केंद्र व राज्य सरकार के कर्मचारी, शिक्षण संस्थानों के स्टाफ, पेशेवर वर्ग तथा ग्रामीण क्षेत्र के नागरिक शामिल हैं। साथ ही राष्ट्रीय बचत पत्र (NSC), किसान विकास पत्र (KVP), मासिक आय योजना (MIS), आवर्ती जमा (RD), सावधि जमा (TD) और वरिष्ठ नागरिक बचत योजना (SCSS) जैसी योजनाएं भी आमजन के बीच तेजी से लोकप्रिय हो रही हैं, क्योंकि इनमें सुरक्षित निवेश के साथ आकर्षक ब्याज दर और कर लाभ की सुविधा उपलब्ध है। पोस्टमास्टर ने यह भी जानकारी दी कि अब प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना (PMSBY), प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना (PMJJBY) और अटल पेंशन योजना (APY) जैसी जन सुरक्षा योजनाएं भी डाकघर के माध्यम से अत्यंत सरल प्रक्रिया में उपलब्ध हैं, जिनसे हर वर्ग का व्यक्ति न्यूनतम प्रीमियम में अधिकतम सुरक्षा लाभ प्राप्त कर सकता है। बैठक में मौजूद शाखा डाकपालों और एजेंटों ने यह संकल्प लिया कि वे गांव-गांव जाकर इन योजनाओं का प्रचार करेंगे और खातों के लक्ष्यों को निर्धारित समय से पहले पूरा करेंगे। कार्यक्रम में राकेश गुर्जर, मुकेश मीना, दीपक सिंहल, अमित शर्मा सहित डाकघर मंडावर का समस्त स्टाफ, सभी शाखा डाकपाल व डाक एजेंट उपस्थित रहे। बैठक का समापन पोस्टमास्टर हरकेश मीना के इस प्रेरक संदेश के साथ हुआ – "बचत और सुरक्षा अब हर गांव के हर घर तक – यही भारतीय डाक की प्रतिबद्धता है।"

दौसा में बालिकाओं को आत्मरक्षा का दिया गया प्रशिक्षण

# एएसपी गुरुशरण राव बोले, 'सशक्त बालिका ही सुरक्षित समाज की नींव'

द डेसिंप्रग

**दौसा / मनोज खंडेलवाल** । आदर्श शिक्षा समिति, दौसा द्वारा संचालित विद्यालयों में शुक्रवार को बालिकाओं की सुरक्षा और आत्मरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर, गेटोलाव रोड, दौसा में हुआ, जिसमें कालिका पेट्रोल यूनिट, राजस्थान पुलिस दौसा के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एएसपी) गुरुशरण राव ने छात्राओं को आत्मरक्षा संबंधी व्यवहारिक प्रशिक्षण और कानूनी जानकारी प्रदान की। एएसपी राव ने बालिकाओं से कहा कि "सशक्त और आत्मनिर्भर बनना ही सुरक्षा की पहली शर्त है"। उन्होंने छात्राओं को 'गुड टच' और 'बैड टच' के बीच अंतर को सरल उदाहरणों से समझाया तथा हर परिस्थिति में आत्मविश्वास



बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने राजकोप सिटीजन ऐप, महिला हेल्पलाइन 1091, गरिमा हेल्पलाइन तथा अन्य सुरक्षा तंत्रों की जानकारी देते हुए बताया कि संकट की स्थिति में इन माध्यमों से तुरंत पुलिस सहायता कैसे प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का संचालन आदर्श शिक्षा समिति, दौसा के व्यवस्थापक राजेंद्र कुमार सोनी और जिला सचिव कमलेश गौतम के निर्देशन में हुआ। समिति जिले में संचालित अपने 55 विद्यालयों में नियमित रूप से सुरक्षा, संस्कार और शिक्षा परक गतिविधियाँ आयोजित करती है। समिति का उद्देश्य बालिकाओं को न केवल शिक्षित करना बल्कि उन्हें आत्मविश्वासी और सजग नागरिक बनाना है। इस अवसर पर जिला संस्कार केंद्र प्रमुख राकेश शर्मा, विद्यालय प्रधानाचार्य नरेंद्र जांगिड़, आचार्य सी.पी. शर्मा, समस्त शिक्षिकाएँ एवं बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित रहीं। छात्राओं ने आत्मरक्षा की तकनीकों को गंभीरता से सीखा और यह संकल्प लिया कि वे अपने साथ-साथ अन्य बालिकाओं को भी महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक करेंगी। कार्यक्रम का समापन एएसपी गुरुशरण राव के इस प्रेरक संदेश के साथ हुआ –"आत्मरक्षा कोई विकल्प नहीं, यह हर बेटी का अधिकार है – और जब बेटियाँ सशक्त होती हैं, तो पूरा समाज सुरक्षित बनता है।"

# एचपी चिल्ड्रन्स एकेडमी व राजधानी युवा संसद के सहयोग से 'गोरखपुर युवा संवाद' का सफल आयोजन

द डेसिंप्रग

**गोरखपुर/संजय कुमार** । शहर में युवाओं की ऊर्जा और विचारों का अनूठा संगम देखने को मिला जब एचपी चिल्ड्रन्स एकेडमी ने राजधानी युवा संसद के सहयोग से "गोरखपुर युवा संवाद" का सफल आयोजन किया। यह सम्मेलन अब तक के सबसे बड़े युवा आयोजनों में से एक माना जा रहा है, जिसमें 19 अलग-अलग समितियों में 900 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लेकर राष्ट्रीय व वैश्विक मुद्दों पर सार्थक विमर्श किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। इस अवसर पर निदेशक अनन्य प्रताप शाही, निदेशक चांदनी शाही, प्रधानाचार्य अनुजा श्रीवास्तव, दीबा अहमद, दामिनी मेहता, तथा राजधानी युवा संसद के सह-संस्थापक एडवोकेट जय सैनी और ईशा कपूर सहित कई विशिष्ट अतिथि मौजूद रहे।

समारोह का प्रमुख आकर्षण अनन्य प्रताप शाही का प्रेरक संबोधन रहा। उन्होंने युवाओं को दृढ़ता और



निरंतरता का संदेश देते हुए कहा– "यदि आप दौड़ नहीं सकते, तो चलिए; यदि चल नहीं सकते, तो रेंगिए–लेकिन रुकिए मत, आगे बढ़ते रहिए।"यह संदेश उपस्थित प्रतिनिधियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बना और सम्मेलन के माहौल में नई ऊर्जा भर दी। सह-संस्थापक एडवोकेट ईशा कपूर और एडवोकेट जय सैनी ने भी युवाओं को संवैधानिक मूल्यों और लोकतांत्रिक सिद्धांतों की गहराई से समझने का आह्वान किया। उन्होंने बताया कि संघर्ष ही वह प्रक्रिया है जो व्यक्ति और समाज दोनों को मजबूत बनाती है। सम्मेलन की विभिन्न समितियों में हुई चर्चाएं विचारोत्तेजक और बौद्धिक रूप से समृद्ध रहीं। प्रदेश विधानसभा समिति में छात्रों ने शैक्षिक सुधार और सरकारी स्कूलों के कायाकल्प पर नवोन्मेषी सुझाव रखे। प्रतिभागियों ने सरकारी शिक्षा प्रणाली को आधुनिक सुविधाओं और शिक्षण पद्धतियों से लैस करने की जरूरत पर जोर दिया। लोकसभा समिति में अभिव्यक्ति और भाषण की स्वतंत्रता जैसे संवेदनशील मुद्दे पर गहन विमर्श हुआ, वहीं संयुक्त राष्ट्र समितियों में रूस-यूक्रेन युद्ध और गाजा संघर्ष पर कूटनीतिक समाधान तलाशने की दिशा में सार्थक चर्चा की गई। सम्मेलन के दौरान प्रेस कौर के छात्र पत्रकारों ने पेशेवर जिम्मेदारी का परिचय देते हुए सभी सत्रों का दस्तावेजीकरण किया, प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कीं और प्रतिनिधियों के विचार जनता तक पहुंचाए। "गोरखपुर युवा संवाद" न केवल शहर के शैक्षिक परिदृश्य में एक ऐतिहासिक अध्याय जोड़ रहा है, बल्कि यह युवाओं को लोकतांत्रिक बहसों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करने वाला सशक्त मंच भी बन गया है। 900 से अधिक युवा प्रतिनिधियों की भागीदारी इस तथ्य को पुष्ट करती है कि नई पीढ़ी समाज और विश्व के महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी भूमिका को गंभीरता से समझ रही है। पहले ही दिन इस सम्मेलन ने यह सिद्ध कर दिया कि गोरखपुर अब केवल शिक्षा का केंद्र नहीं, बल्कि युवा विचारों का नया उद्गम स्थल बन चुका है।

# कांग्रेस की जिला बैठक में संगठन सृजन अभियान के तहत आब्जर्वर नदीम जावेद ने लिया फीडबैक

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा चलाए जा रहे संगठन सृजन अभियान के अंतर्गत धौलपुर जिले में जिला कांग्रेस अध्यक्ष के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ हुई इस अवसर पर अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक ऑब्जर्वर नदीम जावेद धौलपुर पहुंचे और उन्होंने कांग्रेस संगठन की मजबूती तथा जिला अध्यक्ष चयन को लेकर कार्यकर्ताओं से संवाद किया कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय हिना रिसोर्ट में हुआ इसके बाद आखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर नदीम जावेद ने वरिष्ठ कांग्रेस जनों, ब्लॉक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं से सामूहिक चर्चा की तत्पश्चात उन्होंने अलग-अलग कार्यकर्ताओं से फीडबैक लेकर संगठन की वर्तमान स्थिति पर राय रायशुमारी की इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त आब्जर्वर अजीत यादव, प्रदेश सचिव साजिद खान भी मोजूद रहे अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक पूर्व विधायक नदीम जावेद ने अपने संबोधन में कहा कि यह साल संगठन को समर्पित है उन्होंने कहा कि विपरीत परिस्थितियों में कांग्रेस कार्यकर्ता देश को एक जुट रखकर कांग्रेस को मजबूत करने का काम कर रहा है जिला अध्यक्ष पार्टी की रीढ़ की हड्डी होती है अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के ऑब्जर्वर नदीम जावेद ने कहा की कांग्रेस संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का उद्देश्य है जिला अध्यक्ष की भूमिका संगठन में सबसे बड़ी होती है उन्होंने कहा कि पार्टी ने मुझे धौलपुर भेजा है ताकि मैं नेताओं और कार्यकर्ताओं की राय सुन सकूं और यह तय किया जा सके की कौन व्यक्ति इस पद के लिए उपयुक्त रहेगा आने वाले दिनों में भी कांग्रेस पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारी से संवाद स्थापित कर चर्चा करेंगे हमारा लक्ष्य है कि जिला इकाई का गठन समावेशी हो जिसमें युवाओं और महिलाओं और सभी वर्गों की भागीदारी सुनिश्चित हो दीपावली के बाद संगठनात्मक ढांचे को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया पूरी की जाएगी जो व्यक्ति कांग्रेस के सिद्धांतों को निष्ठा के साथ निभाएगा वहीं जिला अध्यक्ष बनने का अधिकारी होगा राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पर्यवेक्षक प्रदेश उपाध्यक्ष अजीत यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने पूरे देश में कांग्रेस की सीनियर लीडरों को संगठन सृजन अभियान से जुड़ा है और एक-एक जिले की जिम्मेदारी दी है उन्होंने कहा कि सबका मकसद पार्टी को जिले में और प्रदेश में मजबूत करना है राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की ऑब्जर्वर अजीत यादव में बैठक में प्रस्ताव रखा की अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे लोकसभा अध्यक्ष के नेता राहुल गांधी पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी संगठन महासचिव वेणुगोपाल ने देश में संगठन सृजन अभियान को शुरू करके कार्यकर्ताओं की आवाज को बुलंद किया है इस प्रस्ताव को सभी ने ध्वनि मत से पास किया और शीर्ष नेतृत्व के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित साकेत बिहारी शर्मा ने कहा कि धौलपुर जिला कांग्रेस इकाई प्रदेश में संगठन सृजन अभियान की मिसाल बने यही हमारी प्राथमिकता हमें एकजुट होकर पार्टी को जमीन स्तर पर मजबूत करना होगा उन्होंने कहा कि जिले में कांग्रेस संगठन मजबूत है , सांसद भजनलाल जाटव ने कहा कि पूरे देश में संगठन सृजन अभियान चल रहा है संगठन सृजन अभियान के तहत हर कार्यकर्ता की आवाज महत्वपूर्ण है वह अपनी राय देकर संगठन और पार्टी को मजबूत करने का काम करें राजाखेड़ा विधायक रोहित वोहरा, विधायक शोभा रानी कुशवाहा, विधायक संजय जाटव, प्रत्याशी प्रशांत परमार जिला अध्यक्ष साकेत बिहारी शर्मा पूर्व जिला कांग्रेस अध्यक्ष पंडित दुर्गा दत्त शास्त्री ने अपने संबोधन में कहा कि हम सबको मिलकर जिले में पार्टी और संगठन को मजबूत करना है और कांग्रेस की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचना है इस अवसर पर कांग्रेस प्रदेश सचिव अमित मुद्गल धर्मेंद्र शर्मा ,सेवा दल की अध्यक्ष समृद्धि दीक्षित पूर्व प्रधान मोनू जादौन, पूर्व सभापति कमल कंसाना पूर्व उपसभापति इसरार खान ,एस सी विभाग अध्यक्ष दर्शन लाल, शबनम खान, रोशनी शिवहरे, उपाध्यक्ष शालिनी शर्मा, मूला सिंह तोमर, लाखन सिंह खिडोरा,पूर्व प्रधान धमेंद्र दिनकर, पूर्व प्रधान बसेड़ी बद्री प्रसाद जाटव, रामहेत कुशवाहा,ओमवास शर्मा,राम गोपाल चाचू ,जिला महासचिव अल्पसंख्यक विभाग के आजाद मिर्जा, उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला प्रवक्ता धनेश जैन ने किया



# स्वदेशी अभियान को बल देकर आत्मनिर्भर बनेगा भारतः मुकेश सनवाल

## आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज (दीपक भारद्वाज)** । भाजपा के आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के तहत गुरुवार को स्थानीय मंडी सभागार में मंडलस्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल ने की। कार्यशाला में पार्टी संगठन को मजबूत बनाने, केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य को साकार करने पर विस्तारपूर्वक चर्चा हुई। मंडल कार्यशाला में वक्ताओं ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहा है। केंद्र सरकार की योजनाएं जनधन योजना, उज्ज्वला योजना, स्टार्टअप, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री आवास योजना व जीएसटी के घटे रेट आदि ने देश के आम नागरिकों को आत्मनिर्भर बनने का अवसर प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि संगठन के प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है कि वे इन योजनाओं की जानकारी गांव-गांव और घर-घर तक पहुंचाएं ताकि समाज के अंतिम व्यक्ति को भी इनका लाभ मिल सके।



मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष कमल जिंदल मुख्य वक्ता जिला उपाध्यक्ष हिमांशु शुक्ला मंडल अध्यक्ष मुकेश सनवाल कार्यक्रम संयोजक भोला जोशी महामंत्री अमित रस्तोगी जया जोशी कुलदीप गंगवार प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीपाल राणा सुलोचना रावत राकेश त्यागी सुरेश जगराती सभासद सतीश उपाध्याय शिवपाल चौहान पंकज गहतोड़ी नितिन चौहान सचिन गंगवार रवि रस्तोगी चंदन श्रीवास्तव मंडल कार्यकारिणी आनंद बल्लभ भट्ट अजय गुप्ता गीता गढ़कोटी शिवम रस्तोगी धीर सिंह अभिषेक जैन रीता सक्सेना सुमन राणा हर्षित पांडे रेखा ठाकुर नवीन भट्ट आदि मौजूद रहे।

# उधमसिंहनगर के चमकते सितारे – राज्य स्तरीय ट्रायल्स में दिखाएंगे दमखम, खेल प्रतिभाओं ने बढ़ाया जिले का मान

द डेस्प्रिंग

**सितारगंज/रूद्रपुर/काशीपुर।** (दीपक भारद्वाज)खेलों के क्षेत्र में ऊधमसिंहनगर एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाने को तैयार है। सिविल सर्विसेज टूर्नामेंट के अंतर्गत 8 व 9 अक्टूबर को मनोज सरकार स्टेडियम रूद्रपुर एवं काशीपुर स्टेडियम में आयोजित जनपदीय ट्रायल्स में शानदार प्रदर्शन करते हुए शिक्षा विभाग के छह प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने राज्य स्तरीय ट्रायल्स के लिए जगह बनाई है। इनमें मोहित तिवारी (बैडमिंटन), भैरव भट्ट (कुश्ती), अनुकूल मण्डल (शतरंज), नीरज धानिक (टेबल टेनिस), गोकुल कापड़ी व रविन्द्र बसनाल (क्रिकेट) शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों का चयन आगामी 13 व 14 अक्टूबर को देहरादून एवं हरिद्वार में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय ट्रायल्स के लिए किया गया है, जहां वे अपने हुनर और मेहनत से जिले का नाम रोशन करेंगे।

इस अवसर पर एजुकेशनल मिनिस्टीरियल ऑफिसर्स एसोसिएशन, जनपद शाखा ऊधमसिंहनगर के सचिव मोहित तिवारी ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक



और मानसिक मजबूती का माध्यम हैं, बल्कि ये युवाओं को नशे जैसी सामाजिक बुराइयों से भी दूर रखते हैं। उन्होंने कहा कि आज के दौर में आवश्यक है कि प्रत्येक युवक-युवती खेल और व्यायाम को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाए, ताकि जीवन में अनुशासन, ऊर्जा और सफलता के नए आयाम स्थापित किए जा सकें। उन्होंने चयनित खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह सफलता पूरे जनपद के लिए गर्व का विषय है और आशा है कि राज्य स्तरीय ट्रायल्स में भी हमारे खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का परचम लहराएंगे।

# जयपुर में रिटायर्ड बैंककर्मी ने पत्नी-बेटे के साथ किया सुसाइड

## मौके पर मिला अंग्रेजी में लिखा सुसाइड नोट, परिचित पर परेशान करने का आरोप

द डेस्प्रिंग

**जयपुर** के करणी विहार थाना इलाके में किराये पर रह रहे एक परिवार ने सामूहिक आत्महत्या कर ली।जयपुर के करणी विहार थाना इलाके में किराये पर रह रहे एक परिवार ने सामूहिक आत्महत्या कर ली। जयपुर में रिटायर्ड बैंककर्मी ने पत्नी और बेटे के साथ सुसाइड कर लिया। परिवार के साथ किराए के मकान में रह रहे थे। शनिवार सुबह 8 बजे जब कमरा नहीं खुला तो मकान मालिक ने किराएदार के रिश्तेदारों और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गेट तोड़ा तो मां-बाप और बेटे का शव कमरों में मिला। मामला करणी विहार थाना क्षेत्र का है। पुलिस ने एफएसएल की टीम को मौके पर बुलाया। पुलिस को मौके से एक सुसाइड नोट मिला है, जिसमें परिचित पर परेशान करने का आरोप लगाया गया है। मृतकों की पहचान रूपेंद्र शर्मा (63) पुत्र हरिनारायण शर्मा निवासी सुंदर नगर महाराणा प्रताप रोड, सुशीला शर्मा (58) पत्नी रूपेंद्र शर्मा और पुलकित शर्मा (32) के रूप में हुई।

## पुलिस ने 'ए' श्रेणी की नाकाबन्दी कर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की गहनता से की गई चैकिंग

# नाकाबंदी के दौरान जिले भर में करीब 500 वाहनों को किया गया चैक, नाकाबंदी के दौरान 31 वाहनों को किया गया जब्त

धौलपुर विजय श्रीवास्तव द डेस्प्रिंग न्यूज़

जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में आगामी त्यौहारों एवं जिले में कानून व्यवस्था की स्थिति को और अधिक मजबूत करने एवं अपराधियों एवं आपराधिक गतिविधियों पर नकेल कसने के लिए आज दिनांक 11.10.2025 को सुबह 4:00 बजे से सुबह 06:00 तक जिलें में "ए" श्रेणी की प्रभावी नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहनों एवं व्यक्तियों की गहन चैकिंग कर नियमानुसार कार्यवाही कराई गई है। मनोज शर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक धौलपुर व कमल कुमार जांगिड़ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ मुख्यालय बाड़ी एवं समस्त वृताधिकारीगण जिला धौलपुर के सुपरविजन में जिले के समस्त



थानाधिकारीगणो के नेतृत्व में जिले में "ए" श्रेणी की नाकाबंदी कर प्रभावी एवं सुनियोजित कार्यवाही की गई। नाकाबंदी के दौरान सभी संदिग्ध वाहनों की गहन तलाशी ली गई, इस दौरान जिले भर में करीब 500 वाहनों को चैक किया गया, वाहन चालकों के दस्तावेजों की जांच की गई एवं सवार व्यक्तियों की पहचान का सत्यापन किया गया। जिले भर में की गई नाकाबंदी के दौरान जो वाहन एमवी एक्ट का उलंघन कर रहे उनकी सीज किया गया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मनोज शर्मा व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एडीएफ मुख्यालय बाड़ी कमल कुमार जांगिड़ सहित जिले के वृताधिकारी गणों द्वारा अपने अपने इलाकों में पुलिस थानों द्वारा की जा रही नाकाबंदी का औचक निरीक्षण किया गया। नाकाबंदी के दौरान राजकॉप ऐप के माध्यम से वाहनों के पंजीकरण व स्वामित्व की त्वरित पुष्टि की गई। किसी भी बीमार, महिला अथवा वरिष्ठ नागरिक को अनावश्यक असुविधा न हो, इसका पूरा ध्यान रखा गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया है कि जिले में आमजन की सुरक्षा एवं अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों की धरपकड़ के लिए धौलपुर पुलिस पूरी तरह मुस्तैदी से जुटी हुई है।

## हर्षिका पारीक की पुस्तक 'बियॉन्ड द फर्स्ट सेशन' का विमोचन

# काउंसलिंग प्रैक्टिस को दी नई दिशा, विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर शहर में हुआ मेंटल हेल्थ फेस्टिवल

द डेस्प्रिंग

**जयपुर** । विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जयपुर में मेंटल हेल्थ फेस्टिवल आयोजित किया गया। - विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जयपुर में मेंटल हेल्थ फेस्टिवल आयोजित किया गया। द काउंसलर्स चेयर की ओर से जयपुर क्लब में हुए इस आयोजन ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुली बातचीत और अनुभवात्मक गतिविधियों के जरिए युवाओं में जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। उत्सव का मुख्य आकर्षण मनोवैज्ञानिक डॉ. हर्षिका पारीक की पुस्तक 'बियॉन्ड द फर्स्ट सेशन काउंसलर'स टूलकिट' का विमोचन रहा। यह पुस्तक मानसिक स्वास्थ्य पेशेवरों के लिए एक व्यावहारिक मार्गदर्शिका है, जो सैद्धांतिक ज्ञान और वास्तविक थेरेपी अनुभव के बीच की दूरी को कम करती है। इसमें व्यवहारिक तकनीकें, वर्कशीट्स और अनुभवजन्य उदाहरण शामिल हैं, जो इसे काउंसलर्स और शिक्षकों के लिए एक उपयोगी संसाधन बनाते हैं। इस आयोजन ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुली बातचीत और अनुभवात्मक गतिविधियों के जरिए युवाओं में जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। इस आयोजन ने मानसिक स्वास्थ्य को लेकर खुली बातचीत और अनुभवात्मक गतिविधियों के जरिए युवाओं में जागरूकता बढ़ाने का संदेश दिया। कार्यक्रम





में शहरभर के मनोवैज्ञानिकों, शिक्षकों, छात्रों और प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। दिनभर चली गतिविधियों में इकस्टैटिक डांस, सेल्फ एनालिसिस, रिवाइविंग द इनर चाइल्ड, लेटर टू अ लव्ड वन, वर्ड फॉर सोल, जिगसॉ पजल मेकिंग, क्रिएटिंग अ बैग ऑफ कैल्म और पर्सनलाइज्ड सॉन्ग क्रिएशन जैसी थेरेपी-आधारित एक्सरसाइज शामिल थीं, जिनका उद्देश्य आत्म-जागरूकता, आत्म-देखभाल और भावनात्मक संतुलन को बढ़ावा देना था।

# भाजपा GST संगोष्ठी कार्यक्रम' का आयोजन किया गया

द डेस्प्रिंग

**मुंडावर/ हवासिंह चौधरी** । मुण्डावर शनिवार को लल्लू वाली प्याऊ के पास, पूर्व विधायक मेजर ओ.पी यादव कार्यालय, मुंडावर में भाजपा नेत्री डॉ. अंजली यादव की अध्यक्षता में "GST संगोष्ठी कार्यक्रम" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ हुई। कार्यक्रम में भाजपा नेत्री डॉ. अंजली यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा त्स्ज्ञ में की गई कटौती की सराहना करते हुए कहा कि यह निर्णय आम जनता, व्यापारियों और उद्योग जगत के लिए बड़ा राहत भरा कदम है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का उद्देश्य "कम टैक्स, ज़्यादा सुविधा" की नीति को आगे बढ़ाना है जिससे देश की अर्थव्यवस्था और अधिक मजबूत बनेगी। संगोष्ठी में उपस्थित गणमान्यों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार व राज्य सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों और "हर घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी" अभियान की



सराहना की। कार्यक्रम का संचालन भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा उत्साहपूर्वक किया गया और अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष (अलवर उत्तर) महासिंह चौधरी, GST जिला संयोजक एवं भाजपा जिलामंत्री अनूप यादव, मुंडावर मंडल अध्यक्ष विजय सांवरिया, ततारपुर मंडल अध्यक्ष मनीष कुमार, अजरका मंडल अध्यक्ष महिपाल, यादव समाज के अध्यक्ष घमंडीराम यादव, भाजपा के अनेकों पदाधिकारी, कार्यकर्ता, माताएं-बहनें, युवा साथी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# रेलवे अधिकारियों ने सांभर स्टेशन का निरीक्षण किया

## परिसर में सफाई कार्य किया, ट्रेन को मकराना तक बढ़ाने की मांग

द डेस्प्रिंग

**लक्ष्मीकांत शर्मा / सांभर** । रेलवे अधिकारियों ने सांभर लेक रेलवे स्टेशन दौरा किया जोधपुर डिवीजन के रेलवे अधिकारियों ने सांभर लेक रेलवे स्टेशन का दौरा किया। इस दौरान अधिकारियों ने स्टेशन की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और परिसर में स्वच्छता अभियान के तहत सफाई कार्य भी किया। यह सफाई अभियान असिस्टेंट कामर्शियल मैनेजर (एसीएम) बालकिशन गौड़ के नेतृत्व में चलाया गया। इस अवसर पर सीएमआई डीआरएम सेल सचिन जैन, सीएमआई डेगाना सेक्शन रतन सिंह, आईओडब्ल्यू डेगाना सेक्शन मनोज आर्य, एसएसई इलेक्ट्रिकल सुखदेव, टीआई कुचामन सेक्शन उमा राम और सांभर स्टेशन अधीक्षक हजारीलाल मीणा,एस एम मनरूप चौधरी, पोइंट मैन मुकेश यादव सीबीएस सीताराम जेई सिग्नल वरुण पाठक सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# मुंडावर पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए 11 अपराधियों को गिरफ्तार किया

द डेस्प्रिंग

**मुंडावर /हवासिंह चौधरी** । पुलिस थाना मुंडावर द्वारा डोमिनेशन विशेष अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 11 हिस्ट्रीशीटर बदमाश, गिरफ्तारी वारंटी एवं संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया। **मुंडावर थाना अधिकारी महावीर सिंह शेखावत ने बताया कि** जयपुर रेंज पुलिस महानिरीक्षण राहुल प्रकाश आईपीएस खैरथल तिजारा जिला पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार आईपीएस के आदेश अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामलाल भार्गव आईपीएस के निर्देश पर वृत्त अधिकारी किशनगढ़ बास राजेंद्र सिंह आईपीएस के निकटतम सुपरविजन में 11 अक्टूबर को एरिया डोमिनेशन विशेष अभियान के तहत टीम द्वारा मुंडावर थाना इलाके के विभिन्न स्थानों पर दबिश देकर चार हिस्ट्री सीटर 4 गिरफ्तारी वारंटी व तीन संदिग्ध व्यक्ति सहित कुल 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया



# राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ रानीगाँव मंडल का निकला पथ संचलन

द डेस्प्रिंग

**रानी / नगराज वैष्णव** । गाँव संघ के शताब्दी वर्ष पर बस्ती बस्ती निकला पथ संचलन गरबा चौक से पथ संचलन शुरू हुआ ! बैड की धून के साथ कदम ताल करते । एक हि वेश भूषा मे देश भक्ति का अलक जगाते ! शनी मंदिर होकर, खटीक मोहल्ला, कोलारी होकर बस स्टेशन से साटिया मौहल्ला होकर बिरामी रोड चौराये पर समापन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि फूलचंद संदेल , जितानन्दजी सरस्वती हिरानद बगीची पुनाड़िया, विरेन्द्र सिंह शारीरीक विभाग प्रमुख ने उदबोध किया ! पंथ संचलन रानी गॉव , पुनाड़िया, पादरली , दुदवड़ मंडल रानी गॉव ! संघ के पंच परिर्वतन स्वदेशी , नागरिक कर्तव्य , सामाजिक समरसता, पर्यावरण ।



# महेंद्र कुमार पुरोहित को मरुधरा ज्योतिष गौरव अवॉर्ड 2025 से सम्मानित

द डेस्प्रिंग

**सीकर / जैसलमेर** । आयोजित तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय ज्योतिष महासम्मेलन में मूल रूप से जोधपुर निवासी हाल श्रीगंगानगर निवासी महेंद्र कुमार पुरोहित को मरुधरा ज्योतिष गौरव अवॉर्ड 2025 से सम्मानित किया गया आपको पूर्व में भी कई राष्ट्रीय अवार्ड प्राप्त कर चुके है दिल्ली मुंबई हैदराबाद श्री गंगानगर में आप सम्मानित हो चुके है महेंद्र कुमार पुरोहित जी गत 40 वर्षो से वैदिक एवं के पी कुंडली का विश्लेषण कर रहे हैं आपको सीता ज्योतिष एवं वास्तु अनुसंधान केंद्र के द्वारा वर्ष 2025 का मरुधरा ज्योतिष गौरव अवार्ड जैसलमेर विधायक श्रीमान छोटू सिंह भाटी एवं भामाशाह पवन कुमार सिंह भाटी एवं संस्था अध्यक्ष पंडित एस के जोशी स्वरूप शर्मा मोनिका आर करल भागवत आचार्य भरत लाल शास्त्री जी के कर कमलों से सम्मानित किया गया




# महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय नाडोल में पीईईओ स्तरीय विज्ञान, निपुण व किशोरी मेला का आयोजन



द डेस्प्रिंग

**नाडोल / नगराज वैष्णव** । भामाशाह महेंद्र मेहता, चुन्नी लाल व जितेंद्र चौधरी के सानिध्य में हर्षोल्लास व उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। जिसमें छात्र छात्राओं ने नवाचार कर सैकड़ों माडल का प्रदर्शन किया। समारोह में भामाशाह मेहता ने छात्र छात्राओं द्वारा प्रदर्शित माडल को बेहतर बताते हुए इसे वेज्ञानिक व मानसिक अभिवृद्धि में सहायक बताया। समारोह में छात्र छात्राओं ने विज्ञान, गणित, पर्यावरण, सामाजिक सहित विभिन्न विषयों आधारित माडल,चार्ट,व गतिशील माडल कै सारे में जानकारी दी। समारोह में प्रधानाचार्य अशोक घावरी,गुलाब राम, पर्यावरण विद् भरत शर्मा, भेराराम, कैलाश सिंह राजपुरोहित, प्रधानाध्यापक सुमेर सिंह राजपुरोहित, पत्रकार किस्तुर राम, मोहनलाल, हणवंत सिंह, उपप्रधानाचार्य भगवती मेघवाल उपस्थित थे। प्रधानाचार्य दलपत सिंह राजपुरोहित ने कार्यक्रम की उपादेयता पर प्रकाश डाला।विजेता छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। संचालन राजेन्द्र वैष्णव ने किया।

# 100 से अधिक महिलाओं ने करवाचौथ महोत्सव में लिया भागःएम्प्रेस क्लब ने किया आयोजन

द डेस्प्रिंग

**जयपुर** में एम्प्रेस क्लब ने शनिवार को करवाचौथ महोत्सव का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में 100 से अधिक महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में रमास से मोहित टेलर, नेहा और तृषि मौजूद रहीं। क्लब की अध्यक्ष नीता अग्रवाल भी उपस्थित थीं। महिलाओं ने सजी-धजी थालियाँ सजाई और विभिन्न राज्यों की दुल्हन के पारंपरिक परिधानों में कार्यक्रम में शामिल हुई। कार्यक्रम में विवाहिताएं राजस्थानी, पंजाबी सहित अलग अलग राज्यों की वेशभूषा पहनकर पहुंची। इस अवसर पर कृष्णा लीला से मंजू और शिवानी को विजेता घोषित किया गया। ग्रैंड सफारी से पवन गोयल और क्राइम पेट्रोल फेम अभिनेत्री पायल चौहान विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यक्रम में शामिल हुई। क्लब की संस्थापक खुशबू शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच पर लाना और पारंपरिक त्योहार को सामूहिक रूप से मनाना था। कार्यक्रम में साधना, अंजलि, रिया, अदिति, शिल्पा, अमृता, काजल और शीतल सहित अन्य सदस्य भी मौजूद थे। क्लब की संस्थापक खुशबू शर्मा ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य महिलाओं को एक मंच पर लाना और पारंपरिक त्योहार को सामूहिक रूप से मनाना था।



## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प को मांगने पर भी नोबेल पीस प्राइज नहीं मिला

**ओस्लो।** वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला है। उन्होंने वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण बदलाव लाने के लिए 20 साल लगातार संघर्ष किया है। नोबेल समिति ने कहा कि आज जब दुनिया के कई हिस्सों में तानाशाही बढ़ रही है और लोकतंत्र कमजोर हो रहा है, ऐसे समय में मारिया मचाडो जैसे लोगों की हिम्मत उम्मीद जगाती है। समिति ने कहा- लोकतंत्र ही स्थायी शांति की शर्त है। जब सत्ता हिंसा और डर के जरिए जनता को दबाने लगती है, तो ऐसे साहसी लोगों को सम्मान देना जरूरी हो जाता है। मचाडो ने सुमाते नामक संगठन की स्थापना की, जो लोकतंत्र की बेहतरी के लिए काम करता है। वे देश में मुफ्त और निष्पक्ष चुनावों की मांग करती रही हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प बीते कई महीने से नोबेल की दावेदारी कर रहे थे, लेकिन नोबेल कमेटी ने उन्हें इस पुरस्कार के लिए नहीं चुना।



### फिलीपींस में 7.6 तीव्रता का भूकंप, सुनामी का खतरा टला

**मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में शुक्रवार सुबह 7.6 तीव्रता का भूकंप आया है। इसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी। फिलहाल सुनामी का खतरा टल गया है। पेसिफिक सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने जानकारी दी कि स्थिति अब सामान्य है। फिलीपींस की भूकंप विज्ञान एजेंसी ने कई और झटकों की चेतावनी दी। आधे घंटे तक 5.9 तीव्रता और 5.6 तीव्रता के कई झटके महसूस किए गए। एजेंसी ने विनाशकारी सुनामी आने की आशंका जताई थी। मध्य और दक्षिणी फिलीपींस के तटीय शहरों में रहने वाले लोगों को तत्काल ऊंची जगहों पर जाने को कहा गया। फिलहाल किसी तरह के बड़े नुकसान की जानकारी नहीं है। इससे पहले 30 सितंबर को फिलीपींस के सेबू प्रांत में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें 69 लोगों की मौत हो थी, जबकि करीब 150 घायल हुए थे। फिलीपींस में आए भूकंप के बाद अब सुनामी का खतरा टल गया है। पेसिफिक सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने जानकारी दी कि स्थिति अब सामान्य है और समुद्र में किसी बड़े खतरे के संकेत नहीं हैं। लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है, लेकिन फिलहाल किसी और खतरे की आशंका नहीं है। भूकंप का अबतक सबसे ज्यादा असर दवाओ सिटी में देखनों को मिला है। यहां अस्पताल, स्कूल और सड़कों पर भूकंप से जुड़े कई फुटेज सामने आए हैं। यह शहर मिंडानाओ द्वीप के दावाओ डेल सुर प्रांत का हिस्सा है। मिंडानाओ द्वीप समूह में कुल 27 प्रांत है। इंडोनेशिया के भूकंप और सुनामी केंद्र के प्रमुख ने बताया कि देश के तटीय इलाकों में अधिकतम 17 सेंटीमीटर यानी करीब 6 इंच) ऊंची लहरें दर्ज की गई हैं। उन्होंने कहा कि इसे हम माइनर सुनामी या छोटी सुनामी कहते हैं, यानी ऐसी लहरें जिनकी ऊंचाई 0.5 मीटर (50 सेंटीमीटर) से कम होती है।



### करूर भगदड़-सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई जांच को लेकर सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट आज करूर भगदड़ मामले में सीबीआई जांच की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करेगा। साथ ही एक्टर विजय की पार्टी (TVK) की उस याचिका को भी सुनेगा, जिसमें मद्रास हाईकोर्ट के विशेष जांच दल (SIT) बनाने के निर्देश को चुनौती दी गई है। मद्रास हाईकोर्ट ने जांच के लिए 3 अक्टूबर को SIT बनाई थी। इसके बाद TVK ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर कहा था कि जांच केवल तमिलनाडु पुलिस से कराना सही नहीं है। जांच सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में स्वतंत्र एजेंसी से कराई जानी चाहिए। वहीं, भाजपा नेता उमा आनंदन ने मामले में CBI जांच की मांग की है। सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस जेके महेश्वरी और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच दोनों याचिकाओं को सुनेगी। दरअसल, 27 सितंबर को तमिलनाडु के करूर में एक्टर विजय की रैली में हुई भगदड़ में 41 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हुए थे। इस मामले से जुड़ी 7 जनहित याचिकाएं लिस्ट की गईं थीं। 4 अक्टूबर को मद्रास हाईकोर्ट ने मामले पर सुनवाई करते हुए एक्टर और पार्टी को फटकार लगाई थी। इसके बाद TVK प्रमुख विजय ने मारे गए लोगों के परिवारों से वीडियो कॉल पर बात की थी। पार्टी ने सुप्रीम कोर्ट में कहा था कि हाईकोर्ट की यह टिप्पणी कि विजय और उनकी पार्टी घटना के बाद चले गए और दुख नहीं जताया, एकतरफा और अनुचित है। साथ ही हाईकोर्ट द्वारा बनाई गई SIT पर आपत्ति जताते हुए कहा था कि उसमें केवल राज्य पुलिस के अफसर शामिल हैं। TVK ने यह भी आरोप लगाया है कि यह भगदड़ कुछ शरारती तत्वों की साजिश का नतीजा हो सकती है।

### जुबीन गर्ग मौत केस, सिंगर के 2 सिक्योरिटी ऑफिसर अरेस्ट

**गुवाहाटी।** असम के मशहूर सिंगर जुबीन गर्ग की संदिग्ध मौत मामले में उनके दो पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (PSO) को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (SIT) ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। दोनों का नाम नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य है, जो लंबे समय से जुबीन गर्ग के सिक्योरिटी ऑफिसर थे। पुलिस ने दोनों को उनके बैंक अकाउंट से पिछले चार-पांच सालों के दौरान 1 करोड़ से ज्यादा के लेन-देन के मामले में गिरफ्तार किया है। इनमें से 70 लाख बोरा और 40 लाख बैश्य के खाते में आए थे। दोनों अफसरों को पहले ही सस्पेंड कर दिया गया था। सिंगर की मौत मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें जुबीन के चचेरे भाई और DSP संदीपन गर्ग, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, सह गायिका अमृतप्रभा महंत, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकनु महंत, बैंड के ड्रम मास्टर शेखर ज्योति गोस्वामी शामिल हैं। जुबीन की 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान समुद्र में डूबने से मौत हो गई थी। उस वक्त जुबीन नाव में कुल 17 लोगों के साथ सवार थे। जुबीन जिस कार्यक्रम के लिए सिंगापुर गए थे, उसे श्यामकनु ने ऑर्गनाइज किया था। सरकार 17 दिन बाद भी नहीं दिखा रही दूसरी पीएम रिपोर्ट जुबीन गर्ग की मौत की जांच प्रक्रिया को लेकर असम सरकार भी सवालों के घेरे में आ गई है। असम के CM हिमंत बिस्वा सरमा के निर्देश पर 23 सितंबर को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज में सिंगर का दूसरी बार पोस्टमॉर्टम हुआ। मगर 17 दिन बाद भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई। सीएम का कहना है कि रिपोर्ट सार्वजनिक करने से यह 'कानूनी रूप से अमान्य' हो जाएगी। सिंगर की पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनकी मौत का कारण डूबना बताया गया, लेकिन अब जबरन डुबोने, जहर देने और आर्थिक साजिश के आरोपों ने केस को जटिल बना दिया है।

### राजस्थान-एमपी के शहरों में तापमान 15° पहुंचा

**नई दिल्ली/भोपाल/लखनऊ।** जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में पहाड़ों पर बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में देखने को मिल रहा है। हवा का रुख बदल कर उत्तरी होने से ठंड ने दस्तक दे दी है। हरियाणा, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, दिल्ली, उत्तर प्रदेश के कई जिलों में रात का तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। सुबह सर्द हवाओं के साथ हल्का कोहरा भी छाने लगा है। मध्य प्रदेश का राजगढ़ गुरुवार को सबसे ठंडा रहा। यहां रात का पारा 15.6°C दर्ज हुआ। भोपाल का न्यूनतम तापमान 1.6°C गिरकर 18 डिग्री पहुंच गया, जो सामान्य से 2.4° कम है। राजस्थान के सिरोही में भी रात का तापमान 15.2° रहा। सीकर में न्यूनतम तापमान 16 डिग्री, पिलानी में 16.6 डिग्री और अजमेर में 16.9 डिग्री दर्ज किया गया। हिमाचल प्रदेश में लगातार चार दिन बारिश और बर्फबारी के बाद गुरुवार को मौसम साफ रहा। हालांकि, कुल्लू, लाहौल स्पीति, किन्नौर, चंबा, मंडी, कांगड़ा और शिमला में बर्फ की चादर बिछी है। लाहौल-स्पीति के केलोंग में कल सबसे कम तापमान -1°C दर्ज किया गया। कुकुमसेरी में -0. 9°C तापमान रहा। शिमला में न्यूनतम तापमान 9.8° और मनाली में 7.7° दर्ज किया गया। मनाली-लेह हाईवे दारचा और सरचू के बीच लगातार चौथे दिन बंद रहा। कोकसर से पलचान, रोहतांग दर्रे से मनाली, कोकसर से कुंजुम टॉप तक की सड़कें भी भारी बर्फबारी के कारण बंद हैं।

# गाजा पीस प्लान के समर्थन पर पाकिस्तान में हिंसा भड़की

## अमेरिकी दूतावास तक मार्च करने की कोशिश कर रहे थे

एजेंसी, इस्लामाबाद

गाजा में ट्रम्प के पीस प्लान का समर्थन करने को लेकर पाकिस्तान में तनाव बढ़ गया है। कट्टरपंथी इस्लामी पार्टी तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (TLP) ने इसे लेकर शुक्रवार को प्रदर्शन किया। इन्होंने अमेरिकी दूतावास की तरफ मार्च करने की कोशिश की, जिसे लेकर उनकी पुलिस से झड़प हो गई। इसमें झड़प में 2 प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई है और कई लोग घायल हैं। TLP आज इस्लामाबाद में मार्च निकाल रही है। इसे रोकने के लिए सरकार ने राजधानी की ओर जाने वाली प्रमुख सड़कें ब्लॉक कर दी हैं और इस्लामाबाद व रावलपिंडी में मोबाइल इंटरनेट सेवा बंद कर दी है।

**TLP नेता को गिरफ्तार करने की कोशिश की तो हिंसा भड़की:** इस प्रदर्शन की शुरुआत तब हुई, जब गुरुवार देर रात पंजाब पुलिस ने TLP मुख्यालय पर छापा मारकर इसके नेता साद रिजवी को गिरफ्तार करने की कोशिश की। साद निकल गया, लेकिन पुलिस और साद समर्थकों के बीच हुई झड़पों में कई



लोग घायल हुए, जिनमें करीब 10 से ज्यादा पुलिसकर्मी शामिल हैं। पुलिस ने बताया कि शहर के अंदर और बाहर की सड़कें बंद कर दी गई हैं। दंगा रोकने के लिए पुलिस को प्रमुख रास्तों पर तैनात किया गया और सरकारी दफ्तरों व विदेशी दूतावासों वाले रेड जोन को पूरी तरह सील कर दिया गया। पाकिस्तानी अखबार 'डॉन' के मुताबिक, गृह मंत्रालय ने एक आदेश में कहा कि रात 12 बजे से अगले आदेश तक इस्लामाबाद और रावलपिंडी में 3G/4G सेवाएं बंद रहेंगी।

**रावलपिंडी में भी धारा 144 लागू:** रावलपिंडी जिला प्रशासन ने भी 11 अक्टूबर तक धारा 144 लागू कर दी, जिसके तहत कोई भी प्रदर्शन, रैली, जुलूस, धरना या लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं हो सकता। पुलिस अधिकारी हसन वकार चीमा ने कहा कि संवेदनशील जगहों पर हिंसा का खतरा है। पूरे पंजाब में 10 दिनों के लिए धारा 144 लागू है, जिसमें चार या ज्यादा लोगों के जमा होने और हथियार दिखाने पर रोक है। हालांकि, नमाज, शादी, अंतिम संस्कार, दफ्तर और अदालतों को छूट दी गई है।

**2017 में हुई थी TLP की स्थापना:** TLP की स्थापना 2017 में खादिम हुसैन रिजवी ने की थी। वे पंजाब के धार्मिक विभाग में काम करते थे, लेकिन 2011 में सलमान तासीर की हत्या करने वाले मुमताज कादरी का समर्थन करने पर नौकरी से निकाले गए। 2016 में कादरी को सजा होने पर TLP ने ईश निंदा के मुद्दे पर देशव्यापी प्रदर्शन शुरू किए। खादिम ने फ्रांस के खिलाफ भी भड़काऊ बयान दिए। उनकी मृत्यु के बाद 2023 में बेटे साद रिजवी ने संगठन संभाला।

# तमिलनाडु में दवा जांच में अनदेखी कफ सिरप से बच्चों की मौत मामला

एजेंसी, नई दिल्ली

तमिलनाडु में बने कफ सिरप से एमपी-राजस्थान में बच्चों की मौत का मामला चर्चा में आने के बाद भारत के महालेखा परीक्षक (CAG) की 10 दिसंबर 2024 की तमिलनाडु के पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर एंड मैनेजमेंट ऑफ हेल्थ सर्विस से जुड़ी एक रिपोर्ट में सामने आई। इसमें बताया गया है कि राज्य में ड्रग इंस्पेक्शन (टेस्टिंग) में कमी देखी गई थी। साथ ही ड्रग्स (दवा) सैंपल कलेक्शन में भी कमी की गई थी।

तमिलनाडु में एक लाख सैंपल के टेस्टिंग का टारगेट था, लेकिन सिर्फ 66,331 टेस्ट ही किए गए थे। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को मध्य प्रदेश-राजस्थान में कफ सिरप से बच्चों की मौत मामले में CBI या ज्यूडिशियल जांच की मांग खारिज कर दी है। CJI बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने ब्रीफ सुनवाई के बाद ये फैसला किया।

विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की थी कि ये लापरवाही की चरम सीमा है। इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। केंद्र की ओर से पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध किया। उन्होंने



◆ सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई जांच की मांग खारिज की


कहा याचिका अखबारों में पढ़ी गई खबरों पर आधारित है। घटना से संबंधित कोई भी दस्तावेज या सबूत याचिकाकर्ता के पास मौजूद नहीं है। ऐसे में इस याचिका पर विचार नहीं किया जाना चाहिए।

MP के छिंदवाड़ा, बैतूल और पांढुर्णा में जहरीले कफ सिरप कोल्ड्रिफ के सेवन से अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्युटिकल का मालिक रंगनाथन 9 अक्टूबर को चेन्नई से गिरफ्तार किया गया। उसे आज छिंदवाड़ा लाया जा रहा है। मामले में जांच SIT कर रही है।

# दिल्ली-एनसीआर में पटाखा बैन, राज्य बोले-बच्चों को दिवाली मनाने दें

एजेंसी, नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को बनाने और बेचने की परमिशन देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है। सुनवाई के दौरान दिल्ली-एनसीआर के राज्यों ने कोर्ट से गुजारिश किया कि ग्रीन पटाखों को फोड़ने की परमिशन दी जाए। दिल्ली-एनसीआर के राज्यों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चीफ जस्टिस बीआर गवई की बेंच से कहा- बच्चों को कम से कम 2 दिन दिवाली का जश्न मनाने दिया जाए। रात 8 बजे से 10 बजे तक हरे पटाखे फोड़ने की परमिशन दी जाए। इससे पहले 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे बनाने की मंजूरी दी थी। लेकिन बिना कोर्ट की इजाजत NCR में बिक्री न करने की शर्त रखी थी। दिल्ली-एनसीआर में दिल्ली और उत्तर प्रदेश, राजस्थान और हरियाणा के 16 जिले आते हैं।



❒ दो घंटे ग्रीन पटाखे फोड़ने की परमिशन दी जाए, सुप्रीम कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा

दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 2020 में पहली बार दिल्ली में पटाखे फोड़ने पर बैन लगाया था। 2024 में दिवाली पर बैन का उल्लघंन होने के बाद कोर्ट ने दिल्ली में सभी तरह के पटाखों के निर्माण, भंडारण, बिक्री और फोड़ने पर रोक लगा दी। 19 दिसंबर 2024 को दिल्ली सरकार ने 2025 के पूरे साल पटाखों पर बैन का नोटिफिकेशन जारी किया था।

# अफगानिस्तान के काबुल में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक

एजेंसी, काबुल

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (TTP) के कई ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, एयरफोर्स ने TTP चीफ मुफ्ती नूर वली मेहसूद को मारने का दावा किया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महसूद पूर्वी काबुल में बने एक ठिकाने में मौजूद था। उसकी कार और गेस्टहाउस को निशाना बनाया गया। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि विस्फोट में किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। इधर टोलो न्यूज ने कहा है कि उसे महसूद का एक ऑडियो मैसेज मिला है, जिसमें उसने दावा किया है उन पर कोई हमला नहीं हुआ है। पाकिस्तान ने काबुल पर ऐसे वक्त में एयरस्ट्राइक की है जब, तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी 7 दिन के भारत दौरे पर आए हुए हैं। वे यहां पर 7 दिन रहेंगे।



**TTP का चौथा अध्यक्ष है मेहसूद:** नूर वली महसूद का जन्म 26 जून 1978 को पाकिस्तान के दक्षिणी वजीरिस्तान के गुड़गांव इलाके में हुआ था। वह पाकिस्तान के मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक है। मुल्ला फजलुल्लाह की मौत के बाद उसने संगठन की कमान संभाली। वह TTP का चौथा अध्यक्ष है। डिफेंस एक्सपर्ट्स के मुताबिक महसूद 2003 में एक जिहादी गुट में शामिल हुआ था। यह गुट पाकिस्तान के कबायली इलाकों में तालिबान शासन के समय उभरा था। फिर बाद में 2007 में बैतुल्लाह महसूद की अगुवाई में TTP का हिस्सा बन गया। साल 2013 तक नूर वली महसूद कराची में TTP की गतिविधियों की देखरेख करने लगा था। वह पूरे पाकिस्तान में आतंकवादी हमलों के लिए पैसे जुटाने के मकसद से जबरन वसूली और अपहरण के नेटवर्क का नेतृत्व करता था। उसने कराची में पश्तूनों को आदेश दिया था कि अपने विवाद वे TTP की 'तालिबान अदालतों' में सुलझाएं। जो लोग ऐसा नहीं करते थे, उन्हें हिंसा का सामना करना पड़ता था। ऐसा माना जाता है कि महसूद पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच इधर-उधर रहता था और उसके पास पाकिस्तानी नागरिकता है।

❒ टीटीपी चीफ को मारने का दावा, तालिबान सरकार बोली- कोई नुकसान नहीं, सब कंट्रोल में है

**पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा खतरा बना TTP:** 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से TTP ने पाकिस्तानी सुरक्षा बलों के खिलाफ गुरिल्ला युद्ध छेड़ रखा है। TTP को पिछले बारह साल में पाकिस्तान के लिए सबसे बड़ा आतंकवादी खतरा माना जा रहा है।पाकिस्तान का आरोप है कि TTP के लड़ाके सीमा पार अफगानिस्तान से ट्रेनिंग लेकर पाकिस्तान लौटते और हमला करते हैं। हालांकि तालिबान दावा करता है कि वह TTP का समर्थन नहीं करता। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर पीस स्टडीज के अनुसार, देश में आतंकवादी हमले 2015 के बाद सबसे ज्यादा हो गए हैं, और TTP इसकी मुख्य वजह है।

# अफगानिस्तान में फिर से दूतावास शुरू करेगा भारत

एजेंसी, काबुल

भारत फिर से अफगानिस्तान में अपना दूतावास शुरू करेगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने शुक्रवार को तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के साथ द्विपक्षीय बैठक में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि भारत काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास में बदलेगा। 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत ने दूतावास बंद कर दिया था। लेकिन एक साल बाद व्यापार, चिकित्सा सहायता और मानवीय सहायता की सुविधा के लिए एक छोटा मिशन खोला था। वहीं, तालिबान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी ने कहा कि अफगानिस्तान अपनी जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देगा।

**मुत्तकी बोले- भारत हमारा सबसे करीबी दोस्त:** मुत्तकी ने भारत और अफगानिस्तान के बीच ऐतिहासिक और सांस्कृतिक रिश्तों का भी जिक्र किया। उन्होंने भारत को करीबी दोस्त बताया, जो मुश्किल वक्त में अफगानिस्तान के साथ खड़ा रहा। हाल ही में हेरात प्रांत में आए भूकंप के बाद भारत ने सबसे पहले मानवीय मदद भेजी थी। उन्होंने कहा- भारत ने सबसे पहले मदद



की। हम भारत को करीबी दोस्त मानते हैं। दिल्ली में हुई जयशंकर और मुत्तकी की बैठक में किसी भी देश के झंडे का इस्तेमाल नही किया गया। दरअसल भारत ने अफगानिस्तान में अब तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है। मुत्तकी गुरुवार को एक हफ्ते की यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से दिल्ली तक यह पहली मंत्री स्तर की यात्रा है। जयशंकर ने कहा कि भारत को अफगानिस्तान के विकास में गहरी रूचि है। उन्होंने आतंकवाद से निपटने निपटने के लिए किए जा रहे साझा कोशिशों की भी तारीफ की। उन्होंने मुत्तकी से कहा कि हम भारत की सुरक्षा के प्रति आपकी संवेदनशीलता की सराहना करते

◆ तालिबान के विदेश मंत्री बोले- अपनी जमीन भारत के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने देंगे

हैं, पहलगाम आतंकी हमले के दौरान आपने जो समर्थन दिया, वह काबिलेतारीफ था।


जयशंकर ने कहा भारत, अफगानिस्तान की संप्रभुता, क्षेत्रीय अखंडता और स्वतंत्रता के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। इसे और मजबूत करने के लिए ही, मैं आज भारत के तकनीकी मिशन को भारतीय दूतावास के दर्जे तक बढ़ाने की घोषणा कर रहा हूं। मुत्तकी ने भारत को शुक्रिया कहते हुए कहा कि अफगानिस्तान में आए भूकंप में भारत सबसे पहले मदद पहुंचाने वाला देश था। अफगानिस्तान भारत को एक करीबी दोस्त मानता है। भारत ने अभी तक तालिबान-शासित अफगानिस्तान को आधिकारिक मान्यता नहीं दी है। इसी वजह से भारत ने तालिबान को अफगान दूतावास में अपना झंडा फहराने की अनुमति नहीं दी है। दूतावास में अभी भी इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ अफगानिस्तान का झंडा फहराया जाता है (यह वह शासन था जिसका नेतृत्व अपदस्थ राष्ट्रपति अशरफ गनी कर रहे थे)। अब तक यही नियम चला आ रहा है।

# हरियाणा आईपीएस सुसाइड केस- परिवार की सुरक्षा बढ़ाई

एजेंसी, चंडीगढ़

हरियाणा के सीनियर IPS अफसर वाई पूरन कुमार के सुसाइड केस में चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी, DGP शत्रुजीत कपूर और रोहतक SP नरेंद्र बिजारणिया सहित 15 अफसरों पर गुरुवार देर रात FIR दर्ज कर ली गई। चंडीगढ़ पुलिस की ओर से सुसाइड नोट को आधार बनाते हुए सेक्टर-11 थाने में 156 नंबर FIR भारत न्याय संहिता (BNS) की धारा 108, 3(5) और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(r) के तहत दर्ज की गई है।

हरियाणा के इतिहास में यह पहली बार है, जब किसी मामले में चीफ सेक्रेटरी और DGP सहित 14 पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों पर मामला दर्ज हुआ है। चंडीगढ़ पुलिस ने जांच के लिए IG पुष्पेंद्र कुमार की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय



SIT बना दी है।

हालांकि, IPS पूरन की IAS पत्नी अमनीत पी. कुमार ने इस FIR पर एतराज जताया है। उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस को एप्लिकेशन देकर कहा कि FIR में आरोपी अफसरों के नाम अलग से कॉलम में नहीं लिखे गए हैं। FIR को फिक्स फॉर्मेट में लिखा जाए। इसको लेकर उनकी चंडीगढ़ की SSP कंवरदीप कौर से हॉट टॉक भी हुई है। परिवार के राजी न होने से चौथे दिन भी पूरन का पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया है।

# पुलिस की पिटाई के बाद डीएसपी के साले की मौत

एजेंसी, भोपाल

भोपाल के पिपलानी थाना क्षेत्र में DSP के साले की मौत का मामला सामने आया है। आरोप है कि देर रात पार्टी के दौरान पुलिस ने युवक उदित की पिटाई की थी। इसका सीसीटीवी भी सामने आया है, घटना के बाद बेहोश हुए उदित को उसके दोस्तों ने एम्स अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस का कहना है कि युवक को घबराहट के चलते अटैक आया था। मामले में दो आरक्षकों संतोष बामनिया और सौरभ आर्य को निलंबित किया गया है। घटना के बाद एम्स अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। जोन 2 डीसीपी विवेक सिंह ने बताया कि पांच डॉक्टर की पैनल ने पोस्टमॉर्टम कर रही है। पीएम की वीडियोग्राफी कराई जा रही है। हत्या का केस दर्ज करने की तैयारी है। पुलिस के मुताबिक, पिपलानी निवासी



उदित पुत्र राजकुमार गायकी वीआईटी कॉलेज में बीटेक फाइनल ईयर का छात्र था। उसके पिता एमसीबी कर्मी और मां टीचर हैं। उसके बहनोई डीएसपी हैं और फिलहाल बालाघाट में पदस्थ हैं। उदित दोस्तों के साथ सी सेक्टर इंद्रपुरी में रात करीब ढाई बजे डांस कर हो हल्ला कर रहा था। इसी दौरान पुलिस टीम ने उदित और उसके दोस्तों को पकड़कर मारपीट की और थाने ले आए। परिजन का आरोप है कि उसके साथ थाने में भी मारपीट की गई, जिससे उसकी हालत बिगड़ गई, जिसके बाद पुलिस उसे एम्स अस्पताल ले गई। उधर, पुलिस का कहना है कि उसे थाने नहीं लाया गया था।

# आरएसएस प्रचारक से मारपीट, 5 आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी, मुलताई

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले के मुलताई में गुरुवार शाम को दो समुदायों के बीच हुए हंगामे के मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। कुल 30 लोगों पर केस दर्ज हुआ है। बैतूल एसपी वीरेंद्र जैन ने लापरवाही बरतने को लेकर देर रात दो सब इंस्पेक्टर निलंबित कर दिया है। वहीं, थाना प्रभारी को पहले ही लाइन अटैच कर दिया गया था। शहर में धारा 163 (144) लगाई गई है। आज सुबह मस्जिद से ऐलान किया गया कि लोग दो-दो करके जुमे की नमाज के लिए आए। भीड़ न लगाएं। दरअसल, मुलताई में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (RSS) के जिला प्रचारक शिशुपाल यादव के साथ कुछ लोगों ने मारपीट कर दी थी। इसके बाद हंगामा मच गया। दो समुदाय के लोग सड़क पर आमने-सामने आ गए। दोनों पक्षों जमकर मारपीट हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर मामला शांत कराया।

**रात में थाने का घेराव किया:** रात में आरएसएस प्रचारक से मारपीट के विरोध में लोगों ने थाने का घेराव कर दिया। जिन युवकों ने जिला प्रचारक के साथ मारपीट की, उनके घरों के सामने भी लोग जमा हो गए। प्रदर्शनकारी



आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। थाने के सामने तोड़फोड़ की। कई जगह ठेले पर लगी फलों की दुकानों को भी पलटा दिया।

**कलेक्टर और एएसपी मौके पर पहुंचे:** घटना की सूचना मिलने पर कलेक्टर नरेंद्र सूर्यवंशी और एएसपी कमला जोशी भी मुलताई पहुंचे। पांढुर्णा से भी अतिरिक्त पुलिस बल बुलाया गया। प्रदर्शनकारियों को समझाइश दी गई। देर रात प्रशासन ने शहर में धारा 163 लगा दी। ये धारा शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए लागू की जाती है।

**जिलेभर में पुलिस बल तैनात, स्कूलों की छुट्टी:** जिलेभर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई है। मुलताई में पुलिस बल तैनात किया गया है, जिसमें

बैतूल के मुलताई में 30 पर केस दर्ज, दो एसआई निलंबित

अमला, आठनेर, प्रभात पट्टन और बैतूल सहित आसपास के थानों से पुलिसकर्मी बुलाए गए हैं। शहर के मुख्य मार्गों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस तैनात की गई है। सभी निजी स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। घटना में पुलिस की भूमिका पर सवाल उठने के बाद एसपी बैतूल ने कार्रवाई की है। थाना प्रभारी देवकरण डहेरिया को लाइन अटैच किया गया। सब इंस्पेक्टर छत्रपाल धुर्वे और रघु काकुड़े को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों से अफवाहों पर ध्यान न देने और शांति बनाए रखने की अपील की है। आरएसएस प्रचारक शिशुपाल यादव ने बताया कि मैं शाम करीब 5:30 बजे अपनी मोटरसाइकिल से बाहर निकला था, तभी शाहरुख, शोहेल, आबिद और जुनेद ने मेरे रास्ते को रोका और गाली-गलौज कर मुझ पर और साथियों पर हमला कर दिया। उसने तलवार से वार किया, भवानी की सोने की चैन छीन ली और हमें जान से मारने की धमकी दी। मैं कार्रवाई की मांग करता हूं।

# गिल के शतक से भारत का विशाल स्कोर

## संक्षिप्त खबरें

### शुभंकर ने स्पेन में कट में जगह बनाई



**मैड्रिड।** भारत के शुभंकर शर्मा ने दूसरे दौर में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया जिससे वह यहां ओपन डी एस्पाना गोल्फ टूर्नामेंट के कट में जगह बनाने में सफल रहे। शर्मा के 36 होल के संयुक्त कुल स्कोर ने उन्हें मार्च 2025 में हीरो इंडियन ओपन के बाद पहली बार किसी 72 होल की प्रतियोगिता में अपना पहला कट हासिल करने में मदद की। यह 29 वर्षीय खिलाड़ी अगले सप्ताह डीपी वर्ल्ड इंडिया चैम्पियनशिप में भारत के शीर्ष दावेदारों में से एक होगा। वह अभी 61वें स्थान पर हैं। शर्मा ने अपना दूसरा राउंड पहले होल से शुरू किया लेकिन उन्होंने दूसरे होल में ही एक शॉट गंवा दिया। शर्मा ने 13वें और 16वें होल के बीच चार होल में तीन बर्डी बनाकर कट में जगह बनाई। मार्को पेंज (66-67) दूसरे दिन के बाद नौ अंडर पार के कुल स्कोर के साथ शीर्ष पर हैं।

### एमबाप्पे ने दिलाई फ्रांस को जीत, जर्मनी भी जीता

**पेरिस।** काइलियन एम्बाप्पे ने हाल ही में लगी टखने की चोट से उबरते हुए फ्रांस की विश्व कप क्वालीफाइंग में अजरबैजान पर 3-0 से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस स्टार फुटबॉलर ने एक गोल किया तथा एक अन्य गोल करने में मदद की जिससे फ्रांस ने यूरोपीय क्वालीफाइंग में लगातार तीसरा मैच जीत कर अपना शानदार रिकार्ड बरकरार रखा। एमबाप्पे ने इस तरह से फ्रांस की तरफ से 53 गोल कर लिए हैं और वह अपनी राष्ट्रीय टीम के लिए सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। उन्हें ओलिवियर गिरौड को पछाड़कर नंबर एक स्थान पर पहुंचने के लिए पांच गोल और करने की जरूरत है। एमबाप्पे को हालांकि मैच के अंतिम समय में विरोधी खिलाड़ी से टकराने के कारण लंगड़ाते हुए मैदान से बाहर जाना पड़ा। एक अन्य मैच में जर्मनी ने लक्जमबर्ग पर 4-0 से जीत हासिल कर वापसी की।

## भारत-वेस्टइंडीज दूसरा टेस्ट



**नई दिल्ली (भाषा)।** कप्तान शुभमन गिल के करियर के दसवें टेस्ट शतक और रविंद्र जडेजा की शानदार गेंदबाजी की मदद से भारत ने वेस्टइंडीज को बैकफुट पर भेजकर दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच के दूसरे दिन शनिवार को यहां एक और बड़ी जीत की उम्मीद जगा दी। भारत ने अपनी पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर समाप्त घोषित की। इसके जवाब में वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 140 रन बनाए हैं और वह भारत से अभी 378 रन पीछे है।

भारत ने अहमदाबाद में खेला गया पहला टेस्ट मैच पारी और 140 रन से जीता था और अगर यहां उसे फॉलोऑन देने का मौका मिलता है तो वह इससे नहीं हिचकिचाएगा। गिल पारी समाप्ति की घोषणा करके पहले ही संकेत दे चुके हैं कि वह जल्द से जल्द मैच समाप्त करना चाहते हैं। भारत की पारी के आकर्षण यशस्वी जायसवाल (258 गेंदों पर 175 रन) और कप्तान शुभमन गिल (196 गेंदों पर नाबाद 129 रन) के शतक रहे। इन दोनों के अलावा साई सुदर्शन (87) ने अर्धशतक बनाया। वेस्टइंडीज की ओर से बाएं हाथ के स्पिनर जोमेल वारिकन (98 रन देकर तीन विकेट) सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। वेस्टइंडीज की शुरुआत अच्छी नहीं रही तथा उसने जल्द ही अपना पहला विकेट गंवा दिया। सलामी बल्लेबाज जॉन कैंपबेल (10) जडेजा की गेंद पर लगाए गए अपने ज़ोरदार स्वीप शॉट के साई सुदर्शन के हाथों में चिपक जाने से पवेलियन लौटे। सुदर्शन ने खुद को बचाने की कोशिश की। गेंद उनके दाहिने हाथ पर

- भारतीय कप्तान गिल ने 196 गेंदों का सामना करते हुए 16 चौके और दो छक्के लगाए
- जडेजा ने वेस्टइंडीज का शीर्ष क्रम झकझोरा
- जवाब में वेस्टइंडीज ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक चार विकेट पर 140 रन बनाए

लगी और वहीं पर ठहर गई जिससे बल्लेबाज भी हैरान रह गया। वेस्टइंडीज ने तीसरे सत्र में कुछ समय के लिए अच्छा संघर्ष किया लेकिन इसके बाद उसने जल्द ही तीन विकेट खो दिए। जडेजा ने तेगनारायण चंद्रपाल (34) को केएल राहुल के हाथों कैच आउट कराकर एलिस अथांजे (41) के साथ उनकी दूसरे विकेट के लिए 68 रन की साझेदारी को तोड़ा। जडेजा ने इसके बाद वेस्टइंडीज के कप्तान रोस्टन चेज को अपनी ही गेंद पर कैच करके उन्हें खाता भी नहीं खोलने दिया। इस बीच कुलदीप यादव ने एलिस अथांजे को आउट किया। जडेजा ने 37 रन देकर तीन और कुलदीप ने 45 रन देकर एक विकेट लिया है। दिन का खेल समाप्त होने के समय शाई होप 31 और टेविन इमलाच 14 रन पर खेल रहे थे । गिल ने भारत की पहली पारी तब समाप्त घोषित कर दी जब ध्रुव जुरेल (79 गेंदों पर 44 रन) रोस्टन चेज की गेंद पर पुल करने की कोशिश में बोल्ड हो गए। गिल के पास दोहरा शतक पूरा करने के लिए पर्याप्त समय था, लेकिन कमजोर गेंदबाजी आक्रमण के सामने बड़ी पारी खेलना ज्यादा मायने नहीं रखता।

दूसरे सत्र में लगभग एक घंटा बीत चुका था और गिल को ड्रेसिंग रूम से संकेत मिला कि अब मेहमान टीम को बल्लेबाजी के लिए मैदान पर उतारने का समय आ गया है। भारतीय कप्तान ने 196 गेंदों का सामना करते हुए 16 चौके और दो छक्के लगाए और जुरेल के साथ पांचवें विकेट के लिए 102 रन जोड़े, जिन्होंने लंच के बाद तेज़ी से रन बनाने का फैसला किया। भारत ने दूसरे दिन 44.2 ओवर बल्लेबाजी की और कल के स्कोर दो विकेट पर 318 रन में 200 रन जोड़े। गिल ने अपना शतक खैरी पियरे की गेंद पर कट शॉट लगाकर बनाया जिससे उन्हें तीन रन मिले। पिछले सात टेस्ट मैचों में अपने पांचवें शतक और पिछले मैच में अर्धशतक के साथ उन्होंने दिखा दिया कि कप्तान बनने के बाद उनकी बल्लेबाजी में निखार आया है। इसके साथ ही गिल एक कैलेंडर वर्ष में पांच शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय कप्तान बन गए हैं। विराट कोहली ने 2017 और 2018 में दो बार यह कारनामा किया था। दिन की शुरुआत में जायसवाल दुर्भाग्यवश रन आउट हो गए, लेकिन गिल की एकाग्रता में कोई कमी नहीं आई। नीतीश कुमार रेड्डी (54 गेंदों पर 43 रन) को पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी के लिए भेजा गया था ताकि उन्हें क्रीज पर समय बिताने का पर्याप्त मौका मिले। उन्होंने वारिकन का तीसरा शिकार बनने से पहले तेजी से रन बनाए और गिल के साथ चौथे विकेट के लिए 17.1 ओवर में 91 रन जोड़े।

गिल ने अपनी पारी में कई आकर्षक शॉट लगाए। जब जेडन सील्स ने मिडिल लेग पर गेंद डाली तो गिल ने मिड-विकेट क्षेत्र में उसे फ्लिक किया। जब जस्टिन ग्रीव्स को आक्रमण पर लाया गया, तो उनकी गति की कमी के कारण गिल ने आगे बढ़कर मिड-विकेट के ऊपर से अपना पहला छक्का जड़ा। भारतीय कप्तान ने एंडरसन फिलिप पर भी लेग साइड में खूबसूरत चौका लगाया। इस तेज गेंदबाज पर लगाया गया उनका ऑन ड्राइव दर्शनीय था। रेड्डी ने भी अपने कौशल का अच्छा नमूना पेश किया।

## जूनियर विश्व कप हॉकी

## भारत ने सुल्तान जोहोर कप में ग्रेट ब्रिटेन को 3-2 से हराया

**जोहोर बाहरु (मलेशिया) (भाषा)।** कप्तान रोहित के दो गोल की मदद से भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को यहां ग्रेट ब्रिटेन पर 3-2 से जीत के साथ सुल्तान जोहोर कप में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। रोहित (45वें और 52वें मिनट) और रवनीत सिंह (23) ने भारत के लिए गोल किए जबकि माइकल रॉयडेन (26) और कैडेन ड्रेसी (46) ने ग्रेट ब्रिटेन के लिए गोल किए। पहले क्वार्टर में दोनों टीमों ने अंत तक रोमांचक हॉकी का प्रदर्शन किया लेकिन कोई भी टीम गोल नहीं कर सकी।



भारत को 13वें मिनट में दिन का पहला पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन ग्रेट ब्रिटेन ने यह खतरा टाल दिया। भारत ने गोल करने के अच्छे प्रयासों के साथ शानदार आक्रामक रुख दिखाया, लेकिन ग्रेट ब्रिटेन ने भी अपनी रक्षापंक्ति में मज़बूती दिखाई। भारत को 16वें मिनट में एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन ग्रेट ब्रिटेन के गोलकीपर ने बड़ी बहादुरी से उसे भी बचा दिया। भारत 22वें मिनट में गोल करने के करीब पहुंच गया था, लेकिन मनमीत सिंह के शॉट को ग्रेट ब्रिटेन के डिफेंस ने रोक दिया। भारत ने आखिरकार अगले ही मिनट में अपना पहला गोल कर दिया। गुरजोत सिंह ने दाईं ओर से सर्कल में ज़ोरदार दौड़ लगाई और ग्रेट ब्रिटेन की रक्षा पंक्ति को चीरते हुए दूर पोस्ट तक गेंद पहुंचाई, जहां रवनीत (23वें मिनट) ने शानदार अंदाज़ में गेंद को नेट में डाल दिया। ग्रेट ब्रिटेन ने हालांकि जल्द ही स्कोर बराबर कर दिया। कप्तान मैक्स एंडरसन ने दाईं ओर से दौड़कर गेंद को सेंटर में माइकल रॉयडेन (26वें मिनट) की ओर पास किया, जिन्होंने गोल करने में कोई गलती नहीं की। ग्रेट ब्रिटेन को 45वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन भारतीय गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह के शानदार बचाव के कारण वे इसका फायदा नहीं उठा सके। कुछ ही सेकंड बाद भारत को भी मैदान के दूसरे छोर पर पेनल्टी कॉर्नर मिला। रोहित ने इस मौके पर आगे बढकर शानदार ड्रैगफ्लिक से गोल करके भारत को फिर से बढत दिला दी। ग्रेट ब्रिटेन को 46वें मिनट में पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे कैडेन ड्रेसी ने गोल में बदलकर फिर से स्कोर बराबर कर दिया।

भारत ने क्रमशः 50वें, 51वें और 52वें मिनट में लगातार पेनल्टी कॉर्नर हासिल किए और हालांकि वे पहले दो मौकों का फायदा नहीं उठा सके, लेकिन रोहित ने तीसरे प्रयास में शानदार गोल करके भारत को जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला रविवार को न्यूज़ीलैंड से होगा।

## बोस और राल्टे भारतीय फुटबॉल टीम के शिविर में शामिल

**मडगांव (भाषा)।** सीनियर डिफेंडर सुभाशीष बोस और मिडफील्डर लालेंगमाविया राल्टे एशियाई कप क्वालीफायर में सिंगापुर के खिलाफ दूसरे चरण के अहम मैच से पहले शनिवार को भारतीय फुटबॉल टीम के शिविर में शामिल हुए। सिंगापुर में पहला चरण का मुकाबला 1-1 से ड्रा रहा था। भारत दूसरे चरण की मेजबानी गोवा में करेगा।

अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ (एआईएफएफ) ने 'एक्स' पर यह खबर पोस्ट की, ''सुभाशीष बोस और लालेंगमाविया राल्टे सिंगापुर के खिलाफ एएफसी एशियाई कप सऊदी अरब 2027 क्वालीफायर के अंतिम दौर के मैच से पहले गोवा में राष्ट्रीय शिविर में शामिल हो रहे हैं और आज से ट्रेनिंग शुरू करेंगे। ' 'भारत अपने पहले दो मैचों (इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ और हांगकांग से 0-1 से हार) में सिर्फ एक अंक हासिल करने के बाद सिंगापुर के खिलाफ 'डबल हेडर' मुकाबला खेल रहा है और यह क्वालीफिकेशन के लिए देश का भाग्य तय कर सकता है। भारत पिछले महीने सीएएफए नेशंस कप में कांस्य पदक जीतने के बाद सिंगापुर के खिलाफ मुकाबला खेल रहा है।

## आर्टिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट

## अनमोल खरब सेमीफाइनल में यामागुची से हारीं

**वंता (फिनलैंड) (भाषा)।** उभरती हुई भारतीय खिलाड़ी अनमोल खरब का आर्टिक ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट में शानदार सफर शनिवार को यहां सेमीफाइनल में तीन बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से हार के साथ खत्म हुआ। एशियाई टीम चैंपियनशिप 2024 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रही फरीदाबाद की 18 साल की इस खिलाड़ी ने दोनों गेम की शुरुआत में जापान की दिग्गज खिलाड़ी को चुनौती दी लेकिन ज्यादा देर तक लय बरकरार नहीं रख सकी। यामागुची ने 29 मिनट तक चले मैच को आसानी से 21-10, 21-10 से जीता।

यामागुची के सामने खिताबी मुकाबले में थाईलैंड की दो खिलाड़ियों के बीच होने वाले सेमीफाइनल के विजेता की चुनौती होगी। दूसरे सेमीफाइनल में बुसानन ओंगबामरुंगफान और दूसरी वरीयता प्राप्त रत्चानोक इंतानोन का मुकाबला होगा। खरब के लिए हालांकि सुपर 500 स्तर के टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने अपने अभियान के दौरान वेन ची ह्सू (विश्व रैंकिंग 32) और छठी वरीयता प्राप्त लिन ह्सियांग टी (विश्व नंबर 21) जैसी अनुभवी खिलाड़ियों को हराने के बाद डेनमार्क की एमिली शुल्ज को 21-15, 21-14 से हराकर अपने पहले सुपर 500 स्तर के टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया था। विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान




पर काबिज जापान की खिलाड़ी ने पहले गेम में 7-3 की बढत के साथ मजबूत शुरुआत की लेकिन खरब ने इस अंतर को 7-6 तक कम किया और फिर ब्रेक तक टक्कर देते हुए स्कोर को 11-9 रखा ।

यामागुची ने ब्रेक के बाद अगले 11 में ये 10 अंक जीत कर अपना दबदबा कायम किया। यामागुची ने दूसरे गेम में 7-3 की बढत के साथ मजबूत शुरुआत की लेकिन खरब ने इस अंतर को 11-9 तक कम किया। खरब 12-14 के स्कोर के साथ मुकाबले में बनी हुई थी लेकिन वह वापसी के लिए ज्यादा जोर लगाने के चक्कर में कई गलतियां कर बैठी और मुकाबला उनके हाथ से निकल गया। खरब इस वर्ष के शुरू में कैमरून इंटरनेशनल में उपविजेता रही थीं। उन्होंने बेल्जियम और पोलैंड में इंटरनेशनल चैलेंजर्स में भी जीत हासिल की थी। वह जापान की इस स्टार खिलाड़ी के खिलाफ मुकाबले से काफी सबक लेंगी।

## क्लच शतरंज लीजेंड्स प्रतियोगिता

## कास्पारोव ने आनंद को 13-11 से हराया




**सेंट लुई (अमेरिका) (भाषा)।** गैरी कास्परोव ने क्लच शतरंज लीजेंड्स प्रतियोगिता के 10वें गेम में विश्वनाथन आनंद को हराकर दो गेम शेष रहते मैच जीतकर 30 साल पहले का इतिहास दोहराया। वह 10 अक्टूबर 1995 का दिन था जब आनंद ने न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर की 107वीं मंजिल पर कास्पारोव के खिलाफ 20 गेम वाले क्लासिकल विश्व चैम्पियनशिप मैच में 18वें गेम में ड्रॉ खेला और 7.5-10.5 से हार गए। वर्तमान टूर्नामेंट में नियमों के अनुसार अंतिम दो बाजियां ब्लिट्ज़ टाइम कंट्रोल के तहत खेली गईं और आनंद ने दो जीत हासिल कीं, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और रूस के खिलाड़ी ने पहले ही अपनी जीत पक्की कर दी थी।

आखिर में स्कोर 13-11 से कास्पारोव के पक्ष में रहा। उन्होंने इस तरह से 78,000 अमेरिकी डॉलर की इनामी राशि जीती, जबकि आनंद ने 1,44,000 डॉलर के मुकाबले में 66,000 डॉलर अपने नाम किए। मैच के अंतिम दिन से पहले कास्पारोव ने पांच अंक की बढत ले रखी थी। आनंद के पास वापसी का मौका था, क्योंकि अंतिम दिन 12 अंक दांव पर लगे थे और प्रत्येक जीत तीन अंकों की थी। आनंद ने दिन की शुरुआत कड़े मुकाबले में ड्रॉ से की लेकिन अगला गेम हार गए। इससे कास्पारोव ने मैच अपने नाम कर लिया था, जबकि दो ब्लिट्ज गेम अभी भी बचे हुए थे। आनंद ने इन दोनों गेम में जीत हासिल की लेकिन इससे वह हार का अंतर ही कम कर पाए।

## आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के लिए दक्षिण अफ्रीका की मलाबा को फटकार

**विशाखापत्तनम (भाषा)।** दक्षिण अफ्रीका की स्पिनर नॉनकुलुलेको मलाबा को भारत के खिलाफ महिला वनडे विश्व कप मैच के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आचार संहिता के लेवल एक के उल्लंघन के लिए शनिवार को यहां फटकार लगाई गई और उनके खाते में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया। दक्षिण अफ्रीका ने गुरुवार को यहां भारत को तीन विकेट से हराया था। आईसीसी की मीडिया विज्ञप्ति में कहा गया है, ''मलाबा को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी स्टाफ के लिए आईसीसी आचार संहिता की धारा 2.5 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो किसी अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान बल्लेबाज के आउट होने पर अपमानजनक भाषा, कार्य या हावभाव का प्रयोग करने या आक्रामक प्रतिक्रिया से संबंधित है।'' यह घटना भारत की पारी के 17वें ओवर में घटी, जब मलाबा ने हरलीन देओल को आउट करने के बाद बल्लेबाज को पवेलियन लौटने का इशारा किया था। आईसीसी ने कहा, ''मलाबा को फटकार लगाई गई और उनके अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमेरिट अंक जोड़ दिया गया है, क्योंकि 24 महीने की अवधि में यह उनका पहला अपराध था।''



## नटाली साइवर ब्रंट का रिकॉर्ड शतक, इंग्लैंड ने बनाए नौ विकेट पर 253 रन

### महिला विश्वकप

**कोलंबो (भाषा)।** कप्तान नटाली साइवर ब्रंट (117 रन) ने आईसीसी महिला वनडे विश्व कप में रिकॉर्ड पांचवां शतक जड़कर इंग्लैंड को शनिवार को यहां श्रीलंका के खिलाफ ग्रुप मैच में नौ विकेट पर 253 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर बनाने में मदद की। श्रीलंका की गेंदबाजों के नियमित अंतराल पर विकेट झटकने के बावजूद साइवर ब्रंट डटी रहीं। बाएं हाथ की स्पिनर इनोका रणवीरा ने 10 ओवर में एक मेडन से 33 रन देकर तीन विकेट झटके। सुगंधिका कुमारी और उदेशिका प्रबोधनी ने दो दो विकेट झटके। साइवर ब्रंट ने 117 गेंद का सामना करते हुए नौ चौके और दो छक्के जड़े। महिला क्रिकेट के 50 ओवर के विश्व कप में किसी भी अन्य खिलाड़ी ने पांच शतक नहीं बनाए हैं। उन्होंने पिछले दो विश्व कप में दो-दो शतक लगाए थे।



साइवर ब्रंट एक छोर पर डटी रहीं और अंतिम ओवर में आउट हुईं। उनके अलावा टैमी ब्यूमोंट ने 32 और हीथर नाइट ने 29 रन का योगदान दिया। टूर्नामेंट के पहले मैच में भारत के खिलाफ चार विकेट लेने वाली रणवीरा ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए इंग्लैंड की बल्लेबाजों को लय में नहीं आने दिया। ऑफ स्पिनर कविशा दिलहारी ने आठ ओवरों में 34 रन देकर एक विकेट झटका और उनका अच्छा साथ दिया। साइवर ब्रंट जब तीन रन पर थीं, तब अनुभवी उदेशिका प्रबोधनी ने मिडविकेट पर उनका कैच टपका दिया। इंग्लैंड की कप्तान ने इस जीवनदान का पूरा फायदा उठाया और 57 गेंद में अर्धशतक पूरा किया और बाद में सुगंधिका कुमारी की गेंद पर एक्स्ट्रा कवर के ऊपर से छक्का लगाकर अपना 10वां शतक (महिला विश्व कप में रिकॉर्ड पांचवां शतक) पूरा किया। उनकी शानदार पारी का अंत अंतिम ओवर की पांचवीं गेंद पर हुआ। इंग्लैंड ने आखिरी पांच ओवरों में 49 रन बनाकर स्कोर में इजाफा किया।

बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही और पावरप्ले के अंदर ही दो विकेट गिर गए। इसके बाद साइवर ब्रंट और हीथर नाइट ने 74 गेंद में 60 रन की साझेदारी कर पारी को संभाला। यह साझेदारी खतरनाक दिख रही थी लेकिन इनोका ने नाइट का अहम विकेट झटक लिया। श्रीलंका ने घड़ी में सिर्फ एक सेकेंड बाकी रहते अपना अंतिम रिव्यू लिया। रीप्ले में नाइट के आउट होने की पुष्टि हुई। इनोका ने 35वें ओवर में वापसी करते हुए दो विकेट लेकर मेडन ओवर डाला। उन्होंने एम्मा लैम्ब (13) को बोल्ड किया और फिर एलिस कैप्से को आउट किया। इनोका इस तरह टूर्नामेंट में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाली गेंदबाज बन गईं। सोफिया डंकले (18 रन) दिलहारी के शानदार रिटर्न कैच का शिकार हुईं जिससे इंग्लैंड ने 30वें और 40वें ओवर के बीच सिर्फ 34 रन पर तीन विकेट गंवा दिए। रन रेट चार रन प्रति ओवर से नीचे गिर गया। चार्ली डीन के रिवर्स स्वीप ने सात ओवर के बाउंड्री के सूखे को खत्म किया।

### स्कोर बोर्ड

**इंग्लैंड पहली पारी :**

| | |
|---|---|
| एमी जोंस रन आउट | 11 |
| टैमी ब्यूमोंट का गुणरत्ने बो. कुमारी | 32 |
| हीथर नाइट का. विहंगा रणवीरा | 29 |
| नैट साइवर ब्रंट का सिल्वा बो. प्रबोधनी | 117 |
| सोफिया डंकले का एवं बो. दिलहारी | 18 |
| एम्मा लैंब बो. रणवीरा | 13 |
| एलिस कैप्से स्ट संजीवनी बो. रणवीरा | 00 |
| चार्ली डीन का विहंगा बो. प्रबोधनी | 19 |
| सोफी एक्लेस्टोन स्ट संजीवनी बो. कुमारी | 03 |
| लिन्से स्मिथ नाबाद | 05 |
| लॉरेन बेल नाबाद 01 अतिरिक्त : | 05 |

**कुल :** 50 ओवर में नौ विकेट पर 253 रन
विकेट पतन : 1-24, 2-49, 3-109, 4-146, 5-168, 6-168, 7-206, 8-216, 9-252,
**गेंदबाजी :** उदेशिका प्रबोधनी 9-0-55-2 सुगंधिका कुमारी 10-0-66-2 चामरी अटापट्टू 5-0-21-0 इनोका रणवीरा 10-1-33-3 देवमी विहंगा 8-0-42-0 कविशा दिलहारी 8-0-34-1

## ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए भारत कितना बेकरार है, हमें पता है : हीली

**विशाखापत्तनम (भाषा)।** ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली जानती हैं कि रविवार को महिला विश्व कप में भारत उनकी टीम को हराने के लिए कितना बेताब है, लेकिन उन्होंने कहा कि वे मेजबान टीम पर अपना दबदबा कायम करने के लिए पूरी तरह से दृढ संकल्प है। भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका से मिली हार के बाद गत विजेता के खिलाफ इस मुकाबले में उतर रही है। भारत के शीर्ष क्रम ने अब तक शुरुआती तीनों मैचों में संघर्ष किया है।




हीली ने 'जियोस्टार' से कहा, ''भारत और ऑस्ट्रेलिया इन दिनों एक-दूसरे के साथ काफी खेलते हैं, इसलिए प्रतिद्वंद्विता वास्तव में बढ गई है। हम जानते हैं कि भारत ऑस्ट्रेलिया को हराने के लिए कितना बेताब है। हम भी यहां अपना दबदबा बनाने के लिए उतने ही बेताब हैं। पिछले कुछ वर्षों में यह मुकाबला कड़ा होता गया है।'' ऑस्ट्रेलिया इस मुकाबले में जीत का दावेदार होगा लेकिन हीली ने कहा कि घरेलू परिस्थितियां भारत के लिए मददगार होंगी। उन्होंने कहा, ''यह मेरे लिए नयी बात है कि लोग हमें इस टूर्नामेंट का प्रबल दावेदार मानते हैं। मुझे लगता है कि भारत को अपने घरेलू मैदान पर ट्रॉफी जीतनी चाहिए। वे अपनी परिस्थितियों में काफी सहज हैं और हमें चुनौती देने के लिए बेहतरीन स्थिति में हैं।'' हीली को हालांकि खिताब बरकरार रखने का भरोसा है।

उन्होंने कहा, ''यहां आने से पहले मुझे याद दिलाया गया था कि ऑस्ट्रेलिया भारत में कभी विश्वकप नहीं हारा है, इसलिए कोई दबाव नहीं है। 2013 विश्व कप की मेरी बहुत अच्छी यादें हैं, जहां मैं 'क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया' में 'ड्रिंक्स रनर' थी।'' भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर ने कहा कि आक्रामक बने रहना किसी भी मुकाबले को जीतने की कुंजी है और वे मजबूत ऑस्ट्रेलियाई टीम को चुनौती देने के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने कहा, ''मेरा मानना है कि अगर आप आक्रामक नहीं हैं तो आप हमेशा बैकफुट पर रहते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलने से हमारा सर्वश्रेष्ठ सामने आता है क्योंकि वे हमारी क्षमता की परीक्षा लेते हैं। ऑस्ट्रेलिया को हराना हमेशा चुनौतीपूर्ण और खास होता है। मुझे ही नहीं, बल्कि मेरी सभी साथी खिलाड़ियों को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेलना पसंद है।''

भारतीय उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने ऑस्ट्रेलिया की ऑलराउंडर एलिस पेरी के साथ अपनी लंबे समय से चली आ रही मैत्रीपूर्ण प्रतिद्वंद्विता के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ''मेरे और एलिस पेरी के बीच की जंग तब तक जारी रहेगी जब तक हम दोनों में से कोई एक रिटायर नहीं हो जाता। कई बार मैं उनके खिलाफ बड़ा शॉट मारुंगी और कई बार वह मुझे आउट कर देंगी।'' उन्होंने कहा, ''एलिस पेरी इस खेल की दिग्गज हैं। फ्रैंचाइजी क्रिकेट में उन्हें खेलते हुए देखने से खिलाड़ी के तौर पर मुझमें बहुत कुछ बदलाव आया है।''ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज बेथ मूनी ने भी भारत के मजबूत पक्ष और मंधाना की प्रशंसा की। उन्होंने कहा, ''भारत इस समय काफी संतुलित टीम है। उनके पास स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा और राधा यादव जैसी बेहतरीन स्पिनर हैं। टीम में युवा और अनुभवी खिलाड़ियों का अच्छा मिश्रण है।''

उन्होंने कहा, ''स्मृति खेल को शानदार तरीके से संभालती है, बेहतरीन क्रिकेट शॉट खेलती है। वह एक अविश्वसनीय खिलाड़ी है। इसमें कोई शक नहीं कि वह बल्ले से आगे बढकर नेतृत्व करेगी और मुझे उम्मीद है कि वह पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करेगी। वह पुल शॉट बहुत अच्छा खेलती है, लेंथ का सही चुनाव करती है।''

## फेनेस्टा ओपन में डबल्स के चैम्पियन बने लखनऊ के कौस्तुभ सिंह

**नई दिल्ली।** डीसीएम श्रीराम लिमिटेड द्वारा समर्थित तथा ऑल इंडिया टेनिस एसोसिएशन एवं दिल्ली लॉन टेनिस एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित फेनेस्टा ओपन भारत की सबसे बड़ी डोमेस्टिक टेनिस चौम्पियनशिप है, जिसमें देश भर से शीर्ष पायदान के दावेदार हिस्सा लेते है।

फेनेस्टा ओपन प्रतियोगिता डीएल.टी.ए. में 6 अक्टूबर से 11 अक्टूबर तक आयोजित की गई जिसमें लखनऊ के कौस्तुभ सिंह ने आयु वर्ग अंडर 14 डबल्स का खिताब अपने नाम कर लिया। कौस्तुभ इस समय अंडर 14 में भारत के नंबर 1 खिलाड़ी है कौस्तुभ के डबल्स के पार्टनर राजस्थान के विवान मिर्धा बने जो की इस समय भारत के नंबर 2 के खिलाड़ी है। कौस्तुभ और विवान ने फर्स्ट राउंड में मनोदीप देव (wb) . पुनीथ देव WB) से 9.6 से क्वार्टर फाइनल में सर्वदन्य सरोड़े (MH) स्मित उन्दरे (MH) से 9.7 सेमी फाइनल में अर्श कथुरिया (DL)- चंदोग्या त्रिदीव पाठक( AS) से 6.3, 6.4 से जीत कर फाइनल मुकाबले में प्रवेश किया। फाइनल राउंड में 4जी सीड आर. महेश (KA) अर्जुन मणिकंदन(KA) से हुआ जिसको 7-6(2), 6.1 से जीत कर डबल्स का खिताब अपने नाम किया। कौस्तुभ सिंह प्ले एन फिट टेनिस एकेडमी के कोच मोहम्मद उबैद से ट्रेनिंग लेते है। मो.उबैद ने बताया कि कौस्तुभ अपने अगले नेशनल टूर्नामेंट की तैयारी में लग गए है।



स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक अमरदीप शर्मा के लिए जैमन प्रिंटर्स प्रा. लि. रोड नं. 14 पी विश्वकर्मा इंडस्ट्रियल एरिया जयपुर, 302013 से मुद्रित एवं एफ- 43 गोविंदम टावर ,करधनी कालवाड़ रोड जयपुर से प्रकाशित। प्रधान कार्यालय:- एफ- 43 गोविंदम टावर करधनी कालवाड़ रोड जयपुर 302012 (राज.) संपादक अमरदीप शर्मा । राजस्थान मीनू सेन प्रबंध संपादक सीकर मो: नंबर 8619639447